वर्ष- 11 अंक-144
लखनऊ, गुरुवार 11 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





गंगा में गंदगी मिली तो कार्यदाई संस्थाएं होंगी बर्खास्त, अधिकारी जाएंगे जेल 03

लोकार्पित परियोजनाओं के कार्यान्वयन से बुनियादी ढांचे में होगा सुधार : गडकरी 12


## संक्षिप्त समाचार

### सांसद केसिनेनी नानी ने लोकसभा से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश की विजयवाड़ा सीट से सांसद केसिनेनी नानी ने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया है। वह तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) छोड़ वाईएसआर कांग्रेस में शामिल होने जा रहे हैं। वे आज वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख एवं मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी से मिले। इस्तीफा देने के बाद ट्वीट कर उन्होंने इसकी जानकारी दी और कहा, मैंने विजयवाड़ा लोकसभा की सदस्यता से अपना इस्तीफा अध्यक्ष ओम बिरला को ईमेल के माध्यम से सौंप दिया है और उनसे मेरा इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जगन रेड्डी से सार्थक शिष्टाचार भेंट हुई। हमारे राज्य की प्रगति और विकास से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

### ईडी ने विधायक रविंद्र को पूछताछ के लिए 17 को बुलाया

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने शिवसेना (यूबीटी) के विधायक रविंद्र वायकर को समन भेजकर 17 को पेश होने का आदेश दिया है। ईडी की ओर से यह समन जोगेश्वरी में कथित 500 करोड़ रुपये के जमीन घोटाले के संबंध में जारी किया गया है। मंगलवार को ईडी के 12 अधिकारियों की टीम ने विधायक रविंद्र वायकर और उनके पार्टनर के घर और दफ्तरों पर छापेमारी की थी। हालांकि अभी तक ईडी की टीम की ओर से कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन बताया जा रहा है कि कई महत्वपूर्ण कागज और दस्तावेज ईडी के हाथ लगे हैं। इन्हीं कागजपत्रों के आधार पर ईडी की टीम रविंद्र वायकर से पूछताछ करने वाली है।

### चारमीनार एक्सप्रेस के तीन डिब्बे बेपटरी, छह घायल

**हैदराबाद ।** तेलंगाना में हैदराबाद के नामपल्ली रेलवे स्टेशन पर बुधवार की सुबह चारमीनार एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गये जिससे छह यात्री घायल हो गये। दक्षिण मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राकेश ने बताया कि चेन्नई से हैदराबाद आ रही ट्रेन क्रमांक नंबर 12760 चारमीनार एक्सप्रेस नामपल्ली स्टेशन के पास पहुंची थी। इसी दौरान ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर गये। घटना में छह लोग घायल हुए हैं जिन्हें सिकंदराबाद के लालागुडा रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच के बाद सामने आयेगा। परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने संबंधित अधिकारियों को घायल यात्रियों को बेहतर इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिये हैं।

### जनता के लिए 23-29 तक बंद रहेगा राष्ट्रपति भवन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन ने बुधवार को बताया कि गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी-2024 के कारण आम जनता के लिए राष्ट्रपति भवन (सर्किट-1) का दौरा 23 से 29 जनवरी तक बंद रहेगा। राष्ट्रपति भवन इससे पहले गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह की रिहर्सल के कारण 13 से 27 जनवरी के बीच प्रत्येक शनिवार को होने वाली रस्मी गार्डों की अदला-बदली (चेंज ऑफ गार्ड) समारोह को भी स्थगित करने की सूचना जारी कर चुका है। यह समारोह एक सैन्य परंपरा है, जिसमें राष्ट्रपति भवन के गार्ड समय-समय पर बदले जाते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10वें वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान कहा

# सुधारों का परिणाम है दृढ़ अर्थव्यवस्था

एजेंसी

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को विश्वास जताया कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में स्थान बना लेगा और भारतीय अर्थव्यवस्था की आज दिख रही मजबूती उनकी सरकार के 10 साल के बुनियादी आर्थिक सुधारों का परिणाम है।

श्री मोदी 10वें वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने सम्मेलन में दुनियाभर से जुटे राजनेताओं, नीति-नियामकों और उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक भरोसेमंद भागीदार है और दुनिया इसे स्थिरता के एक मजबूत स्तंभ



के रूप में देख रही है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत का बैंकिंग क्षेत्र आज दुनिया के सबसे मजबूत बैंकिंग क्षेत्रों में से एक है। सरकार ने 40 हजार से अधिक औपचारिकताओं को खत्म कर भारत में कारोबार करना आसान बनाया है तथा माल और सेवा कर (जीएसटी) के लागू करने से करों का जाल खत्म हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि भारत में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के विविधीकरण का एक अच्छा वातावरण बना है। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से हो रहे विस्तार के बारे में कहा, दस साल पहले भारत 11वें स्थान पर था, आज दुनिया की हर प्रमुख रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि देश कुछ वर्षों में दुनिया की शीर्ष-3 अर्थव्यवस्थाओं में आ जाएगा। दुनिया के लोग जो विशेषण करते रहें, मेरी गारंटी है कि यह होकर रहेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ऐसे समय में जब विश्व अनेक अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है, भारत विश्व में आशा की एक नई किरण बनकर के उभरा है। भारत की प्राथमिकताएं बिल्कुल स्पष्ट हैं। आज स्वस्थ उद्योग, अवसंरचना और विनिर्माण भारत की प्राथमिकता है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार नए दौर के कौशल, भविष्य की प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआई) और नव-प्रवर्तन को बढ़ावा दे रही है। देश ग्रीन हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा और सेमीकंडक्टर उद्योग को प्रोत्साहन करने के लिए पारिस्थितिकी तंत्रिका विकास कर रहा है।

### मोदी की राष्ट्राध्यक्षों के साथ बातों से दूरगामी राजनीति के संकेत



**गांधीनगर।** वाइब्रेंट गुजरात समिट के उद्घाटन मौके पर आए यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद को बीच कार्यक्रम से ही रवाना होना पड़ा। गांधीनगर के महात्मा मंदिर में उद्घाटन समारोह में यूएई के राष्ट्रपति ने अपना भाषण दिया, इसके थोड़ी देर बाद वे रवाना हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्हें बाहर तक छोड़ने गए। बाद में प्रधानमंत्री ने यूएई के साथ भारत के संबंधों पर विस्तार से बात की। उनकी बातचीत में राजनीतिक दूरदर्शिता के साथ भारत के वैश्विक मंच पर दमदार भूमिका निभाने का स्पष्ट संकेत साफ-साफ नजर आया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाइब्रेंट समिट में यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के नेतृत्व में यूएई के सहयोगी होने पर आनंद व्यक्त करते हुए कहा कि इस समिट के मुख्य अतिथि के रूप में यूएई के राष्ट्रपति की उपस्थिति दोनों देशों के बीच दिनों-दिन मजबूत हो रहे आत्मीय संबंधों का प्रतीक है।

## महाराष्ट्र में शिंदे समेत 16 की विधायकी बरकरार

एजेंसी

**मुंबई।** शिवसेना में टूट के 18 महीने और 18 दिन बाद महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर ने मुख्यमंत्री शिंदे समेत उनके गुट के 16 विधायकों की सदस्यता बरकरार रखी है। स्पीकर ने शिंदे गुट को ही असली शिवसेना बताया। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने बुधवार शाम 5.11 से 6.57 तक कुल 106 मिनट (1 घंटा 46 मिनट) में 1200 पेज के फैसले से चुनिंदा अंश पढ़े।

सुप्रीम कोर्ट ने 14 दिसंबर 2023 को इस मामले में आखिरी सुनवाई की थी। तब स्पीकर के लिए फैसला लेने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर से बढ़ाकर 10 जनवरी कर दी थी। यानी सुप्रीम कोर्ट में आखिरी सुनवाई के 28वें दिन स्पीकर ने अपना फैसला सुनाया।विधायकों की सदस्यता बहाल रहने का फैसला आने के बाद शिवसेना कार्यालय बाला साहेब भवन के बाहर जश्न शुरू हो गया है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के बाहर एकनाथ शिंदे जिंदाबाद के नारे लगाना शुरू कर दिए हैं। शिंदे गुट के चीफ भरत गोगावले ने इनको अपात्र करार देने की याचिका लगाई थी। स्पीकर राहुल नार्वेकर ने विधायकों की अयोग्यता की याचिका खारिज कर दी। इस पर फैसला सुनाते हुए उन्होंने कहा कि जब पार्टी में बंटवारा हुआ था उस समय शिंदे के समर्थन में 37 विधायक थे। उन्होंने यह भी कहा कि एकनाथ शिंदे नियमानुसार पार्टी के नेता बने। 21 जून को ही एकनाथ शिंदे पार्टी के नेता बन गए थे।

### सीएम योगी ने दिवंगत भाजपा विधायक के घर पहुंच दी श्रद्धांजलि



**शाहजहांपुर।** दिवंगत भाजपा विधायक मानवेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि देने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके पैतृक गांव ढकिया परवेजपुर पहुंचे। सीएम योगी ने यहां मानवेंद्र सिंह के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान दिवंगत बीजेपी विधायक के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बता दें कि लिवर की बीमारी से ग्रस्त ददरौल से बीजेपी विधायक मानवेंद्र सिंह का पांच जनवरी को दिल्ली में इलाज के दौरान निधन हो गया था। इसके बाद दिवंगत विधायक के बड़े बेटे अरविंद सिंह से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक मानवेंद्र सिंह हमारे परिवार के सदस्य थे। उनके निधन से बीजेपी परिवार को अपूर्णनीय क्षति हुई है।

## आदेश : लखनऊ के स्कूलों में अब 14 जनवरी तक रहेगा अवकाश

▸ जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने जारी किया आदेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में सरकारी व निजी विद्यालय 14 जनवरी तक बंद रहेंगे। ये अदेश कक्षा एक से 8 विद्यायलों पर लागू होगा। जबकि कक्षा नौ से लेकर 12 स्कूलों के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। इस संबंध में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने आदेश जारी किया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि उनकी ओर से जारी आदेश की प्रामणिकता के लिए जनपद की वेबसाइट पद पर चेक किया जा सकता है। आदेश का कड़ाई से



पालन करना होगा। वहीं कक्षा-9 से कक्षा-12 के विद्यार्थियों के लिए जिन विद्यालयों में कक्षाए संचालित की जा रही है। उनका समय प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे के मध्य ही रखा जाएगा।

इसके साथ ही ऐसे विद्यार्थियों की कक्षाओं में ठण्ड से बचाव के लिए पर्याप्त प्रबन्ध करने की जिम्मेदारी विद्यालय प्रबन्धन की होगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक कक्ष में तापमान सामान्य बनाए रखने हेतु हीटर आदि का प्रयोग किया जाएगा। विद्यार्थियों को बाहर खुले में नहीं बैठाया जाएगा। विद्यार्थियों के यूनीफार्म पहनने की बाध्यता को समाप्त किया गया है और यह सलाह दी जाती है कि ऐसे गर्म कपड़े जो ठण्ड से बचाव करने में सक्षम हों उन्हें पहनकर ही विद्यार्थी विद्यालय जाए। जहां सम्भव हो, वहां विद्यालयों द्वारा कक्षाओं का संचालन ऑनलाइन माध्यम से कराया जा सकता है। इसके अलावा यह अवकाश मात्र स्टूडेंट्स के लिए अनुमन्य है। टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ के लिए नियोक्ता व प्रबन्धक द्वारा अपने स्तर से निर्णय लिया जायेगा।

### भाजपा और आरएसएस का कार्यक्रम है प्राण-प्रतिष्ठा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण अस्वीकार कर दिया है। कांग्रेस ने साफ तौर पर कहा है कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उसके नेता शामिल नहीं होंगे। राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को दिया गया था। हालांकि, कांग्रेस ने साफ तौर पर कहा है कि यह भाजपा और आरएसएस का कार्यक्रम है। इसलिए हम इसमें शामिल नहीं हो रहे हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मंदिर के नाम पर राजनीतिकरण हो रहा है। कांग्रेस ने कहा कि ससम्मान पूर्वक न्योता अस्वीकार कर रहे हैं। अधीर रंजन चौधरी भी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस की ओर से दावा किया गया है कि चुनावी लाभ के लिए इस तरीके का समारोह कराया जा रहा है।

### नायडू को तीनों मामलों में मिली अग्रिम जमानत

**अमरावती।** टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू को आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उन्हें हाई कोर्ट ने तीन मामलों में अग्रिम जमानत दे दी है। जस्टिस टी. मल्लिकार्जुन राव की बेंच ने बुधवार को यह आदेश दिया। कोर्ट ने चंद्रबाबू को हिदायत दी है कि वे इस दौरान जांच को प्रभावित करने वाली टिप्पणियां नहीं करेंगे। एक सप्ताह के भीतर एक-एक लाख रुपये के दो बेल बांड दाखिल करने होंगे। कोर्ट ने पूछताछ के लिए सीआईडी को 48 घंटे पहले नोटिस देकर याचिकाकर्ताओं की जांच करने का निर्देश दिया है। आंध्र प्रदेश सीआईडी ने इनर रिंग रोड, रेत और शराब मामलों में अनियमितताओं के लिए चंद्रबाबू के खिलाफ मामले दर्ज किए थे और बाद में उनकी गिरफ्तारी हुई। तेलुगु देशम के नेता चंद्र बाबू ने अग्रिम जमानत के लिए हाई कोर्ट में 3 अलग-अलग याचिकाएं दायर कीं थी। बहस पूरी होने के बाद आज हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है।

## देवरिया में 85 शिक्षक बर्खास्त एफआईआर दर्ज, होगी रिकवरी

▸ फर्जी प्रमाणपत्रों के सहारे हासिल की थी नौकरी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के विभिन्न प्राइमरी स्कूलों में तैनात 85 शिक्षकों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इतना ही नहीं सभी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है।

धांधली की जांच बेसिक शिक्षा विभाग और एसटीएफ ने मिलकर की थी जिसमें फर्जी प्रमाण पत्रों के सहारे 85 से अधिक शिक्षकों ने नौकरी हासिल कर ली थी। लंबी जांच पड़ताल के दौरान 85 फर्जी शिक्षकों पर कार्रवाई हुई है और कई अन्य टीचरों पर भी तलवार लटकी है। इन




सभी फर्जी शिक्षकों ने सरकार से करीब 25 करोड़ रुपये से अधिक की सैलरी ली है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव के मुताबिक सभी शिक्षकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है और 25 करोड़ रुपये से अधिक की आरसी जारी कर दी गई है। जल्द ही इसमें व्यापक स्तर पर और कार्रवाई की जाएगी। बीएसए ने बताया कि जिन शिक्षकों ने यह नौकरी हासिल की है, उनमें से सभी के प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए हैं। यह मामला 1999 से लेकर अब तक हुई भर्तियों का है।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास ने पदाधिकारियों ने औरंगजेब का पुतला फूंका

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के पदाधिकारी द्वारा बुधवार मथुरा में होली गेट पर क्रूर शासक औरंगज़ेब के पुतले को गधे पर बैठा कर जूते-चप्पल की माला पहनाया। उसे शहर में घुमाया गया और जूतों से पीटा गया। उसके बाद पुतला दहन कर उसे गंदी नाली में फेंका गया। श्री कृष्ण जन्मभूमि का केस लड़ रहे दिनेश शर्मा ने कहा कि इस क्रूर शासक की वजह से हिंदू-मुस्लिम बीच की खाई आगे बढ़ी है, यदि ये क्रूर शासक हमारे हिंदुओं के मठ-मंदिरों पर अवैध कब्जा नहीं करता तो हिंदुओं को न्यायालय में नहीं भटकना पड़ता। उन्होंने कहा कि मैं औरंगजेब की आत्मा को जो वायुमंडल में होगी, उससे कहना चाहता हूं कि अब योगी-मोदी का शासन है, अब आकर देख ले, अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बन चुका है और श्री राम लला 22 जनवरी को मंदिर के गर्भगृह में विराजमान होने वाले हैं।

## खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित करने की माँग अपनी आपत्ति व्यक्त की, जिसमें पूर्व जेएनयू छात्र कार्यकर्ता उमर खालिद द्वारा दायर जमानत याचिका भी शामिल है। सबसे पहले खालिद की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली पीठ से निर्धारित सुनवाई को अगले सप्ताह के लिए टालने का अनुरोध किया। इस पीठ में न्यायमूर्ति पंकज मिथल भी शामिल हैं।

न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने वरिष्ठ वकील से कहा, हम कोई स्थगन नहीं देंगे। सिब्बल ने बताया कि उन्होंने इसलिए स्थगन का अनुरोध किया कि वह संवैधानिक पीठ में सुने जाने वाले मामलों में व्यस्त हैं। पीठ ने कहा कि मामले में सुनवाई की आवश्यकता है क्योंकि खालिद, जिस पर दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश के मामले में सख्त आतंकवाद विरोधी कानून के तहत आरोप लगाया गया है, वह सलाखों के पीछे है। हालांकि सिब्बल और अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा बार-बार समझाने के बाद पीठ ने स्थगन के अनुरोध को स्वीकार कर लिया और मामलों के पूरे बैच की सुनवाई 24 जनवरी को तय की। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि वह अगली तारीख पर स्थगन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं करेगी।

### अंसारी को हाईकोर्ट से बडा झटका, नहीं रद्द होगा केस

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी के खिलाफ 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए आपराधिक मुकदमा और आरोप पत्र रद्द करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, अब्बास अंसारी की याचिका निस्तारित करते हुए न्यायमूर्ति राजबीर सिंह ने निचली अदालत द्वारा छह जनवरी, 2023 को जारी समन को दरकिनार करते हुए निचली अदालत को कानून के मुताबिक नए सिरे से समन जारी करने का आदेश पारित करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया आईपीसी की धारा 171 एच के तहत कोई मामला नहीं बनता है। चुनाव के संबंध में अवैध भुगतान दंडनीय अपराध है। इसलिए, आरोप पत्र या संपूर्ण मुकदमे को रद्द करने का कोई मामला नहीं बनता है। मऊ जिले के दक्षिण टोला पुलिस थाना में अब्बास अंसारी और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि 22 फरवरी, 2022 को अब्बास अपने समर्थकों के साथ कई वाहनों से चुनाव प्रचार के लिए निकले थे। चूंकि चुनाव आचार संहिता लागू थी, इसलिए उनसे इन वाहनों के पास प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वह कोई पास प्रस्तुत करने में विफल रहे।

## जीएसटी चोरी में दवा व्यापारियों से 14.18 करोड़ रुपए की वसूली

▸ आय कम दिखा और कागजों में हेर-फेर पर विभाग ने पकड़ी गलती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जीएसटी चोरी करने वाले दवा कारोबारियों से स्टेट जीएसटी से 14.18 करोड़ रुपए वसूले है। विभाग के डाटा एनालिसस में यह बात सामने आई है। जांच में यह बात सामने आई कि दवा कारोबारी साल 2020-21 के बाद लगातार कम टैक्स दे रहा था। उसके बाद विभाग की तरफ से जांच तेज की गई।

इसमें चार साल की चोरी पकड़ी गई। अलग-अलग साल को जोड़ते हुए कारोबारी से जीएसटी अधिकारियों ने 14.18 करोड़ रुपए की वसूली कर ली है। विभाग के अधिकारी अरूण शंकर राय ने बताया कि शुरू में कारोबारी और फर्म वास्तविक करदेयता स्वीकार नहीं कर रहा था। उसके बाद मौके पर जांच करने वाली टीम को भेजा गया। सर्वेक्षण के लिए उपायुक्त विजय पाल सिंह को प्रापर आफिसर बनाते हुए भेजा गया। जांच में यह तथ्य प्रमाणित हो गया कि वित्तीय वर्ष 20-21, 21-22, 22-23 में जीएसटी जमा नहीं किया गया। उसके बाद मौके पर अलग-अलग साल के हिसाब से कारोबारी ने 2.40 करोड़ , 5.11 करोड़, 1.18 करोड़ और 5.49 जमा किया गया। अभी तक विभाग के पास कारोबारी की तरफ से 14.18 करोड़ रुपए जमा करा दिया गया है।

### आधी-अधूरी तैयारियों के बीच होगा माघ मेला का पहला स्नान

**प्रयागराज।** 15 जनवरी को 'मकर संक्रांति के पहले स्नान पर्व के साथ माघ मेला 2024 का शुभारंभ हो जायेगा मगर पहले स्नान में श्रद्धालुओं को आधी-अधूरी तैयारियों और अव्यवस्थाओं के बीच में आस्था की डुबकी लगानी होगी। माघ मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद ने दावा किया कि माघ मेला की तैयारी अपने नियत समय पर पूर्ण होगी। मेला क्षेत्र में सभी विभाग पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य कर रहा है। उनके कार्य लगभग पूर्ण होने के कगार पर हैं। कल्पवासियों और स्नानार्थियों के स्नान कराने की व्यवस्था समय से पहले कराई जाएगी। प्रसाद का कहना है कि माघ मेला कल्पवासियों और साधु-संत का होता है। हमारा भरसक प्रयास होता है कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधाओं से रू-ब-रू नहीं होना पड़े।

बढ़ती ताकत

स्टारलाइनर दृष्टि-10 यूएवी जल्द ही नौसेना और सेना में होगा शामिल

## नौसेना को मिला पहला स्वदेशी लॉन्ग एंड्योरेंस दृष्टि-10 यूएवी

▸ अडानी डिफेंस ने यूएवी कॉम्प्लेक्स में किया है विकसित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने बुधवार को पहला स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस दृष्टि-10 यूएवी नौसेना को सौंप दिया। इसे अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज ने हैदराबाद स्थित यूएवी कॉम्प्लेक्स में निर्मित किया है। हर्मीस यूएवी पर आधारित स्टारलाइनर दृष्टि-10 यूएवी जल्द ही नौसेना और सेना में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया



में चल रहे संघर्ष और उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद यह यूएवी विकसित करके नौसेना को सौंपा जाना महत्वपूर्ण है।

नौसेना प्रमुख ने कहा कि अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज में पहले स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस यूएवी की प्रगति का जायजा लेने और समीक्षा करने के लिए आपके बीच आना वास्तव में सम्मान और गर्व की बात है। दृष्टि-10 अनुबंध के बाद केवल 10 महीनों में अपने नाम के अनुरूप यह यूएवी दिन की रोशनी देख चुका है।

उन्होंने कहा कि समसामयिक दुनिया के तेजी से विकसित हो रहे और गतिशील तकनीक से जुड़े युद्धों में स्वायत्त प्रणालियों के महत्व पर जोर देने की कोई आवश्यकता नहीं है।

हम अपने घरों में बैठे-बैठे यूरोप और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्षों में उनके प्रभाव को देखते रहते हैं। इसके अलावा उत्तरी अरब सागर में हाल की घटनाएं इस तरह की प्रणालियों के आतंकवादियों के हाथों में पड़ने पर उत्पन्न होने वाली चुनौतियां दर्शाती हैं।

### इन खूबियों से लैस है दृष्टि-10 यूएवी

उन्होंने आज नौसेना को सौंपे गए दृष्टि-10 यूएवी की खूबियों के बारे में बताया कि अत्याधुनिक सेंसर, उन्नत सहनशक्ति, उन्नत संचार क्षमताओं के साथ-साथ स्वचालित टेक ऑफ और लैंडिंग (एटीओएल) जैसी नई पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों के साथ इंटेलिजेंस, निगरानी और विश्वसनीयता बढ़ेगी। दृष्टि-10 आकाश में हमारी तीसरी आंख बन सकता है, जिससे हमारी नौसेना भारत पर बुरी नजर डालने की हिम्मत करने वाले किसी भी व्यक्ति पर निशाना साधने में सक्षम होगी। मुझे विश्वास है कि दृष्टि-10 यूएवी भारत के राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए हमारे भविष्य के नौसैनिक अभियानों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और हिंद महासागर क्षेत्र में हमारे दोस्तों और भागीदारों के सहयोग से समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

# फिल्मी अंदाज में युवक को बाइक पर उठा ले गए शराबी, घर ले जाकर मारा-पीटा

▸ पुलिस को आता देख पड़ोसी के कहने पर युवक को छोड़ा, पहुंची पीआरवी ने परिजनों के किया सुपुर्द



**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

खीरी थाना क्षेत्र के गांव हरैया निवासी बाइक सवार दो युवक शराब के नशे में सोमवार को एनएच 730 के सिसैया चौराहे पर देर सायं सरिया सीमेंट की दुकान पर मजदूरी कर रहे कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के गांव मैला निवासी युवक को फिल्मी अंदाज में बाइक पर बैठाकर रफूचक्कर हो गए।

जिसकी सूचना युवक के चाचा से पाकर तत्काल मौके पर पहुची पीआरवी 2887 ने उनका पीछा शुरू कर दिया। जिसकी जानकारी होते ही बाइक सवार युवकों ने युवक को अपने घर ले जाकर मारपीटकर पड़ोसी के हस्तक्षेप के बाद छोड़कर भाग निकले,जहां से युवक को लाकर पीआरवी ने परिजनों को सौंप दिया है,वही अचानक हुई घटना के बाद घबराए परिवार ने दूसरे दिन युवक को थाने ले जाकर बाइक सवारों के खिलाफ़ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

एनएच 730 के सिसैया चौराहे पर हुई अजीबोग़रीब घटना प्रकाश में आने के बाद क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं शुरू हो गई है। पीड़ित परिवार की माने तो सोमवार को सायं करीब 6 बजे कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के गांव मैला मजरा कलुआपुर निवासी चंदन जो चौराहे पर सरिया सीमेंट की एक दुकान पर मजदूरी कर घर आने की तैयारी कर रहा था उसी समय थाना खीरी क्षेत्र के गांव हरैया व सैदापुर निवासी शेरा पुत्र हरपाल सिंह व विशाल पुत्र अज्ञात अचानक बाइक से आकर चंदन पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस के पास ले जाने की बात कह फिल्मी अंदाज में बाइक पर लादकर अपने घर हरैया ले गए। जिसकी जानकारी होते ही मजदूर चंदन के चाचा रामलाल पुत्र केशवराम निवासी मैला ने 112 को सूचना दी,जहाँ से इवेंट मिलते ही पीआरवी 2887 पर तैनात आरक्षी वर्चस कुमार व मुख्य आरक्षी सर्व देव यादव घटना स्थल पर पहुचकर कॉलर से जानकारी लेकर बाइक का पीछा शुरू कर दिया।

इस दौरान बाइक सवार शेरा व विशाल को जब आभाष हो गया कि उनके घर पुलिस आ रही है,तो दोनों युवक को छोड़ कर रफ़ूचक्कर हो गए। जहां शेरा के पड़ोसी व पीआरवी 2861के सहयोग से चंदन को हरैया से बरामद कर सिपाही वर्चस व मुख्य आरक्षी सर्व देव यादव चंदन को लाकर परिजनों को सौप दिया। अचानक हुई घटना के बाद से चंदन समेत पूरा परिवार गहरे सदमें में आ गया,जिसके चलते मंगलवार को परिजन डरे सहमे चंदन को ईसानगर थाने पर ले जाकर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

इस दौरान पीड़ित चंदन ने बताया कि दोनों लोग पहले तो रास्ते मे रोककर मारापीटा फिर अपने घर में बन्द कर पीटना शुरू कर दिया जहां शेरा के एक पड़ोसी ने उसे किसी तरह बचाकर पहुचीं पुलिस के जरिए उसे घर भिजवाया था। उपनिरीक्षक सुनील कुमार तिवारी कहना है कि मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर आरोपियों ने भी तहरीर दी है जिसकी गहनता से जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### अजीबोगरीब मामले को लेकर तरह-तरह चर्चाएं

अब सवाल यह उठता है कि जब मामला मोबाइल चोरी का था तो बगैर पुष्टि किए आरोपी बाइक सवार मजदूरी कर रहे युवक को सिसैया चौराहे पर ही स्थित पुलिस चौकी पर न ले जाकर करीब 40 किलोमीटर दूर अपने घर क्यो ले गए?

फिर जब वहां पड़ोसी समेत पीआरवी 2861 ने हस्तक्षेप किया तो युवक को छोडकर दोनों भागे क्यों? फ़िलहाल कुछ भी हो इस अजीबोग़रीब मामले को लेकर मैला समेत सिसैया चौराहे पर बाइक सवार युवकों को लेकर तरह तरह चर्चाएं व्याप्त है। जिसमें कुछ लोगों का कहना यह भी है कि इतनी सायं को दोनों युवक सिसैया में क्या कर रहे थे। इस तरह के न जाने कितने सवाल लोगों के जेहन में व्याप्त है अब इन सवालों का जबाब लोगों को पुलिस की जांच के बाद ही पता चल सकेगा।

# पुलिस गस्त की खुली पोल, देशी शराब की दुकान का टूटा ताला




▸ शराब व नगदी सहित 25 हजार की चोरी

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना भीरा क्षेत्र में इस समय वारदातो का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। चोर उचक्को को पुलिस का जरा भी खौफ नही रहा। चोरों ने पुलिस गस्त की पोल खोल कर रख दी।

बताते चलें थाना भीरा क्षेत्र की पुलिस चौकी पड़रिया तुला से चन्द कदम की दूरी पर देशी शराब की दुकान का ताला तोड़कर चोर उसमे रखी नकदी सहित शराब चुरा ले गए।

देशी शराब दुकान के मालिक अमरीश त्रिपाठी के द्वारा पुलिस को तहरीर दी गई जिसमे दर्शाया गया करीब 25 हजार रुपए की चोरी हुई है।

> तहरीर मिली है लेकिन ये लोग कार्रवाई नहीं चाहते हैं, हमने सीसीटीवी फुटेज चेक की है। फुटेज के हिसाब से मामला संदिग्ध है। शराब भट्टी 25000 रु के घाटे में चल रही है और 25000 की ही चोरी बताई जा रही है। क्लियर बात नहीं आ रही हैं। पैसा कहां रखा था जिस दराज में बताया सीसीटीवी के अनुसार उसमे पैसा रखा ही नही गया था। फिलहाल हम जांच कर रहे हैं जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा।
> **संदीप यादव, पड़रिया तुला चौकी प्रभारी**

## खबरें एक नजर में

### दुकान से लाखों का गल्ला व नगदी चुरा ले गए चोर

**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।** गल्ला व्यापारी की दुकान से चोर ने लाखों रुपए का गल्ला और नगदी चोरी कर लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस को दी सूचना पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। मैगलगंज थाना क्षेत्र के चपरतला में अलियापुर रोड निवासी रामसनेही गुप्ता गल्ला की खरीदारी करते थे। राम सनेही के मुताबिक इनकी दुकान में कई माह से सरसों और तिल लगी हुई थी। बाजार भाव कुछ काम हो गया था इसलिए व्यापारी ने अपनी दुकान में ही लगा रखा था। मंगलवार की रात्रि को दुकान के ऊपर सेंध लगाई गई इसके रास्ते लगभग 5 कुंतल तिल, सरसों और 3000 की नगदी चोर चोरी कर ले गए। व्यापारी से जानकारी में पता चला कि तिल का भाव इस समय 12 हजार रूपए प्रति कुंतल है। बता दे मैगलगंज थाना क्षेत्र में लगातार चोरी और डकैती की घटनाएं हो रही है।

### ससुर ने दहेज को लेकर बहु को पीटा

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना गोला कस्बा चौकी अंतर्गत मोहल्ला हफीजपुर से एक मामला सामने आया है जिसमे महिला आसिया बानो ने अपने ससुर पर मारपीट का आरोप लगाया है,आसिया का कहना है उसका निकाह 2 वर्ष पूर्व मोहल्ला हफीजपुर से किया गया था। आरोप है की उसका पति अपने भाई जाहिद अली पुत्र फैजुल्ला, शाहिद, अरमान, अनवर, आसिफ, व हतशान, पुत्र गण के साथ मिलकर आये दिन उसको प्रताड़ित करता है। पीड़िता ने बताया कि उससे एक लाख रुपये व मोटरसाइकिल की मांग करते है मना करने पर मार पीट करते है। बुधवार की दोपहर 2 बजे ससुर ने लाठी डंडा से मारा पीटा पड़ोसियों की मदद से उसकी जान बच पाई। पीड़िता का चार महीने का बच्चा भी है। फिलहाल पीड़िता ने शिकायत गोला कोतवाली में तहरीर के माध्यम से की है और न्याय की गुहार लगाई है। कस्बा चौकी इंचार्ज सुनील कुमार सिंह ने बताया कि दोनो पक्षों को थाने बुलवाकर कार्यवाही की जाएगी।

### गन्ना मूल्य निर्धारित व गन्ना भुगतान को लेकर सौंपा गया ज्ञापन



**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।** अमनदीप सिंह संधू प्रदेश महासचिव की अगुआई में गोला उपजिलाधिकारी रत्नाकर मिश्र को मुख्यमंत्री के लिए कई मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। किसानो का कहना है कि गन्ना सत्र 2023–24 को प्रारंभ हुए दो महीने से अधिक हो गए हैं, परंतु अभी भी उत्तर प्रदेश में गन्ना मूल्य निर्धारण का कार्य नहीं किया गया है। जबकि अन्य राज्यों में यह पहले ही हो चुका है। अतः महंगाई व बढ़ती खेती लागत को ध्यान में रखते हुए तत्काल ही गन्ना का भाव प्रति कुंतल 450 रुपए का निर्धारण कर इसकी घोषणा की जाए। इसके साथ ही न्यायालय के निर्देशानुसार गन्ना आपूर्ति के 14 दिन के भीतर गन्ना मूल्य का भुगतान करने की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अमनदीप सिंह सन्धु ने कहा कि किसानों को अर्थाभाव में अत्यंत परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। इस मौके पर अमनदीप सिंह संधू प्रदेश महासचिव , जिला प्रवक्ता बलबीर सिंह, जिला सचिव जितेंद्र पटेल, सुधीर यादव, मनोज कुमार, रोहित कुमार, धीरज सिंह ,बादाम सिंह, नरेंद्र सिंह ,अंकित कुमार , अश्विनी यादव , राकेश वर्मा ,उत्तम सिंह, अनूप यादव , सुरेंद्र कुमार वर्मा, सिद्धार्थ आदि किसान मौजूद रहे।

### एसपी ने थाना नीमगांव का किया औचक निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** 10 जनवरी 2024 को पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना नीमगांव का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख–रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई। लंबित विवेचनओं का गुण दोष के आधार पर समयबद्ध विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। इसी के साथ महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा–निर्देश दिए गए। साथ ही किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के दृष्टिगत नियमित रूप से प्रभावी गश्त करने के निर्देश दिए गए।

### बंशीदास कुटी के महंत की बीमारी के कारण मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** नगर में 20 वर्षो से बंशीदास कूटी पर रह रहे एक 55 वर्षीय महंत की बीमारी के कारण आज सुबह मौत हो गई। नगर के लिल्हौरा वार्ड में स्थित बंसीदास कूटी में पिछले 20 वर्षो से रह रहे महंत राकेश शुक्ला पुत्र राम लखन शुक्ला का आज कई दिनों से बीमार होने के कारण आज निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पाकर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बंशीदास कूटी से जुड़े तमाम भक्तों ने कूटी पर आकर महंत के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किए। सरल सौम्य व्यवहार होने के कारण सुबह शाम बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग आकर उनके पास बैठते उठते थे। दोपहर बाद औशानेश्वर घाट पर उनके शुभचिंतकों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार कर दिया गया। पूर्व सांसद बैजनाथ रावत, नगर अध्यक्ष आलोक तिवारी, पंकज मिश्रा, रामशरण मौर्य, सभासद हरिराम रावत, गुड्डू तिवारी, संभू बाजपेई, दीपू तिवारी, नितिन मौर्य, लाल बाजपेई, आशुतोष शुक्ला, नागेन्द्र मिश्रा, उत्तम तिवारी, महेंद्र मिश्रा, आदि लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

## क्षेत्राधिकार अरुण कुमार सिंह ने किया थाने का औचक निरीक्षण

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को मोहम्मदी क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने उचौलिया थाने का निरीक्षण किया जिसमें लंबित विवेचनाओं को पूर्ण करने व गैंगस्टर और वांछित चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

रजिस्टर चैक किए, असलहों के रख-रखाव के निर्देश दिए। थाने की बैरक में साफ सफाई को लेकर विशेष ध्यान देने के साथ साथ फालोअर को भी स्वच्छ तरीके से भोजन बनाने के लिए कहा। थाने में वांछित चल रहे अपराधियों की धरपकड़ को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिए।

# खेत में पानी भर जाने के विवाद में 35 वर्षीय युवक की गला काट कर हत्या

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के गांव शहीद पुर में खेत में पानी भर जाने के विवाद में 35 वर्षीय युवक की गला काट कर हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार ग्राम शहीद पुर निवासी पंकज वर्मा ने अपने खेत में सिंचाई करते समय चक मार्ग पर पानी भर गया पानी भर जाने से पड़ोसी रामप्रसाद के खेत में भी पानी पहुंच गया था जिसको लेकर विपक्षी राम प्रसाद तथा उसका पुत्र नीरज वर्मा ने एक राय होकर पंकज को खेत में ही गिराकर धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पाकर थाना मितौली प्रभारी निरीक्षक राजू राव एवं उप निरीक्षक आशुतोष पांडे ने मौके पर पहुंचकर मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद शाहा ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए तत्काल प्रभाव से अभियुक्तो को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश जारी किए गए।

# किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना भीरा की बिजुआ पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय किशोरी अपने भाई के साथ दिन में खेत की रखवाली कर रही थी तभी किसी काम से युवती का भाई घर चला गया।

बताते है तभी उधर से गुजर रहे एक युवक ने उससे छेड़ छाड़ शुरू कर दी। आरोप है कि युवक उसे गन्ने के खेत में खींच कर ले जाने लगा तब बालिका ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर खेतों में मौजूद लोग वहां पहुंचे तब तक आरोपी भाग गया। पीड़िता के परिजनों ने मामले की लिखित तहरीर थाने में दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कारवाही शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी सहित दो अन्य लोगो को हिरासत मे ले लिया। दो समुदाय का मामला होने के कारण सूचना मिलते ही देर रात पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा ने भीरा पहुंचकर किशोरी और परिवार वालों से बातचीत कर परिजनों से कहा दोषी किसी भी कीमत में बक्से नही जायेगे।

> एक युवक के खिलाफ तहरीर मिली है जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। किशोरी का मेडिकल कराया जा रहा है, आरोपी हिरासत में है,दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी करवाई की जाएगी।
> **ब्रजेश कुमार, भीरा कोतवाली प्रभारी**

# 20 वर्षीय पुत्री के अपहरण की पिता ने पुलिस में दी तहरीर

▸ पिता का आरोप... एफआईआर दर्ज करने के बजाय पुलिस तहरीर बदलने का बना रही दबाव

**मोहम्मदी/लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** जनपद लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत परीक्षा देकर घर वापस आ रही छात्रा के अपहरण का एक मामला प्रकाश में आया है। छात्रा के पिता ने पुलिस में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

पीड़ित व छात्रा के पिता का आरोप है कि 24 घंटे बीत जाने के बावजूद भी बजाए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने के पुलिस लगातार तहरीर बदलने का दबाव बना रही है। थाना मोहम्मदी क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी अपहृत लड़की के पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री अपने भाई के साथ परीक्षा देकर विद्यालय से घर को वापस आ रही थी। तभी रास्ते मे अचानक मुंह पर मास्क लगाए कार से उतरकर चार अज्ञात बदमाशो ने जबरन उसकी पुत्री का अपहरण कर लिया और उसके 11 वर्षीय पुत्र को धक्का देकर रोड के किनारे गिरा दिया। जैसे–तैसे उसका 11 वर्षीय पुत्र रिक्शा कर जब घर पहुंचा तो पूरी बात उसने अपने पिता को बताया जिस पर पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने बताया कि उसको आशंका है कि अज्ञात अपहरण कर्ता उसकी पुत्री के साथ अनैतिक कार्य कर सकते हैं या उसकी हत्या भी कर सकते हैं। पीड़ित का आरोप है कि मोहम्मदी पुलिस को घटना से संबंधित 9 जनवरी 2024 को तहरीर दी थी लेकिन समाचार लिखे जाने तक 24 घंटे बीतने के बाद भी बजाए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने के पुलिस लगातार तहरीर बदलने का दबाव बना रही है।

> क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी अरुण सिंह ने बताया कि मामले से संबंधित मुझे जानकारी नहीं है यदि जानकारी मिलेंगी तो कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम मोदी की गारंटी गांव-गांव पहुंचकर लोगों को योजनाओं से जोड़ रही : सुनील सिंह

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गांव- गांव पहुंचकर वंचितों को सीधे योजनाओं के लाभ से जोड़ने का काम कर रही है। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा समाज के अंतिम छोर पर बसे हर नागरिक तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जन कल्याणकारी योजनाओं का सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना है उक्त उद्गार आज विकास क्षेत्र त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत भिलवल गाँव स्थित नेहरू मेमोरियल इंटर कॉलेज प्रांगण में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर भाजपा नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ने व्यक्त किए।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार किसने की सरकार है इसीलिए किसानों को सम्मान निधि का लाभ गरीबों को वर्ष में 5 लाख का आयुष्मान कार्ड से मुक्त इलाज निःशुल्क राशन उज्ज्वला योजना पेंशन सहित कई जन कल्याणकारी योजनाएं चलाकर समाज के सभी तबके का विकास बिना भेदभाव के किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को पूर्व ब्लॉक प्रमुख द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित करने के साथ उनकी गोद भराई कराई गई। भारत को विकसित व आत्मनिर्भर देश बनाने के लिए सभी को मुख्य अतिथि द्वारा पंचप्रण की सपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। ग्राम प्रधान भिलवल एवं प्रधान संघ अध्यक्ष प्रहलाद शरण जायसवाल एवं ग्राम पंचायत सचिव श्वेता मिश्रा ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत कर उनके प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज वर्मा प्रधान सराय पांडे विजय बहादुर सिंह राम यश विक्रम हेमंत यादव राम सजीवन यादव सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी कार्यक्रम में मौजूद रहे।


## लखनऊ मंडल में ट्रैक दोहरीकरण एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 'ट्रेन हैंडलिंग प्लान'

आधारिक अवसंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु उत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ मंडल में बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-जफराबाद सेक्शन के तुलसी नगर-मालीपुर-जाफरगंज (17.336 किमी.) सेक्शन पर दोहरीकरण कार्य के संबंध में प्री नॉन- इंटरलॉकिंग एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कार्य के संपादन हेतु रेलवे द्वारा दिनांक 11.01.2024 से 20.01.2024 तक विभिन्न अवधियों के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, ब्लॉक्स की अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अस्थाई रूप से प्रभावित रहेंगी:-

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि(याँ) (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 13009 हावड़ा–योगनगरी ऋषिकेश दून एक्स. | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 15 से 19.01.2024 तक |
| 13010 योगनगरी ऋषिकेश–हावड़ा दून एक्स. | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 15 से 19.01.2024 तक |
| 13307 धनबाद–फिरोजपुर गंगा सतलुज एक्स. | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 15 से 19.01.2024 तक |
| 13308 फिरोजपुर–धनबाद गंगा सतलुज एक्स. | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 15 से 19.01.2024 तक |
| 13151 कोलकाता–जम्मू तवी एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 15 से 19.01.2024 तक |
| 15934 अमृतसर–न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 19.01.2024 |
| 18103 टाटा नगर–अमृतसर जलियाँवाला बाग एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 15 एवं 17.01.2024 |
| 18104 अमृतसर–टाटा नगर जलियाँवाला बाग एक्सप्रेस | लखनऊ– मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 12, 17 एवं 19.01.2024 |
| 15636 गुवाहाटी–ओखा द्वारका एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 15.01.2024 |
| 15668 कामाख्या–गांधीधाम बीजी एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 17.01.2024 |
| 15623 भगत की कोठी–कामाख्या एक्सप्रेस | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़–वाराणसी जं. | 16.01.2024 |
| 22103 लोकमान्य तिलक (ट)–अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस | प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़–अयोध्या कैंट | 15.01.2024 |
| 15715 गरीब नवाज एक्सप्रेस | शाहगंज जं.–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ | 16 एवं 19.01.2024 |
| 15716 गरीब नवाज एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–शाहगंज जं. | 18.01.2024 |
| 9466 साबरमती एक्सप्रेस विशेष | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–शाहगंज जं. | 15.01.2024 |
| 12226 कैफियत एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–शाहगंज जं. | 19.01.2024 तक |
| 13238 कोटा–पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जफराबाद | 18 एवं 19.01.2024 |
| 13483 मालदा टाउन–दिल्ली जं. फरक्का एक्स. | जफराबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 16, 17 एवं 19.01.2024 |
| 13484 दिल्ली जं.–मालदा टाउन फरक्का एक्स. | लखनऊ–सुलतानपुर–जफराबाद | 16, 18 एवं 19.01.2024 |
| 14017 सद्भावना एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 18.01.2024 |
| 14018 सद्भावना एक्सप्रेस | लखनऊ– सुलतानपुर–जफराबाद | 17.01.2024 |
| 15025 मऊ–आनन्द विहार (ट) एक्सप्रेस | शाहगंज जं.–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ | 14.01.2024 |
| 13509 आसनसोल जं.–गोंडा जं. एक्सप्रेस | मऊ–गोरखपुर जं.–गोंडा जं. | 16.01.2024 |
| 13510 गोंडा जं.–आसनसोल जं. एक्सप्रेस | गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–मऊ | 17.01.2024 |
| 14649 जयनगर–अमृतसर सरयू यमुना एक्स. | छपरा–गोरखपुर जं.–बाराबंकी | 16 एवं 19.01.2024 |
| 14650 अमृतसर–जयनगर सरयू यमुना एक्स. | बाराबंकी–गोरखपुर जं.–छपरा | 15 एवं 17.01.2024 |

रेलगाड़ियों का पुनर्निर्धारण

रेलगाड़ी संख्या 19166 दरभंगा ज.–अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस दिनांक 17.01.2024 को दरभंगा से 04.35 बजे की जगह 05.35 बजे (60 मिनट विलम्ब से) पुनर्निर्धारित होकर चलेगी।

रेलगाड़ी संख्या 12225 कैफियत एक्सप्रेस दिनांक 17.01.2024 को आजमगढ़ से 16.25 बजे की जगह 17.25 बजे (60 मिनट विलम्ब से) पुनर्निर्धारित होकर चलेगी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in | रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा – हमारा ध्येय | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें | 122/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पारिजात पर हुआ प्रदेश अध्यक्ष राजू भैया का स्वागत

▸ पीड़ा सह कर समाज की पीड़ा दूर करता है पत्रकार : राजू भैया

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए कृष्ण कुमार द्विवेदी( राजू भैया) का पारिजात इन्फो सॉल्यूशंस पर राहुल दीक्षित की अगवाई में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर तमाम लोग उपस्थित थे।

स्वागत के दौरान बोलते हुए राजू भैया ने कहा कि तमाम शुभचिंतकों एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा किया जा रहा मेरा स्वागत मुझे बल प्रदान कर रहा है ।ऐसे में मेरा प्रयास होगा कि मैं संगठन के अध्यक्ष पद का निर्वाहन पारदर्शिता के के साथ कर सकूं ।उन्होंने कहा कि आजादी के बाद आज तक चौथे स्तंभ को वह सम्मान जिम्मेदारों ने नहीं दिया ।जिसका वह हकदार है। राजू भैया ने कहा कि समाज एवं दूसरे पीड़ित लोगों की खबर को लिखने वाला पत्रकार स्वयं में एक खबर की माफिक होता है। जिससे सभी लोग बेखबर होते हैं। ऐसे में पत्रकारों के स्वाभिमान की रक्षा करना मेरा दायित्व है। जबकि समाज में सृजनात्मक एवं रचनात्मक वातावरण को स्वस्थ पत्रकारिता से मजबूत करना मेरा धर्म है। पारिजात के मुखिया राहुल दीक्षित ने कहा कि कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया की ताजपोशी हैदरगढ़ के लिए गर्व का विषय है ।श्री भैया प्रदेश अध्यक्ष के पद का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे ऐसा हम सभी को विश्वास है। युवा अधिवक्ता रवि तिवारी एवं विभोर गुप्ता ने कहा कि राजू भैया अनुभवी तथा बेबाक पत्रकारों में से एक है ।उन्होंने समाज के लिए भी बहुत संघर्ष किया है ।ऐसे में उनका अध्यक्ष बनना उनकी मेहनत का प्रतीक है। इस दौरान उपस्थित तमाम लोगों ने राजू भैया को माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से प्रधान बब्लू सिंह, प्रधान आशाराम वर्मा, विष्णु शुक्ला बृजेश शुक्ला, सौरभ शुक्ला, प्रशांत मिश्रा, टिल्लू यादव, मो शाकिर, अजय सिंह, प्रदीप तिवारी, राजीव कुमार, मोहम्मद सद्दाम आदि लोग उपस्थित थे।

## अलाव न जलने से लोग परेशान

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत सिद्धौर ख्वाजा पुर मार्ग पर स्थित काशीराम कॉलोनी में शीत लहरी ठंड के बावजूद नगर पंचायत द्वारा अलाव न जलाए जाने से कॉलोनी के नागरिकों को ठंड से जहां परेशान हैं। वहीं नगर पंचायत द्वारा शिकायत के बावजूद भी अलाव की व्यवस्था न कराए जाने से कॉलोनी वासियों में काफी आक्रोश है। नगर पंचायत सिद्धौर के पूरे मक्का वार्ड में स्थित काशीराम कॉलोनी में शीत लहरी ठंड की हवा चलने से कॉलोनी वासी ठंड से परेशान हैं। वार्ड की सभासद मोनी यादव सहित कॉलोनी के लोगों का कहना है ।कि नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से अलाव जलवाने की मांग की गई ।लेकिन कोई ध्यान न दिए जाने से कॉलोनी वासी परेशान है।

# रामलला की किलकारियों के साक्षी दशरथ महल को योगी सरकार ने संवारा

## सरकार की प्रतिबद्धता ने कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त कर दिया नया रूप, दशरथ महल की वर्षों तक हुई अनदेखी

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** चाहे वाल्मीकि रामायण हो, महान कवि तुलसीदास कृत रामचरित मानस हो या चलचित्र के आधुनिक रूपांतरण रामानंद सागर कृत रामायण ही क्यों न हो, रामलला के बाल्यकाल के सुलभ हठ, किलकारियां, हंसने-मुसकुराने, रोने-मनाने की लीलाओं का संबंध जिस महल के प्रांगण से था, त्रेतायुग से लेकर आज तक भी वह यथावत है। 22 जनवरी को रामलला अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे, तो उसी सुकोमल राजपुष्प के कदमों की आहट एक बार फिर सुनने के पूर्व



दशरथ महल का यह प्रांगण भाव विह्वल हो उठा है। उन सरकारों से क्या उम्मीद की जाए, जो कभी सुप्रीम कोर्ट में राम के अस्तित्व पर ही सवाल उठा दिया करती थीं।

### 22 के पहले पूरा होगा प्रवेश द्वार व सत्संग भवन का काम

दशरथ महल में रैनबसेरा, यात्री सहायता केंद्र, प्रवेश द्वार व सत्संग भवन का कार्य कराने के लिए धन अवमुक्त किया गया था। रैन बसेरा, यात्री सहायता केंद्र का कार्य 2023 में पूर्ण हो चुका है। प्रवेश द्वार भी लगभग पूर्णता की ओर है। पहले यहां सत्संग भवन में केवल संरचना का कार्य पूर्ण हुआ था पर अब यह सत्संग भवन भी 22 जनवरी के पहले बनकर तैयार हो जाएगा। 650 स्कवायर मीटर में बने सत्संग भवन में मिट्टी, लेवलिंग, टाइल्स, फ्लोरिंग, विंडो, दरवाजे लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। उप्र निर्माण निगम की देखरेख में सत्संग भवन में मंच भी तैयार हो चुका है। एई बीवी निरंजन के मुताबिक सत्संग भवन में लगभग 300 से 350 सत्संगी एक साथ कीर्तन-भजन की गंगा में डुबकी लगा सकेंगे। एक दिसंबर से शुरू हुआ निर्माण कार्य 22 जनवरी के पहले हर हाल में पूर्ण हो जाएगा।

अखिलेश सरकार में दशरथ महल के जीर्णोद्धार की कोशिशें तो हुईं मगर यह फाइलों में सिमट कर रह गईं। कभी एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर तो कभी एक मेज से दूसरे मेज, कभी बजट का बहाना तो कभी इच्छाशक्ति की कमी।

इसका असर यह हुआ कि 31 मार्च 2013 में पहली बार दशरथ महल के जीर्णोद्धार के लिए करीब

### कभी बनते थे एस्टिमेट, घूमती थी फाइल

31 मार्च 2013 को पहली बार दशरथ महल के सौंदर्यीकरण का प्रावधान यूपी सरकार ने किया, लेकिन 2017 तक प्रक्रिया जटिल कागजी प्रणाली में उलझकर रह गई। कभी एस्टिमेट बनते तो कभी फाइल, एक टेबल से दूसरे टेबल तक जाने का यह क्रम चलता रहा। इस क्रम को बदलने का कार्य किया योगी आदित्यनाथ ने। योगी सरकार ने दशरथ महल के जीर्णोद्धार व सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को अमली जामा पहनाते हुए करीब तीन करोड़ रुपये के जरिए सत्संग भवन, प्रवेश द्वार, रैन बसेरा व यात्री सहायता केंद्र के निर्माण- पुनरोद्धार व सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को मूर्त रूप देना प्रारंभ किया। समाजवादी पार्टी की सरकार में 2.4 करोड़ का प्रावधान था, लेकिन इसकी फाइल घूमती रही और दिनोदिन लागत बढ़ती गई। योगी सरकार ने करीब तीन करोड़ रुपये खर्च कर इसे सुसज्जित कर दिया।

2.4 करोड़ का प्रावधान हुआ पर इच्छाशक्ति के अभाव, लालफीताशाही और हीलाहवाली के कारण जीर्णोद्धार का इंतजार बढ़ता गया पर जब महंत योगी आदित्यनाथ सीएम बने तो 16 फरवरी 2021 को लिए गए उनके फैसले ने दशरथ महल से अनदेखी के बादलों को दूर कर नव वैभव की आभा से दैदीप्यमान करने का मार्ग प्रशस्त किया।

# केंद्र के बाद राज्य ने भी बंद किया मदरसा शिक्षकों का मानदेय

▸ 1993-94 से चल रही है मदरसा आधुनिकीकरण योजना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने मदरसा शिक्षकों को बड़ा झटका दिया है। दरअसल, योगी सरकार ने शिक्षकों दी जाने वाली मानदेय पर रोक लगा दी। इसके पहले केन्द्र सरकार की तरफ से मिलने वाली सहायता राशि को बंद कर दिया था। बता दें कि 1993-94 से चल रही मदरसा आधुनिकीकरण योजना जोकि केंद्र सरकार की योजना है। इसके तहत मदरसे में हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान को पढ़ने के लिए शिक्षक रखे गए थे। साल 2008 में इस स्कीम फॉर प्रोविजनिंग क्वालिटी एजुकेशन इन मदरसा के नाम पर चलाए जाने लगा। इस स्कीम के तहत 25000 शिक्षक रखे गए थे जिसमें ग्रेजुएट शिक्षकों को 6000 और मास्टर्स कर चुके शिक्षकों को 12000 प्रति माह मानदेय दिया जाता था। जिसे सरकार ने बंद कर दिया है।

इन मदरसों को चलाने के लिए इलाके के लोग चंदा इकट्ठा कर मदरसा संचालक को देते हैं, जिससे कि वह मदरसा संचालित करता है। इन मदरसों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की योग्यता कि अगर बात करें तो प्रत्येक मदरसे में शिक्षक की योग्यता धार्मिक शिक्षा के आधार पर हाफिज, कारी, आलिम की डिग्री होना जरूरी होता है, साथ ही आधुनिक शिक्षा का महत्व मदरसे में पढ़ने के लिए शिक्षक की इंटर तक की योग्यता होना अनिवार्य है। साथ ही मदरसा चलाने के लिए जो खर्च होता



### पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बढ़ाया था मानदेय

बता दें कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने शासन काल में मदरसा शिक्षकों के मानदेय में बढ़ोतरी किया था। 2000 और 3000 प्रतिमाह मानदेय अपनी ओर से देने का निर्णय लिया था। इसके बाद से स्नातक मदरसा टीचरों को 8000 और परास्नातक शिक्षकों को 15000 मानदेय दिया जा रहा था। दरअसल, मदरसा एक अरबी भाषा का शब्द है, जिसका मतलब पढ़ने का स्थान होता है।

है, उसको इलाके के लोगों से चंदा इकट्ठा कर चलाया जाता है। इन्ही चंदे के पैसों से जमीन खरीदी जाती है, बिल्डिंग बनाई जाती है और मदरसे में पढ़ाने वाले शिक्षकों को पगार दी जाती है। जब तक गवर्नमेंट से किसी प्रकार की ऐड नहीं मिलती तब तक इलाके के मुस्लिम भाई चंदा इकट्ठा कर मदरसे को चलाते हैं। मदरसे में दीनी और धार्मिक तालीम दी जाती है। मदरसे मे बच्चों को पढ़ाने लिए जो टीचर रखे जाते हैं उनकी योग्यता धार्मिक शिक्षा के आधार पर कम से कम हाफिज, कारी, आलिम की डिग्री होना जरूरी होता है। जिन बच्चों को आधुनिक शिक्षा के तौर पर हिंदी, मैथ, इंग्लिश, साइंस की तालीम दी जाती है उसके लिए पढ़ने वाले शिक्षक की योग्यता इंटर होना जरूरी है।

## खबरें एक नजर में

### राजभवन कार्मिकों की खेलकूद प्रतियोगिता 11वें दिन भी जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यासितों व बच्चों के लिए आयोजित परंपरागत खेलकूद प्रतियोगिता आज ग्यारहवें दिन भी जारी रही। जिसमें खो-खो व किंग खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।ज्ञात हो कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी राजभवन में परंपरागत खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ राज्यपाल ने 31 दिसंबर को किया गया था। 15 दिवसीय यह प्रतियोगिता आगामी 14 जनवरी तक चलेगी। सभी खेल स्पर्द्धाओं में प्रतिभागियों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है। राजभवन में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में कुल 21 खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें खो-खो, कबड्डी, गिल्ली डण्डा, रस्सा कसी, टेबल टेनिस, किंग, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, जूडो, कलर बॉल, गोला फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद, दौड़ (100 मी0व50 मी0), लंगड़ी दौड़, बोरा दौड़, स्लो साइकिलिंग, वालीबॉल, लट्टू तथा रस्सी कूद प्रतियोगिता शामिल है। इन खेलों में कुल 509 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं, जिनमें 358 पुरुष, 57 बालक तथा 94 प्रतिभागी महिला एवं बेटियां हैं।

### 12 जनवरी को ईपीएफओ कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे पेंशनर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति लखनऊ मंडल की सभा चारबाग बस स्टेशन पर संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के एस तिवारी ने कहा कि दिल्ली में 7 दिसंबर को रामलीला मैदान में विशाल रैली और 8 से 14 दिसंबर तक जंतर मंतर पर पेंशनरों का अनशन चला, जो श्रम मंत्री के आश्वासन के बाद स्थगित किया गया, परंतु अभी तक उनके आश्वासन पर कोई कार्यवाही होते नही दिख रही है। पेंशनरों में धीरे-धीरे रोष बढ़ रहा है, अगर न्यूनतम पेंशन 7500 रूपये महीना डीए और पति-पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा की मांग जल्दी पूरी नहीं की गई तो देशभर में पेंशनर सड़कों पर उतरेंगे। 12 जनवरी को लखनऊ में ईपीएफओ कार्यालय पर पेंशनर प्रदर्शन कर श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन देंगें। सभा को आरपी सिंह, पी के श्रीवास्तव, उमा कांत सिंह, अशोक बाजपेई, राजेशतिवारी, आर एन द्विवेदी, एपी सिंह आमोद श्रीवास्तव सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया।

### राजभर के सुरक्षा कर्मियों के खिलाफ एफआईआर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ पीजीआई थाने में मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित अधिवक्ता ने कोर्ट की मदद से केस की विवेचना का आदेश जारी कराया है। इसके बाद पुलिस ने पहले से दर्ज एनसीआर को एफआईआर में तब्दील कर विवेचना शुरू की है। पीजीआई के पंचम खेड़ा निवासी आशुतोष कुमार अधिवक्ता हैं। पिछले वर्ष सात दिसंबर को वह स्कूटी से अपने साथी अधिवक्ता केसाथ कृष्णानगर से लौट रहे थे। उनका आरोप है कि तेलीबाग चौराहे के पास सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर का काफिला निकल रहा था। चौराहे के पास जाम लगा था। आशुतोष के अनुसार उन्होंने काफिले के पीछे जैसे ही अपनी स्कूटी बढ़ाई सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बुरी तरह से पीट दिया। इससे उन्हें गंभीर चोटें आईं थीं।

### कर्मियों का यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी कार्यालय पर प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ में संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में विभिन्न मांगों को लेकर गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। कन्वीनर संयुक्त मोर्चा जीएस सिंह ने बताया कि उनकी मांगे हैं क्रमश: 1 अगस्त 2022 से लंबित वेतन समझौता बिना केपीआई लागू किए वार्ता हेतु बुलाया जाए,फेमली पेंशन 15 फीसदी से 30 फीसदी की जाए,कंपनी द्वारा एनपीयस 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया जाए,चारों बीमा कंपनियों का विलय किया जाए, नई भर्ती शुरू की जाए। गेट मीटिंग में जीएस सिंह, मनीष सिंह ,कुलदीप सिंह, बीके शुक्ला, एजेड किदवई, संजीव शर्मा, मनोज कुमार श्रीवास्तव ,नीरज वर्मा, शरद वाजपई, दिनेश श्रीवास्तव, अंकुर कपूर, अभिषेक प्रताप सिंह,रिसभ सिंह, इत्यादि सैंकड़ों साथियों ने भाग लिया। संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के कन्वीनर जीएस सिंह ने बताया कि यूनाइटेड इंडिया के अतिरिक्त नेशनल इंश्योरेंस कंपनी क्षेत्रीय कार्यालय पार्क रोड तथा ओरियंटल इंश्योरेंस क्षेत्रीय कार्यालय हजरतगंज लखनऊ में गेट मीटिंग की गई। संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 17 जनवरी, 24 जनवरी को प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा।

### एलयू गर्ल्स हॉस्टल में छात्रा ने किया सुसाइड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के तिलक छात्रावास में बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स की थर्ड ईयर स्टूडेंट ने बुधवार को सुसाइड कर लिया। जानकारी के मुताबिक छात्रा ने मोबाइल कैमरा ऑन कर वीडियो रिकॉर्ड के लिए छोड़ दिया और फांसी के फंदे पर लटक गई।

### गोरखपुर महोत्सव की प्रस्तुतियों में दिखेगी रामोत्सव की छटा

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीरामोत्सव की छटा, कल (11 जनवरी) से होने जा रहे गोरखपुर महोत्सव की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भी दिखेगी। मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अधिकांश प्रस्तुतियां भगवान श्रीराम पर केंद्रित नजर आएंगी। महोत्सव का उद्घाटन आज प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह करेंगे जबकि शनिवार (13 जनवरी) को इसके औपचारिक समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। 22 जनवरी को अयोध्या के नव्य-भव्य मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रीरामोत्सव का उल्लास पूरे देश में छाया हुआ है।

# उत्कृष्ट कार्य वाले स्वच्छताग्रहि सम्मानित

## डिप्टी सीएम ने मेडिकल कॉलेज के मेहता प्रेक्षागृह में अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र भेंट कर किया सम्मान

▸ प्रयागराज को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सभी की सहभागिता आवश्यक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/प्रयागराज।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को प्रयागराज के मेडिकल कालेज के मेहता प्रेक्षागृह में स्वच्छ महाकुम्भ, स्वच्छ प्रयागराज की परिकल्पना एवं प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए एवं स्वच्छता के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता ग्रहियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को स्वच्छता की शपथ दिलायी।

उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग ने शहर में चलाये जा रहे स्वच्छता सम्बंधी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में वीडियो क्लिप के माध्यम से महाकुम्भ मेला-2025 से सम्बंधित की जा रही



तैयारियों को भी प्रदर्शित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज का जो संकल्प लेकर आज यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है, इसके लिए मैं हृदय से आप सभी को बधाई और शुभकामना देता हूं। प्रयागराज मेला प्राधिकरण व नगर निगम के संयुक्त प्रयास से प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज का यह जो संकल्प लिया गया है यह एक साहसिक निर्णय है और मैं इस निर्णय की सराहना करता हूं।

प्रयागराज वासियों से अपील करते हुए कहा कि यह कार्य केवल नगर निगम, मेला प्राधिकरण, सफाई कर्मियों के द्वारा ही सम्भव नहीं है, इसे दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ हम सभी लोगो को प्रयागराज को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में आगे ले जाने की शपथ लेना है और उसे करके दिखाना है तथा प्रयागराज को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज जो ठान लेता है, उसे करके दिखाता है। कहा कि प्रयागराज को देश का प्लास्टिक मुक्त शहर और जिला बनाने की दिशा में कदम उठाया गया है, भविष्य में प्रयागराज इसका नेतृत्वकर्ता बन जायेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 का कुम्भ ऐतिहासिक, सफल, भव्य, दिव्य एवं सुरक्षित, स्वच्छ तथा सुगम था। कुम्भ मेले में 24 करोड़ से अधिक लोग आयें थे, किंतु शासन व प्रशासन की चुस्त-दूरूस्त व्यवस्था से किसी भी श्रद्धालु को खंरोच तक नहीं आयी। कुम्भ मेले में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को तीर्थ यात्रियों के साथ सद्व्यवहार हेतु विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया था और उन्होंने यह करके भी दिखाया था। प्रधानमंत्री कुम्भ में प्रयागराज की स्वच्छता से प्रभावित होकर यहां के सफाई कर्मियों के पॉव पखारे व उनको सम्मानित किए थे। प्रधानमंत्री ने स्वयं हाथ में झाडु उठाकर देशवासियों को यह संदेश दिया था कि अगर हम स्वच्छ रहेंगे, तो स्वस्थ रहेंगे। स्वच्छता से कई बीमारियों को दूर रखा जा सकता है।

### सुविधाएं परखने खुद रोडवेज में सवार हुए परिवहन मंत्री



**लखनऊ।** प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम रोडवेज की साधारण बस सेवा से सफर किया । परिवहन मंत्री ने अवध बस स्टेशन से अयोध्या के बीच बस सफर कर यात्री सुविधाओं और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। आगामी 22 जनवरी को श्री राम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में आने जाने वाले श्रद्धालुओं के बेहतर सुविधाओं को रखने के लिए परिवहन मंत्री ने रोडवेज बस में सफर कर सुविधा परखी। परिवहन मंत्री ने परिवहन विभाग द्वारा अयोध्या की तरफसंचालित बसों में व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने इसी तरह व्यवस्था को चाक चौबंद बनाए रखने के निर्देश दिए। परिवहन मंत्री के साथ बस में अयोध्या यात्रा के दौरान साथ में क्षेत्रीय प्रबंधक सेवा प्रबंधन समेत अन्य लोग बस में मौजूद थे।

### आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को अन्य विकास योजनाओं का भी मिल रहा लाभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। विभाग द्वारा कई योजनाओं में बहुत ही उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य किये गये हैं। उत्तर प्रदेश में लगातार जरूरतमंदों को पक्के आवास उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 36.15 लाख परिवारों को पक्का मकान बनवाने का लक्ष्य भारत सरकार द्वारा आवंटित किया गया है, जिसमें 33.48 लाख से अधिक आवास पूर्ण कराये जा चुके हैं, आवास निर्माण में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्यों में है।

# हंगामा : छात्रों ने रजिस्ट्रार को बाबा साहब का माल्यार्पण करने से रोका

समृद्धि न्यूज

▸ बाबा साहब को अपमानित करने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई

**लखनऊ।** बीबीएयू यानी बाबा साहब भीमराव आंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में मंगलवार को शुरू हुआ छात्रों का हंगामा दूसरे दिन भी जारी रहा। इस बीच 10 जनवरी को विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के मौके पर मनाए जाने वाले यूनिवर्सिटी डे कार्यक्रम में भी जमकर बवाल हुआ। बुधवार सुबह बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि करने पहुंचे रजिस्ट्रार समेत तमाम प्रशासनिक अफसरों को प्रदर्शन रहे छात्रों ने प्रतिमा तक पहुंचने नहीं दिया।

छात्रों का आरोप हैं कि विश्वविद्यालय प्रशासन बाबा साहब को अपमानित करने वाले छात्रों के खिलाफएक्शन नहीं ले रहा हैं, दिखावट के लिए माल्यार्पण कर ढोंग कर रहा हैं। इस पूरा घटनाक्रम से जुड़ा वीडियो भी सामने आया हैं। जिसमें छात्रों द्वारा रोके जाने के बाद रजिस्ट्रार समेत तमाम प्रशासनिक अफसर बिना श्रद्धांजलि अर्पित किए ही प्रतिमा स्थल से बेरंग लौट गए।दरअसल 10 जनवरी को पहले बीबीएयू अपना स्थापना दिवस मनाता था। इसी दिन साल 1996 में केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी। पर कुलपति प्रो.संजय सिंह के आने के बाद विश्वविद्यालय ने स्थापना दिवस बाबा साहब की जयंती 14 अप्रैल को मनाने का निर्णय किया और इस दिन यानी 10 जनवरी को यूनिवर्सिटी डे के रूप में मनाए जाने की शुरुआत हुई। बुधवार सुबह, यूनिवर्सिटी डे के आयोजन शुरू होने से विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार अश्विनी सिंह की अगुवाई में प्रॉक्टोरियल बोर्ड के कई सदस्य बाबा साहब की मुख्य प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि करने पहुंचे। इस दौरान वहां पहले से मौजूद छात्र-छात्राओं के गुट ने हंगामा शुरू कर दिया। छात्रों का आरोप था कि बाबा साहब के खिलाफखुलेआम अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जा रहा हैं। उनका अपमान किया जा रहा हैं पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने चुप्पी साध रखी हैं। कई बार शिकायत के बावजूद दोषियों के खिलाफकार्रवाई नही हो रही हैं। इससे यह प्रतीत होता कि विश्वविद्यालय की खुद इन सब विवादों में संलिप्तता हैं।

### मतदाता दिवस से मोबाइल प्रदर्शन वैन से भी की जाएगी जागरुकता : नवदीप रिणवा

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मतदाताओं को ईवीएम, वीपीपैट से सम्बंधित जानकारी प्रदान करने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए दृश्य-श्रृव्य उपकरणयुक्त वाहनों का प्रयोग करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। जिला मुख्यालयों व तहसील मुख्यालयों में इसके लिए ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र भी स्थापित किया जाय। इन केंद्रों में लोकसभा निर्वाचन से पहले मतदाताओं को ईवीएम के बारे में जागरूक किया जायेगा, जिससे कि मतदाता को मतदान के समय किसी तरह की कोई असुविधा न हो। ईवीएम एवं वीवीपैट से संबंधित जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार हेतु ऑडियो-विजुअल उपकरण से सुसज्जित वाहनों के संचालन के संबंध में दिशा-निर्देश सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिये गए हैं। आज सभी जनपद मुख्यालयों एवं तहसील मुख्यालयों में ईवीएम प्रदर्शन केन्द्रों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की गयी।

# गंगा में गंदगी मिली तो कार्यदाई संस्थाएं होंगी बर्खास्त, अधिकारी जाएंगे जेल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** माघ मेले के दौरान गंगा में गंदगी गई तो कार्यदाई संस्था और जिम्मेदार अधिकारी जेल जाएंगे। माघ मेला को लेकर बधुवार को कानपुर में गंगा सफाई की समीक्षा करने पहुंचे नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने अधिकारियों, इंजीनियरों को सख्त निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने चेतावनी दी और कहा कि अगर गंगा की निर्मलता से समझौता किया गया तो कार्यदाई संस्थाएं कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

कार्य आवंटन निरस्त करने के साथ ही लापरवाही पाए जाने पर उनके खिलाफ एफआईआर भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि गंगा जी में अगर एक भी नाला गिरा तो अधिकारियों की खैर नहीं होगी। जल निगम (ग्रामीण) के एमडी डॉ. बलकार सिंह भी उनके साथ समीक्षा बैठक में मौजूद रहे। प्रमुख सचिव ने अधिकारियों से कहा कि माघ मेले के दौरान अविरल-निर्मल गंगा के संकल्प को पूरा करने में कोई कमी नहीं रहनी चाहिये। उन्होंने अधिकारियों की जमकर क्लास ली.



▸ नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने अधिकारियों, इंजीनियरों को जारी किये सख्त निर्देश

उन्होंने कहा कि गंगा में किसी प्रकार का प्रदूषण न जाए ये हमारी प्राथमिकता होनी चाहिये। नमामि गंगे कार्यक्रम सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। प्रयागराज और कानपुर में गंगा सफाई को लेकर जो प्रयास किये गये हैं माघ मेले के दौरान उनका असर दिखाई देना चाहिये। उन्होंने नालों को टैप करने और गंदगी न गिरे इसके लिए किये जा रहे प्रयासों की बारी-बारी समीक्षा की। नमामि गंगे योजना के तहत चल रहे कार्यों के साथ सीसीमऊ एसटीपी के संचालन की भी जानकारी ली। इससे पूर्व जल निगम (ग्रामीण) के एमडी डॉ. बलकार सिंह ने गंगा घाटों का निरीक्षण किया। नदी में कहीं गंदगी तो नहीं गिर रही है इसका भी उन्होंने मुआयना किया। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने गंगा स्वच्छता कार्यक्रम में लगी कम्पनियों पर भी सख्ती करते हुए गंगा में गंदगी को गिरने से रोकने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि बिजली चले जाने पर कम्पनियां डीजल सेट चलाकर गंगा में गिरने वाली गंदगी को रोकेंगी। उन्होंने कहा कि नदी में सीवरेज को रोकने के काफी प्रयास किये गये हैं।

पर्यावरण

### मिलियन प्लस शहरों के तहत शहरों को केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय देगा 255.12 करोड़

# वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए मिलेगी प्रोत्साहन राशि

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नगरीय जीवन गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण को बेहतर व प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रदेश के मिलियन प्लस शहरों को 255.12 करोड़ रूपये की प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी। इस राशि के उपयोग से वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए जन जागरूकता के साथ ही प्रयास भी किये जायेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार पिछले 09 वर्षो से भारतीय शहरों को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के



कुशल नेतृत्व में वायु प्रदूषण से निपटने, सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने और प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरों को अवितरित अनुदानों के वितरण हेतु उत्तर प्रदेश के मिलियन प्लस श्रेणी के 05 शहरों को वित्तीय वर्ष 2023-24 में पीएम 10 कांस में कमी लाने तथा वायु गुणवत्ता सुधार के दृष्टिगत उच्च प्रदर्शन किये जाने के फलस्वरूप कुल 255.12 करोड़ रूपये की प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी।

पर्यावरण सुधार के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के मिलियन प्लस शहरों में आगरा, कानपुर, वाराणसी, गाजियाबाद और मेरठ को यह धनराशि उपलब्ध करायी जाएगी। यह धनराशि इन शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार को और भी बेहतर बनाने के लिए किये जाने वाले कार्यों के लिए उपयोग की जाएगी। धनराशि के प्रयोग से वायु गुणवत्ता सुधार के लिए शहरवासियों में जन जागरूकता उत्पन्न करने, शहरों की सड़कों पर धूल नियंत्रण, प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर नियंत्रण, पोधारोपण और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने जैसे कार्य सम्मिलित होंगे।

इस धनराशि के आवंटन से उत्तर प्रदेश के इन शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार होने से पर्यावरण वायु प्रदूषण मुक्त होगा फलस्वरूप नगरवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देने के लिए चलायी जा रही केंद्र और राज्य सरकार की मुहिम को बल मिलेगा।

### विश्व हिंदी दिवस पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**लखनऊ।** आज दुनिया भर में विश्व हिंदी दिवस मनाया जा रहा है। इसको लेकर सरकारी और निजी संस्थानों में प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को विश्व हिंदी दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है कि हिंदी विश्व में भारत का सशक्त प्रतिनिधित्व कर रहे है। ये हमारी राष्ट्रिय एकता का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने आज के दिन इस इस भाषा को अधिकाधिक स्थान देने की बात भी कही।

# मंडलायुक्त ने निरीक्षण में दिए निर्देश, किसी भी कीमत पर लापरवाही न बरतें अफसर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी की मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने हुसड़िया चौराहा स्थिति लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किये जा रहे नक्षत्र वाटिका पार्क का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अफसरों को कड़े निर्देश देते हुए संबंधित पार्क को नेचुरल पार्क की तरह विकसित करने को कहा। मंडलायुक्त ने बताया कि नक्षत्र वाटिका पार्क में पंच वाटिका व औषधियों के पौधे रोपित कर पार्क को नेचुरल वे में डेवलप किया जा रहा हैं। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने वॉकवे का सिविल कार्य होते हुए पाया गया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैनपॉवर की संख्या में बढ़ोतरी करते हुए कार्य में तेजी लाई जाए साथ ही



गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। पार्क में योग स्थल व लाइटिंग के कार्य भी अच्छे से कराने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने चारबाग बस अड्डे और चारबाग चौराहे का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चारबाग स्टैंड के प्रभारी को सख्त निर्देश दिया कि सड़क पर कोई बस खड़ा होता ना दिखे। चारबाग पर पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान पर पार्किंग पट्टी व मार्किंग कर लिया जाए। जिससे यातायात व्यवस्था सुगम और सुदृढ़ रूप से चलता रहे। चारबाग चौराहे पर वेंडिंग जोन के लिए नगर निगम द्वारा रेलिंग बनवा लिया जाए। जिससे ठेले खुम्चे अपने परिधि में ही रहे। इसके बाद मंडलायुक्त ने कमता चौराहा के निरीक्षण दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बस स्टैंड के बाहर अगर बस खड़ी मिलती है तो संबंधित बस चालक व कंडक्टर पर कार्रवाई की जाए।

# तालाब के अतिक्रणकारियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जिले में एक बार फिर से अवैध अतिक्रमणकारियों पर जिला प्रशासन का बुलडोजर चल रहा है।तालाब की सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके बनाए गए एक दर्जन से अधिक मकानों को बुलडोजर के माध्यम से भारी पुलिस बल की मौजूदगी में तोड़कर अवैध अतिक्रमण हटाया जा रहा है।नगर पालिका परिषद द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर एक दर्जन से अधिक लोगों को नोटिस दी थी।लेकिन नोटिस मिलने के बावजूद लोगों द्वारा अवैध आक्रमण नहीं हटाया गया था जिसके चलते आज जिला प्रशासन ने कार्रवाई की।दरअसल नगर कोतवाली क्षेत्र के महाराजगंज काशीराम कॉलोनी के पास स्थित सरकारी गुरु तालाब की 460.75 वर्ग मीटर सरकारी जमीन पर एक दर्जन से अधिक लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करके मकान का निर्माण कर लिया गया था।कुछ लोगों ने मकान का निर्माण किया जा रहा था।सरकारी तालाब से अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए गोंडा नगर पालिका परिषद द्वारा कई बार नोटिस दी गई थी।

लेकिन नोटिस मिलने के बावजूद भी अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण को नहीं हटाया जा रहा था।जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए सिटी मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर और अधिशासी अभियंता संजय मिश्रा को बुलडोजर से आक्रमण हटाने के निर्देश दिए



थे।बुधवार को कई थाने की पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा बुलडोजर के माध्यम से एक दर्जन से अधिक बनाए गए मकानों को तोड़ करके हटाया जा रहा है।कुछ लोग बुलडोजर की कार्रवाई शुरू होते ही खुद अपने घरों को तोड़ना शुरू कर दिए हैं।जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध अतिक्रमणकारियों में हड़कंप है।

वहीं पूरे मामले को लेकर के सिटी मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर ने बताया कि शहर में इमामबाड़े के पास स्थित यह गुरु तालाब है।तालाब की जमीन पर लगभग 12 लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। मकान बना लिए हैं। 460 वर्ग मीटर से ज्यादा की जमीन पर लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था। बुलडोजर के माध्यम से कार्रवाई करते हुए इसको हटाया जा रहा है। अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए पहले इन लोगों को नोटिस दी गई थी। लेकिन इन लोगों ने नहीं हटाया जिस कारण कार्रवाई की जा रही है।

पिछले 6 महीने से इन लोगों को नोटिस दिए जा रहे थे। लेकिन यह लोग नहीं हट रहे थे और जब यह लोग निर्माण कर रहे थे, तब भी इन लोगों को नगर पालिका परिषद द्वारा रोका गया था लेकिन यह लोग चोरी छुपे अवैध रूप से निर्माण कर लिए थे।जहां कहीं भी तालाब या अन्य सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है, वहां की भी जांच करा करके कार्रवाई की जाएगी।

# बाजारों में साप्ताहिक बंदी के दिवस घोषित



- विभिन्न नगर निकाय एवं कस्बों के बाजारों के लिए अलग-अलग साप्ताहिक बंदी दिवस निर्धारित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी द्वारा वर्ष 2024 के लिये शहरी क्षेत्र में बाजार बंदी दिवस निर्धारित कर दिए गए हैं। विभिन्न नगर निकाय एवं कस्बों के बाजारों के लिए अलग-अलग साप्ताहिक बंदी दिवस निर्धारित किए गए हैं। जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने बाजारों में साप्ताहिक बंदी का आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों को दुकानदारों एवं कारोबारियों से साप्ताहिक बंदी दिवस का पालन कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

## कहां पर किस दिन रहेगी साप्ताहिक बाजार बंदी

नगर सीमा चौक क्षेत्र (जिला जिला अस्पताल गेट से कचहरी रोड बस स्टेशन पंतनगर गोंडा एवं समस्त चौक क्षेत्र) में बुधवार को नगर सीमा (जिला अस्पताल गेट से स्टेशन रोड रानी बाजार बलरामपुर रोड एवं समस्त बडगांव क्षेत्र) में रविवार को टाउन एरिया करनैलगंज में सोमवार को टाउन एरिया खरगूपुर में सोमवार को टाउन एरिया नवाबगंज में मंगलवार कोटाउन एरिया मनकापुर में सोमवार को टाउन एरिया कटरा बाजार में मंगलवार को इसके अलावा नाइयों व प्रसाधन की सभी दुकानों के लिए मंगलवार बैंक बीमा कंपनी तथा टाइपराइटिंग स्कूल रविवार साप्ताहिक बंदी घोषित हुई है इसके अतिरिक्त दवा सर्जिकल उपकरण सिनेमा मिठाई दुग्ध परिवहन सेवाएं होटल आज की दुकान साप्ताहिक बंदी के प्रावधानों से मुक्त रहेंगे।

## साप्ताहिक बंदी का पालन न करने पर होगी कार्रवाई

श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित ने बुधवार बाजार क्षेत्र में भ्रमण कर व्यापारियों को साप्ताहिक बंदी का पालन करने हेतु जागरुक किया साथ ही आगाह किया कि साप्ताहिक बंदी का पालन ना करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# कंबल पाकर खिले जरूरतमंदों के चेहरे

- अशर्फीलाल चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यो की हो रही सराहना

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

इस कड़ाके की ठंड में यदि किसी जरूरतमंद गरीब आदमी को दान में कंबल मिल जाए तो क्या कहना। ऐसा ही कुछ नज़ीर पेश किया है। विकास खण्ड मनकापुर के अंतर्गत आने वाले गांव पंडितपुर के रहने वाले तीन भाइयों रणजीत सिंह, बलजीत सिंह व इन्द्रजीत सिंह कनौजिया ने। जिन्होंने अपने स्वर्गीय पिता अशर्फीलाल के नाम पर अशर्फीलाल चैरिटेबल ट्रस्ट बनाकर उनके आदर्शों पर चलते हुए गरीब, कमजोर, सुविधा विहीन लोगों व छात्र छात्राओं का मदद करने का वीणा उठाया है। इसी क्रम में बुधवार को स्वर्गीय अशर्फीलाल के तीसरे पुण्य



तिथि पर ट्रस्ट की अध्यक्षा मीना कुमारी आर्य ने चिन्हित किए गए अस्सी लोगों में कंबल का वितरण किया। जिनमें पंडित पुर, बैरीपुर, तेंदुआ, हटिया, मधपुर, कलेनिया, रेहरा, सिसवा, मछली गांव, नेवड़ार, चैनपुरा, बंजरिया, सोनबरसा, धोबहा, अंधियारी, लक्ष्मनपुर आदि पुरवों के जरूरत मंद लोग शामिल रहे। इस नेक कार्य को सम्पन्न कराने में शिक्षक जगप्रसाद, दिलीप कुमार, राजकुमार, अनिल कुमार, रमेश कुमार, अलखराम वर्मा, संवारी देवी, रागिनी देवी, सत्यावती, राधेश्याम, शनि कनौजिया पूजा, गुरबचन, मुकेश कुमार, शुभम सिंह, आदर्श सिंह, श्रेष्ठ सिंह, कोमल, मासूम, कल्पना व स्वर्णिमा सिंह का महत्वपूर्ण रोल रहा।बताते चलें कि अभी कुछ ही दिन पहले इसी ट्रस्ट ने मेधावी/ सुविधा विहीन घरों से आने वाले लगभग सौ छात्र-छात्राओं में स्टेशनरी व बुकसेट निःशुल्क भेंट कर बच्चों को आगे बढ़ने में मदद किया। जिसकी खुले दिल से चहुं ओर प्रशंसा हो रही है। आज के कार्यक्रम का लाभ दिलीप, जितेन्द्र, बब्बू, जियावन वर्मा, जगराम, मोहित, लवलेश, बवाली, बुग्गे, रामसेवक, राम सुमिरन वर्मा, चन्दू, विश्राम, सावित्री, रवीन्द्र कुमार, संवारी, सरोज, मनीषा, रहम, बवाली , गब्बर, चीनी, जितेन्द्र, भवानी, चौथराम आदि लोगों को मिला।

# जिला महिला अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत, जांच के आदेश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

जिला महिला अस्पताल में तैनात डॉक्टरों और कर्मचारियों की एक बार फिर से बड़ी लापरवाही सामने निकल कर आई है।जहां पर डॉक्टर और कर्मचारियों की लापरवाही से जिला महिला अस्पताल में भर्ती जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई है।प्रसूता की मौत के बाद घर वालों ने जिला अस्पताल में जमकर हंगामा किया।हंगामा की सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन देकर के मामला शांत कराया।परिजनों का आरोप है कि खून चढ़ाने के लिए लाया गया खून समय से नहीं चढ़ाया गया, जिससे जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई है हम लोग रोते रहे लेकिन भर्ती महिला को डॉक्टर और कर्मचारियों द्वारा नहीं देखा गया।वहीं पूरे मामले को संज्ञान



- परिजनों का आरोप-डॉक्टर की लापरवाही से हुई प्रसूता की मौत

लेते हुए प्रभारी प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला अस्पताल ने पूरे मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

दरअसल पूरा मामला देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोकलपुर की रहने वाली 28 वर्षीय मीरा के परिजनो ने डिलीवरी के लिए जिले के एक निजी अस्पताल में ले गए थे जहां से डॉक्टरों ने जिला महिला अस्पताल ले लिए रेफर कर दिया गया था।परिजनों द्वारा कल 28 वर्षीय मीरा को जिला महिला अस्पताल में डिलीवरी के लिए भर्ती कराया गया था।जहां मीरा के गर्भ में पल रहे सात माह के बच्चे की समय से पहले डिलीवरी होनी थी। लेकिन जब जिला महिला अस्पताल के डॉक्टरों ने मीरा की जांच कराई तो जांच में निकाल कर आया कि मेरा के अंदर खून की कमी है और परिजनों को खून की व्यवस्था करने के लिए कहा गया।

## परिजनों ने की खून की व्यवस्था

परिजन किसी तरीके से इंतजाम करके खून लेकर जिला महिला अस्पताल पहुंचे और वार्ड में तैनात डॉक्टर और कर्मचारियों को खून चढ़ाने के लिए दे दिया।लेकिन डॉक्टर और कर्मचारियों ने बड़ी लापरवाही करते हुए भर्ती 28 वर्षीय मीरा को समय से खून नहीं चढ़ाया जिससे जिला महिला अस्पताल में भर्ती जच्चा बच्चा दोनों की ही मौत हो गई है।मृतक महिला के पति प्रवीण ने बताया कि मैंने अपनी पत्नी मीरा को डिलीवरी के लिए एक निजी अस्पताल में ले गए थे।जहां से डॉक्टरों ने जिला महिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था।यहां पर लाकर के हम लोगों ने भर्ती कराया था और डॉक्टरों ने खून कमी होने की बात बताई थी खून लाने के लिए कहा था।हम लोग खून लाकर के दे दिए थे रात में ही लेकिन लेकिन डॉक्टरों ने खून नहीं चढ़ाया गया नहीं मेरे मरीज को डॉक्टरों द्वारा देखा गया जिससे मौत हो गई है।

## पहले पेट में बच्चे की मौत, बाद में प्रसूता ने तोड़ा दम

पहले पेट में पल रहे सात माह के बच्चे की मौत हुई उसके बाद मेरे पत्नी की भी मौत हो गई है जिला महिला अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारियों की लापरवाही है अभी तक कोई देखने नहीं आया मौत होने के बाद भी हम लोग रात में खूब रोती और चिल्लाते रहे लेकिन डॉक्टरों ने नहीं सुनी और खून नहीं चढ़ाई जिससे मौत हो गई है।वही प्रभारी प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ.रामकुमार ने बताया कि सीएमएस जिला महिला अस्पताल छुट्टी पर है इसीलिए मैं चार्ज पर हूं। इन्होंने बताया कि महिला को सात माह का बच्चा गर्भ था और परिजनों द्वारा काफी सीरियस हालत में लाकर के भर्ती कराया गया था।यहां से बड़े अस्पताल में ले जाने के लिए डॉक्टरों द्वारा कहा गया था लेकिन यह लोग लेकर के नहीं गए थे और यहीं पर भर्ती कराए हुए थे। यहां पर इलाज किया जा रहा था और खून की काफी कमी थी परिजनों को खून लाने के लिए कहा गया था और परिजन खून लाए थे चढ़ाया जा रहा था और इसी दौरान मौत हो गई है।परिजनों ने जो आरोप लगाया है लापरवाही का उसकी भी जांच कराई जाएगी कि कौन डॉक्टर और कर्मचारी ड्यूटी पर थे जिन्होंने पूरे मामले में लापरवाही की है जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की।

# खबरें एक नजर में

## श्याम प्रभु के संकीर्तन में झूमें भक्त



**गोंडा /बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को नये साल के उपलक्ष में तीसरी बार श्री श्याम युवक संघ बलरामपुर द्वारा आयोजित श्री महाराजा अग्रसेन भवन में श्याम प्रभु का संकीर्तन आयोजन किया गया। शुरुआत बलरामपुर चीनी मिल और अग्रसेन भवन के अध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने श्री श्याम प्रभु की ज्योति जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भजनों की शुरुआत भजन गायक रोहित शर्मा दीपक ने किया उन्होंने गाया कीर्तन की रात है बाबा आज थाने हैं .... झोपड़ी के भाग्य आज खुल जायें गे राम आयेगे. लेने आजा खाटू वाले रींगस के उस मोड़ पे..मैं लाड़ला खाटू वाले का आदि भजनों की हाजिरी लगाई। उसके बाद कोलकाता से सुप्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल के भजनों पर श्याम प्रेमी खूब झूमे। उन्होंने गाया . तेरे बिना श्याम हमारा नहीं कोई है.. बाबा मेरी लाज बचाने आएगा.. हर कदम सांवरा जब मेरे साथ है.. सुन ले अरज अपने भक्तन की ,दे दे श्याम धूल चरणन की.. चालो चालों खाटू धाम जहां विराजे बाबा श्याम ... झोली भर दे भर दे ...आदि भजनों पर की हाजिरी लगाकर बाबा खाटू श्याम का गुणगान किया। भजन हरिओम माहेश्वरी ने रोहित शर्मा का एवं सत्य प्रकाश अग्रवाल महेश अग्रवाल सतीश अग्रवाल और देवीकांत अग्रवाल ने सुप्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल को दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया।अग्रसेन भवन के प्रांगण में बाबा खाटू श्याम का दरबार इतना भव्य और मनमोहक सजा था कि लोग बाबा खाटू श्याम को निहारत रहे भक्ति बाबा श्याम का दर्शन करने के लिए लंबी लाइन की पंक्ति में लगकर बाबा का दर्शन किया और ज्योति लेकर आशीर्वाद लिया। कीर्तन में गोन्डा, बहराइच, इटियाथोक, तुलसीपुर,उतरौला,रिसिया,नानपारा,नेपाल बढ़नी,सोहरतगढ, बस्ती,आदि कई जनपदों से श्याम प्रेमी शामिल हुए।इस दौरान अन्नू अग्रवाल, अंकित अग्रवाल ,उमंग बंसल ,अमन बंसल, रजत अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल ,विकी माहेश्वरी, सौरभ तुलस्यान, विवेक अग्रवाल ,प्रदीप सिंघल, मृदुल अग्रवाल सहित भारी संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

## ईवीएम व वीवी पैट प्रदर्शन केन्द्र का डीएम ने किया शुभारम्भ



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भारत निर्वाचन आयोग के ईवीएम. (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) तथा वीवी पैट के लिए व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश के अनुपालन में ईवीएम व वीवी पैट की जागरूकता के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट में स्थापित किये गये ईवीएम व वीवी पैट प्रदर्शन केन्द्र का जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा शुभारम्भ किया गया। डीएम ने प्रदर्शन केन्द्र पर तैनात कार्मिकों को निर्देश दिया कि प्रदर्शन केन्द्र में आने वालों को ईवीएम पारदर्शिता के सम्बन्ध में जागरूक भी किया जाय। उल्लेखनीय है कि जनपद में कलेक्ट्रेट सहित समस्त तहसील मुख्यालयों पर ईवीएम तथा वीवी पैट प्रदर्शन केन्द्र स्थापित किये गये हैं। डीएम ने जनपद वासियों विशेषकर 18 से 20 वर्ष आयु वर्ग के युवा मतदाताओं से अपील की है कि जनपद में स्थापित ईवीएम प्रदर्शन केन्द्रों पर पहुंचकर ईवीएम संचालन की जानकारी प्राप्त कर सकते है। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित किये गये ईवीएम व वीवी पैट प्रदर्शन केन्द्र के माध्यम से जिलाधिकारी के जनता दर्शन में आने वाले फरियादियों को ईवीएम व वीवी पैट के प्रयोग के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्वत, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# दो मंदिर में मूर्ति की खंडित

- सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई वारदात, चेहरा नहीं आया

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत में स्थित भगवान शिव के दो मंदिर में देर रात को अराजक तत्व घुस गए। इसके बाद सभी ने भगवान शिव और माता पार्वती के मूर्ति को खंडित कर दिया। इसकी जानकारी सुबह हुई तो हिंदू समुदाय के लोगों में नाराजगी फैल गई। पुलिस को तहरीर देकर केस दर्ज किए जाने की मांग की है।

पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।भारत नेपाल सीमा पर रूपईडीहा नगर पंचायत में माल गोदाम रोड और एचडीएफसी बैंक के निकट भगवान शिव का मंदिर स्थित है। मंदिर में मंगलवार रात को कुछ अज्ञात अराजक तत्व घुस गए। सभी ने मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति को खंडित



कर दिया। सुबह मंदिर पूजा के लिए पहुंचे लोगों ने मूर्ति खंडित देखी तो सभी में नाराजगी फैल गई। आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस को घटना से अवगत करवाया गया। थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखा तो उसमें अराजक तत्व कैद हो गए। हालांकि चेहरा साफ नहीं होने से पहचान नहीं हो पा रही है। इस मामले में राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी के आकाश मौर्य, दीपक, रामविलास, विजय समेत अन्य ने तहरीर देकर केस दर्ज किए जाने की मांग की है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह को फोन लगाया गया तो उनके मोबाइल पर घंटी बजती रही। उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# सुबह सीओ और थानाध्यक्ष को सुरक्षा के लिए दिया पत्र, रात में हो गया हमला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के असवा मोहम्मदपुर गांव निवासी सगे भाई ने अपनी सुरक्षा के लिए मंगलवार सुबह पुलिस क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्ष को पत्र देकर सुरक्षा की गुहार लगाई। पुलिस ने तो कोई सुरक्षा नहीं दी, लेकिन शिकायती पत्र देने से नाराज दबंगों ने रात में युवक की जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के बाद छोड़ दिया।मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत असवा मोहम्मदपुर गांव निवासी सचिन वर्मा उर्फ सुरजीत पुत्र मुलीम वर्मा और प्रदीप वर्मा सगे भाई हैं। दोनों का गांव निवासी सुंदर लाल से रंजिश चल रही है। सुंदर लाल ने दो दिन पहले जान से मारने की धमकी दी। इससे डरे युवक सचिन ने मंगलवार सुबह थानाध्यक्ष और



- दबंगों ने सगे भाई पर किया जानलेवा हमला

पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पांडेय को शिकायती पत्र देकर सुरक्षा की गुहार लगाई। पुलिस ने कोई सुरक्षा नहीं दी, लेकिन शिकायती पत्र आने की जानकारी अभियुक्त को मिल गई। इससे नाराज सुंदर लाल ने बाइक से जा रहे युवक सचिन को रोक कर, सुभाष, मंगल, लाल जी, महिला अंजू और अन्य के साथ मिलकर जमकर पीटा। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच बराव कराया। इसके बाद घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने थाने पहुंच कर तहरीर दी। आरोपी को पकड़कर पुलिस लाई, लेकिन बातचीत के बाद उसे थाने से ही छोड़ दिया गया। इससे पीड़ित के साथ अन्य लोगों में नाराजगी है। मालूम हो कि पीड़ित की तरफ से विधान सभा क्षेत्र के विधायक ने भी थानाध्यक्ष को फोन कर कार्यवाई के निर्देश दिए, लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया।

## अपराधी को है संरक्षण

दबंग की पिटाई के मामले में प्रभारी निरीक्षक प्रमानंद तिवारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अपराधी सुंदर लाल को मेरा संरक्षण है। किसी भी अपराधी को मारपीट और जान से मारने की धमकी के मामले में जेल नहीं भेज सकते न ही थाने में ही बैठा सकते हैं।

# पूर्वजों ने राममंदिर आंदोलन पर न्योछावर की थी जान

- अब पैदल जाकर ये युवा देखेंगे अयोध्या धाम
- कड़ाके की ठंड में बहराइच से अयोध्या दर्शन को युवाओं ने पैदल शुरू की यात्रा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के नानपारा क्षेत्र निवासी युवा बुधवार सुबह पैदल अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर के लिए रवाना हुए। ग्रामीणों ने युवाओं को ढोल नगाड़े बजाते हुए पुष्प वर्षा कर अयोध्या के लिए रवाना किया। माहौल भक्तिमय के साथ भावुक हो गया। नानपारा के घसियारन टोल मोहल्ला निवासी अभिषेक शुक्ला व्यापारी हैं। वह बुधवार सुबह अपने सहयोगी रोहित यादव के साथ अयोध्या के लिए रवाना हुए। सुबह नौ बजे सभी के पैदल यात्रा को मोहल्ले के लोगों ने बढ़ाई दी। ढोल नगाड़े और पुष्प वर्षा के साथ दोनों युवा अयोध्या के लिए रवाना हुए। नानपारा में स्थित पुराने बहराइच बस अड्डे के पास अन्य युवाओं ने डांस भी किया। अभिषेक शुक्ला और रोहित यादव ने बताया कि भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के लिए हमारे पूर्वजों ने अपनी जान दे दी। ऐसे में हम सभी नानपारा और देश की खुशहाली के लिए अयोध्या प्रभु के दर्शन के लिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह सभी 175 किलोमीटर की पैदल दूरी 15 जनवरी तक पूरी कर लेंगे। इसके बाद भगवान के दर्शन कर वापस आ जायेंगे। यात्रा को लेकर नानपारा पुलिस ने नगर में सुरक्षा भी प्रदान किया।

# अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर प्रशासन अलर्ट, एसपी ने किया पैदल गश्त

- बोलीं- लोग अयोध्या की ओर न करें रुख, लोगों को किया जा रहा जागरूक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में लोग अयोध्या की ओर रुख न करें। इसके लिए एसपी ने शहर में पैदल मार्च कर लोगों को जागरूक किया। एसपी ने शहर के मुख्य मार्गों पर गश्त कर लोगों से वार्ता किया। एसपी ने बताया कि बस आपरेटर्स एसोसिएशन के जिम्मेदारों से भी कहा गया है कि अयोध्या कार्यक्रम के दौरान सड़कों



पर प्रेशर रहेगा। स्थान स्थान पर बैरियर होने से वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी ऐसी स्थिति में बसों का संचालन कम करें। ग्रामीण अंचलों की जनता को रोकने व जागरूक करने को ग्राम प्रधानों का सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बहराइच की ओर से अयोध्या को कोई खतरा न हो इसलिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। संदिग्ध व सूचीबद्ध अपराधियों पर निगहबानी को सर्विलांस के माध्यम से नजर रखी जा रही है। ताकि नेपाल या जिले से कोई अपराधी तत्व अयोध्या में विघ्न उत्पन्न न कर सके। विस्तृत छानबीन के लिए खुफिया तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। नेपाल सीमा के सुरक्षा की प्राथमिक जिम्मेदारी एसएसबी की है। पुलिस समन्वय स्थापित कर सूचनाओं का आदान-प्रदान कर अपराधी तत्वों को रोके।

## एक माह के लिए अयोध्या ड्यूटी में जाएंगे 15 डॉक्टर

- दो एंबुलेंस व स्वास्थ्य कर्मियों की भी लगाई गई ड्यूटी

15 जनवरी से 15 फरवरी तक डॉक्टर ड्यूटी अयोध्या में करेंगे। श्री राम मंदिर की 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए जिले के 15 डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। 15 जनवरी से लेकर 15 फरवरी तक यह सभी लगातार एक माह वहां रहकर ड्यूटी करेंगे। इसके अलावा दो एंबुलेंस व कई स्वास्थ्य कर्मी भी अयोध्या में ड्यूटी करेंगे। वहीं आगामी एक माह तक स्वास्थ्य कर्मियों के अवकाश भी निरस्त करने का काम किया जा रहा है। अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए जिले के डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जा रही है। सीएमओ डाक्टर एसके सिंह ने बताया कि यहां से 15 डॉक्टर, फार्मासिस्ट,एलटी, स्टाफ नर्स व वार्ड बॉय की ड्यूटी लगाई जा रही है। इसके साथ ही दो एएलएस एंबुलेंस भी भेजी जा रही है यह स्वास्थ्य कर्मी 15 जनवरी से 15 फरवरी तक अयोध्या में रहकर ड्यूटी का संचालन करेंगे। विभाग से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी बताते हैं कि जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था न बाधित होने पाए इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों व चिकित्सकों के अवकाश भी निरस्त किए जा रहे हैं। सीएमओ का कहना है कि अयोध्या में डॉक्टरों की ड्यूटी लगने से यहां की स्वास्थ्य सेवाओं पर असर नहीं पड़ेगा। जिले में 14 सीएचसी व करीब 40 पीएचसी है जहां पर तैनात डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी लोगों का इलाज करने का काम करते हैं।

# फंदे से लटकता मिला नवविवाहिता का शव

- सोने की चेन और नकदी के लिए बेटी की हत्या का आरोप, दी तहरीर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत उधरना सरहदी के मजरा गंगा मुखियापुरवा निवासी रवी कुमार पाण्डेय पुत्र माधवराव पाण्डेय ने थाने पर सूचना दिया कि उसकी पत्नी गरिमा पाण्डेय (24) पुत्री विनोद कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार शाम को घर के कमरे का अंदर से दरवाजा बंद करके फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। इसकी जानकारी मायके में दी गई।जिस पर मृतका के पिता विनोद कुमार तिवारी निवासी रघुरामपुर जैसौरा बेटी की ससुराल पहुंचे। उन्होंने बताया कि बेटी के ससुराल के लोग नगदी व गाड़ी की मांग करते रहते थे। लड़की की शादी 2 मई 2021 में अपने हैसियत के हिसाब से दान दहेज देकर किया था, लेकिन शादी के बाद से परिजन सोने की जंजीर गाड़ी व नगदी को लेकर प्रताड़ित किया करते थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद आत्महत्या का रूप दे दिया। थानाध्यक्ष सूरज कुमार राना ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचायत नाम व अन्य विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दीये की रोशनी से घरों को जगमग कर जलाएं श्रीराम की ज्योति

- रामलला के आने की खुशी में मनाएं दीवाली

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

श्री ब्रह्मा जी की तपोभूमि ब्रह्माइच (बहराइच) के कैसरगंज खंड के खण्ड कैसरगंज के न्याय पंचायत -डढैला के ग्राम पबना, अचेहरा, यमलार्जुन पुर सहित खंड के 76 में से 75 ग्रामों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक वासुदेव के कुशल नेतृत्व एवं सह जिला कार्यवाह अंकुश के संचालन में प्रत्येक ग्राम के सभी हिंदू परिवारों में श्री अयोध्या धाम से आए हुए पूजित अक्षत एवं भव्य राम मंदिर का प्रतीक स्वरूप चित्र एवं पत्रक पहुंचा जा रहा है एवं सभी राम भक्तों से अनुरोध किया जा रहा है कि 22 जनवरी के दिन दोपहर में मंदिरों पर सामूहिक





एकत्रीकरण करके भजन कीर्तन एवं रामधुन का गायन एवं वादन किया जाए , सूर्यास्त के बाद प्रकाश उत्सव मनाया जाए। कैसरगंज खंड के कई न्याय पंचायत में सभाओं का भी आयोजन किया गया सभाओं को संबोधित करते हुए जिला संघ चालक वासुदेव ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जन जन के हृदय में बसने वाले पूरे विश्व को समरत्ता का संदेश देने वाले हैं हम लोग बहुत ही भाग्यशाली हैं 500 वर्षों के संघर्ष के बाद आज मधुर बेला हम सबके बीच भगवान रामलीला 22 जनवरी को विराजमान होने जा रहे हैं इससे बड़ा पर्व और कोई नहीं हो सकता हम सब को बढ़-चढ़कर इस पावन पर्व को सनातन परंपरा के अनुसार मनाना चाहिए एवं उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करना चाहिए। इसी क्रम में पयागपुर खंड के कोर्ट बाजार काशी जोत भूपगंज सत्संग नगर कॉलोनी सहित 21 ग्रामों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग तंत्र चालक परमेश्वर के नेतृत्व एवं राम जी जिला बौद्धिक प्रमुख के संचालन में श्रीधाम से आए पूजित अक्षत श्री भव्य राम जन्मभूमि मंदिर के प्रतीक स्वरूप चित्र एवं पत्रक का लगभग 1500 हिंदू परिवारों में बुधवार को वितरण किया गया तथा विभाग संचालक द्वारा प्रत्येक राम भक्त से आग्रह किया की अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले के मंदिरों को दिवाली के दिन की तरह रंग बिरंगी रोशनी एवं फूलों से सजाया जाए। मंदिरों में रामचरित मानस का पाठ कर रामचरित मानस की प्रति भी बांटी जाए। घरों का रोशन कर श्रीराम की ज्योति जलाई जाए।पूरा अवध दीपोत्सव मन कर भव्य राम मंदिर विग्रह कार्यक्रम को सफल बनाये। इस अवसर पर जिला कार्यवाह भूपेंद्र, जिला संपर्क प्रमुख जयसुखलाल, इस अभियान के जिला सह संयोजक अमर खंड कार्यवाह मोहित ,शारीरिक प्रमुख विष्णु प्रताप ,खंड के अभियान प्रमुख ओम प्रताप ,डॉ अरविंद, हनुमत लाल ,खण्ड कार्यवाह जितेंद्र हरिओम, खंड कार्यवाह अशोक ,खंड संघचालक तालुकदार, शुभम, पवन ,राकेश, हीरालाल ,देवकुमार सहित कई राम भक्त उपस्थित रहे।

## अयोध्या से आए पूजित अक्षत का घर-घर हुआ वितरण

जरवल रोड बाजार के गल्ला मंडी स्थित शिव मंदिर परिसर में बुधवार को अयोध्या से आए पूजित अक्षत का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया। वितरण का कार्य विश्व हिंदू परिषद की जिला इकाई संरक्षक रघुनाथ प्रसाद श्रीवास्तव ने किया। रघुनाथ ने बताया की प्रभु श्री राम 14 वर्ष का वनवास पूरा कर जब अयोध्या वापस लौटे थे, तब अयोध्या के नगर वासियों ने दीपावली मना कर उनकी वापसी पर खुशी जताई थी। वैसे ही 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में हम सब जरवल रोड नगर वासी मिलकर दीपावली मनाएंगे। संपर्क अभियान में लोगों से अपील किया जा रहा है की 22 जनवरी की शाम वह घरों के बाहर दीपक जलाएं। इस दौरान ओम प्रकाश अवस्थी, प्रवीण सिंह, राजेश श्रीवास्तव, अवध बिहारी दीक्षित, शरद पोरवाल, प्रवीण श्रीवास्तव, राजेश शुक्ला, राहुल सिंह राजासहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# इमोशन से नहीं, विकास को देखेगा रायबरेली

## भय मुक्त समाज और विकास की परिकल्पना को भाजपा ही कर सकती साकार : दिनेश सिंह

▸ 2024 में भारी बहुमत के साथ बीजेपी का प्रत्याशी पहुंचेगा संसद



रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

स्वतंत्र प्रभार उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने प्रेस वार्ता आहुतकर कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना कांग्रेस जिला अध्यक्ष के द्वारा दिए गए बयान पर कटाक्ष करते हुए उद्यान मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस को नसीहत देते हुए बताया कि 2019 का चुनाव भी सभी लोगों ने देखा होगा अल्लाह अल्लाह कर कर जीती सोनिया गांधी चुनाव दांत खट्टे करवाने का काम किया था भारतीय जनता पार्टी ने 3न्45 लाख वोट पाकर भारतीय जनता पार्टी द्वितीय स्थान पर जरूर रही लेकिन या कह देना कि अगर आप सिर्फ सर्टिफिकेट लेने और नामांकन करने रायबरेली पहुंचेंगे और जीत का सहारा पहन लेंगे तो वह दिन कांग्रेस अब भूल जाए भारतीय जनता पार्टी पूरी मेहनत के साथ चुनाव लड़ेगी और मुझे पूरी उम्मीद है कि 2024 में रायबरेली से कांग्रेस का सुपाड़ा साफ करेगी रायबरेली की जनता मौका था रायबरेली महोत्सव को लेकर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देना लेकिन पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए उद्यान मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने साफ तौर पर कहा कि न्याय यात्रा तो पहले भी चली थी और आए हुए नतीजे से आप बखूबी रूबरू भी हुए हैं और कांग्रेस को हर का सामना करना पड़ा था 2024 के चुनाव में रायबरेली की जनता अब रायबरेली में बदलाव के मूड में है और मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि गांधी परिवार का कोई भी सदस्य चाहे वह जो भी हो चुनाव मैदान में उसे हार का सामना करना पड़ेगा।

### ग्यारह साल से मनाया जा रहा रायबरेली महोत्सव



रायबरेली महोत्सव 2011 से लगातार सर्दियों के मौसम में शहर के जीआईसी ग्राउंड में आयोजित किया जाता रहा है। रायबरेली महोत्सव के संस्थापक स्वर्गीय जमुना प्रसाद गुप्ता जी के द्वारा की गई थी। जिनको अनवरत उनके बेटे राकेश गुप्ता के द्वारा संचालित किया जा रहा है इस समारोह में देशभर से दुकानदार आते हैं और रायबरेली महोत्सव में शामिल होते हैं। जम्मू कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के दुकानदार इस महोत्सव में शामिल होते है। गुजरात से लेकर असम तक के दुकानदार महोत्सव में शामिल होते है।

# चेयरमैन ने असहायों को बांटे कम्बल



उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

शीतलहर को देखते हुए नगर पंचायत कार्यालय फतेहपुर चौरासी में चेयरमैन ने निजी धन से नगर पंचायत के पात्र निवासियों को सर्दी से बचाव के उद्देश्य से कम्बल वितरित किये।

वर्तमान समय में सर्दी का प्रकोप दिन प्रतिदिन तेजी से बढ़ रहा है। शीतलहर को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष मिथलेश कुमार ने करीब 100 लोगों को कम्बल वितरित किये। कम्बल मिलने के बाद नगरवासियों के चेहरे खिल उठे। अब सर्दी के समय इन गर्म कपड़ों को पहनकर सर्दी से बचाव किया जा सकेगा। सभी ने चेयरमैन को धन्यवाद दिया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी अरविंद सिंह, गौ रक्षक दल जिला उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय, कुलदीप शुक्ला, नितिन जायसवाल, बउवा पाण्डेय, विनीत, विजय, कृष्णपाल आदि लोग मौजूद रहे।


## सूचना

मेरे आर्मी रिकार्ड में भूलवश मेरी माता का नाम मूर्ति देवी जन्मतिथि 01/07/1958 अंकित हो गयी है, जबकि अन्य दस्तावेजो में माता जी का नाम मूर्ति व जन्मतिथि 01/01/1955 अंकित है, जो सही है। जिसे मेरे अभिलेखों में दर्ज किया जाए।
आर्मी नंबर 3000606M हवलदार विजयपाल सिंह चौहान
**विजयपाल सिंह चौहान पुत्र घसीटु निवासी 244 जसाला शामली जिला शामली उ0प्र0/ वर्तमान तैनाती आर.आर.सी. फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।**

## सूचना

मेरे आर्मी रिकार्ड में भूलवश मेरी माता का नाम आशा पांडेय जन्मतिथि 01/01/1963 अंकित हो गयी है, जबकि अन्य दस्तावेजो में माता जी का नाम आशा पांडेय व जन्मतिथि 01/01/1953 अंकित है, जो सही है। जिसे मेरे अभिलेखों में दर्ज किया जाए।
आर्मी 2997369P हवलदार अजीत कुमार पांडेय
**अजीत कुमार पांडेय पुत्र आदित्य पांडेय निवासी ग्राम कोइरीपुर (खुर्द) पोस्ट रामापुर हथियार तहसील पिण्डरा वाराणसी उ0प्र0/वर्तमान तैनाती आर.आर.सी. फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।**

## सूचना

मेरे आर्मी रिकार्ड में भूलवश मेरे पिता का नाम अवधेश प्रसाद उपाध्याय व जन्मतिथि 01/07/1962 अंकित हो गयी है, जबकि अन्य दस्तावेजो में पिता जी का नाम अवधेश शर्मा व जन्मतिथि 01/01/1955 अंकित है जो सही है। जिसे मेरे अभिलेखों में दर्ज किया जाए।
आर्मी 3003650F नायक प्रबोध कुमार उपाध्याय
**प्रबोध कुमार उपाध्याय पुत्र अवधेश शर्मा निवासी वार्ड 16 ब्राहमण टोला मड़वा जिला रीवा मध्यप्रदेश/वर्तमान तैनाती आर.आर.सी. फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।**

## सूचना

मेरे आर्मी रिकार्ड में भूलवश मेरी माता का नाम बाहती देवी जन्मतिथि 01/07/1960 अंकित हो गयी है, जबकि अन्य दस्तावेजो में माता जी का नाम बोहती व जन्मतिथि 01/01/1950 अंकित है जो सही है। जिसे मेरे अभिलेखों में दर्ज किया जाए।
आर्मी नंबर 3003952N नायक सुनील कुमार
**सुनील कुमार पुत्र जय किशन निवासी वार्ड 5 रामनगर गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा/वर्तमान तैनाती आर.आर.सी. फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।**

## सूचना

मेरे आर्मी रिकार्ड में भूलवश मेरे पिता का नाम घसीटु जन्मतिथि 01/07/1955 अंकित हो गयी है, जबकि अन्य दस्तावेजो में पिता जी का नाम घसीटु व जन्मतिथि 01/01/1960 अंकित है, जो सही है। जिसे मेरे अभिलेखों में दर्ज किया जाए।
आर्मी 3000606M हवलदार विजयपाल सिंह चौहान
**विजयपाल सिंह चौहान पुत्र घसीटु निवासी 244 जसाला शामली जिला शामली उ0प्र0/वर्तमान तैनाती आर.आर.सी. फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।**

## सूचना

मेरे आर्मी रिकार्ड में भूलवश मेरी पुत्री का नाम मेनका कुमारी व जन्मतिथि 19/10/2006 अंकित हो गयी है, जबकि अन्य दस्तावेजो में मेरी पुत्री का नाम मोना कुमारी व जन्मतिथि 15/10/2008 अंकित है, जो सही है। जिसे मेरे अभिलेखों में दर्ज किया जाए।
आर्मी 3000459P हवलदार विष्णु कुमार
**विष्णु कुमार पुत्र बदले सिंह निवासी जुगला पट्टी कॉलोनी उच्चैन जिला भरतपुर राजस्थान/वर्तमान तैनाती आर.आर.सी. फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।**


## खबरें एक नजर में

### छात्र-छात्राओं ने मनाया हिन्दी दिवस



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कस्बा स्थित महावीर स्टड़ी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में विश्व हिंदी दिवस बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। हिंदी विभागाध्यक्ष नीरू वाजपेयी ने बच्चों को हिंदी भाषा की समृद्धता के विषय में विस्तार से बताया तथा कहा किभूटान,नेपाल,मालदीप,थाईलैंड,कनाडा, त्रिनिड,टोबैगो,में हिंदी बोलने वालों की काफी संख्या है ।परंतु हम अपने देश में हिंदी बोलने में शर्म महसूस करते हैं ।बच्चों में छवि तथा महिमा ने कविता प्रस्तुत की आकृति ने गीत के माध्यम से हिंदी का समर्थन किया ।कक्षा 9 के आरव,आकर्ष, सुभाष ने भाषण के माध्यम से हिंदी को प्यारी भाषा तथा समृद्ध भाषा बताया। सचिन,आदर्श, अनमोल, आराध्या, उन्नन्ति, मंजरी, छवि,रजनी, अहद,अरुणेंद्र, प्रवीण, दिव्यांशी,श्रुति,अनुष्का,जान्हवी,तृषा ने पोस्टर के माध्यम से हिंदी का समर्थन कियाआदर्श शुक्ला ने हिंदी की यात्रा पर विस्तार से चर्चा की ।प्रधानाचार्य कमल वाजपेयी ने कविता के माध्यम से हिंदी के प्रति अपने उधर व्यक्त किया।

### सोलर पैनल से आच्छादित हुआ विद्यालय



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** स्वदेश सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य दिनेश अवस्थी के अथक प्रयास से विद्यालय में सर्वोटेक सोलर कंपनी ने एक पाँच किलोवाट का सोलर पैनल निशुल्क स्थापित किया कंपनी के इस कार्य से जहां विद्यालय में निर्बाध विद्युत आपूर्ति रहेगी वहीं ग्रिड से जुड़े होने के कारण विद्युत विभाग अतिरिक्त विद्युत को खरीद लेगा जिससे विद्यालय को अतिरिक्त आय की व्यवस्था भी हो जायेगी जो विद्यालय के विकास में सहायक होगी ।इस मौके पर सिस्टम को लगाने का कार्य कंपनी के कर्मचारियों क्रमशः संग्राम, शशि कुमार, बृजेश, योगेन्द्र तथा दुर्गा प्रसाद ने किया वहीं इस मौके पर कविराज -शिवकुमार सिंह शिव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा माता दीन पासी, सामाजिक समरसता मंच सह संयोजक संजीव कुमार एवं स्वयं प्रधानाचार्य दिनेश अवस्थी अपने सभी सहयोगियों के साथ उपस्थित रहे।

### न्याय के लिए एसपी की चौखट पर पहुंचे पिता

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पत्नी व ससुरारी जनों द्वारा प्रताड़ित किए जाने के बाद एक समाचार पत्र के संपादक के आत्महत्या किए जाने के मामले में अभी तक आरोपियों पर कार्रवाई न होने के चलते मृतक के पिता ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली से मुलाकात की है और आरोपियों की गिरफ्तारी कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के सराय दिलावर निवासी संपादक एवं एडवोकेट आशीष कुमार द्वारा पत्नी मां एवं ससुराली जनों द्वारा मारपीट एवं प्रताड़ना से तंग आकर बीते 7 दिसंबर को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी इसके बाद पिता शिव मंगल लाल गुप्ता ने मृतक बेटे की पत्नी सहित ससुरारी जनों पर बेटे को प्रताड़ित करने एवं आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज किया था लेकिन अभी तक आरोपियों पर कोई कार्रवाई न किए जाने को लेकर बुधवार को पिता शिवांगन लाल गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की है और आरोपियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है पिता का आरोप है कि उनके बेटे की पत्नी व ससुराली जनों द्वारा प्रताड़ित किए जाने के बाद बेटे ने आत्महत्या की थी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है लेकिन आरोपियों कि अभी तक गिरफ्तारी नहीं की गई है जिस पर पुलिस अधीक्षक में जल्द से जल्द कार्रवाई करने का श्वसन दिया है।

### श्रीराम जन्मोत्सव की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** रामकथा के तृतीय दिवस राम जन्मोत्सव की कथा सुनाई गई जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव नरीगाड़ा (अब्दुल्लापुर) में चल रही रामकथा के तृतीय दिवस बुधवार को आचार्य प्रखर पंडित जयंत तिवारी ने राम जन्मोत्सव और रामजी की वंशावली के प्रकारों का प्रसंग सुनाया। कथावाचक ने जब राम जन्म की कथा सुनाई तो श्रोता भाव विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि जब अयोध्या में भगवान राम का जन्म होने वाला था, तब समस्त अयोध्या नगरी में शुभ शकुन होने लगे। भगवान राम का जन्म होने पर अयोध्या नगरी में खुशी का माहौल हो गया। चारों ओर मंगल गान होने लगे। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने भी पृथ्वी लोक पर आकर धर्म की स्थापना की। कथा वाचक ने कहा कि आज का व्यक्ति ईश्वर की सत्ता को मानने से भले ही इंकार कर दे, लेकिन एक न एक दिन उसे ईश्वर की महत्ता को स्वीकार करना ही पड़ता है। संसार में जितने भी असुर उत्पन्न हुए सभी ने ईश्वर के अस्तित्व को नकार दिया और स्वंय भगवान बनने का ढोंग करने लगे, लेकिन जब ईश्वर ने अपनी सत्ता की एक झलक दिखाई तो सभी का अस्तित्व धरा से ही समाप्त हो गया। अधर्म के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो लेकिन धर्म के मार्ग पर चलने वाले के आगे अधिक समय तक नहीं टिक सकता। कथा का आयोजन ग्राम वासियों के सहयोग से हो रहा है। इस मौके पर बिपिन विश्वकर्मा, अमित आदि सहित काफी भक्त मौजूद रहे।

# ईवीएम जागरूकता एवं प्रशिक्षण का डीएम ने किया शुभारंभ



रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन तैयारी में जुटा हुआ है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एडीएम वित्त एवं राजस्व कार्यालय के बाहर ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का शुभारंभ किया। जिसमें जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जागरूकता एवं प्रशिक्षण हेतु लोगों को ईवीएम की ट्रेनिंग दी गई और उन्हें ईवीएम के बारे मतदान कैसे करना है उसकी जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा जनपद की समस्त तहसीलों में लोगों को जागरुक किए जाने हेतु प्रदर्शन केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिससे चुनाव से पहले लोगों को ईवीएम के बारे में जागरूक किया जा सके। जिससे कि मतदान के समय किसी तरह की कोई असुविधा ना हो। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पूजा मिश्रा,नायब तहसीलदार ऋषि मिश्रा व कई राजस्व निरीक्षक मौजूद रहे।

### डीएम ने पब्लिक में दिया डेमो

विपक्षी दलों द्वारा ईवीएम पर उठाए जा रहे सवालों के बीच चुनाव आयोग मतदाताओं को ईवीएम और वीवीपैट को लेकर जागरूकता अभियान चला रहा है। रायबरेली में डीएम हर्षिता माथुर ने लोकसभा चुनाव से पहले ईवीएम वीवीपैट जागरूकता शिविर का शुभारंभ किया। इस जागरूकता शिविर में डीएम ने पब्लिक को डेमो दिया। डीएम हर्षिता माथुर ने बताया कि ये अभियान जिले की सभी तहसीलों में किया जाएगा। इसके साथ ही अगर चुनाव आयोग के निर्देशानुसार ब्लॉकों में भी आयोजित किया जा सकता।

### डीएम ने श्रमिकों को प्रमाण पत्र देकर किया लाभान्वित



▸ 1014 लाभार्थियों को 3 करोड़ 86 लाख से अधिक की धनराशि दी गई

डीएम हर्षिता माथुर के निर्देश पर श्रम विभाग के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पूरे जनपद में 1014 श्रमिकों को 3 करोड़ से अधिक की धनराशि प्रदान करके लाभान्वित किया गया। फिरोज गांधी ऑडिटोरियम सभागार में श्रम विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने निर्माण श्रमिकों को प्रमाण पत्र देकर लाभान्वित किया गया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के लिए चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ उनको दिलाया जाए। साथ ही श्रमिकों को समय-समय पर जागरूक भी किया जाए जिससे कि अन्य लोगों को भी इन योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि योजनाओं से श्रमिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। साथ ही उन्हें अपने श्रम का उचित लाभ भी मिलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से श्रमिकों को अपनी बात रखने का अवसर मिलता है साथ ही उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम होते रहने चाहिए।

**डीएम ने श्रमिको से की अपील योजनाओं का उठाए लाभ :** जिलाधिकारी ने उपस्थित श्रमिकों से अपील की गई कि श्रम विभाग की योजनाएं श्रमिकों के लिये बहुत ही कल्याणकारी है। सभी निर्माण श्रमिक बन्धु अपना पंजीयन करा कर योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जनपद में कुल 2,54,179 दो लाख चौवन हजार एक सौ उन्यासी निर्माण श्रमिकों का पंजीयन है, उपस्थित समस्त श्रमिक अपने जानने वाले अन्य श्रमिकों को श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें।

### जिलाधिकारी ने इंदिरा उद्यान का किया औचक निरीक्षण

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने इंदिरा उद्यान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था देखी और साथ ही डीएफओ आशुतोष अग्रवाल को निर्देश दिया कि उद्यान की समय-समय पर निगरानी की जाए और यहां पर सौन्दरिकरण का कार्य कराया जाए। उद्यान में पर्यावरण महत्व के पौधों का रोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि उद्यान में बच्चों के खेलने कूदने, मनोरंजन और झूला झूलने के साधन उपलब्ध कराये जाए। लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए औषधिय वनस्पतियों का भी रोपण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि चूंकि इस उद्यान का उपयोग लोग सुबह-शाम योगा और व्यायाम के लिए करते हैं अतः यहां पर सुरक्षा व्यवस्था भी रखी जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि उद्यान की बाउंड्री वॉल का कार्य अति शीघ्र पूरा कराया जाए। इस अवसर पर डीएफओ रायबरेली, अपर जिला अधिकारी प्रशासन के अतिरिक्त उद्यान के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने एनएचएआई कार्य का किया निरीक्षण

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मुंशीगंज बाई पास और जगतपुर बायपास एनएचएआई द्वारा कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। यदि कार्य में किसी प्रकार की बाधा आती है तो प्रशासन को उससे अवगत कराकर शीघ्र उसका निपटारा कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

### जनपद में मियावाकी पद्धति से किया जाएगा वृक्षारोपण कार्य



डीएम हर्षिता माथुर ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत नगर पालिका क्षेत्र में आने वाले अहमदनगर नजूल में होने वाले वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यहां पर मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण कार्य कराया जाए। मियावाकी के अंतर्गत कम से कम स्थान पर अधिक से अधिक पौधों का रोपण किया जाता है। जिससे पर्यावरण को बचाने में सहायता मिलती है। मियावाकी पद्धति में छोटे शहरी क्षेत्र को सघन हरित आवरण से आच्छादित किया जाता है। उन्होंने डीएफओ को निर्देशित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण का कार्य अति शीघ्र कराया जाए। इसके अंतर्गत 1.39 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई है। 2 हेक्टेयर क्षेत्र में होने वाले इस कार्य को अति शीघ्र धरातल पर लाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। इस अवसर पर नगर पालिका अधिकारी स्वर्ण सिंह, डीएफओ आशुतोष अग्रवाल के अतिरिक्त सभी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### कमरे में लटकता मिला नाबालिक लड़की का शव

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

थुलेंडी चौकी के अंतर्गत हरदोई गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब संदिग्ध परिस्थितियों में एक नाबालिक लड़की का शव घर के अंदर फांसी पर लटकते हुए पाया गया।जानकारी के अनुसार अंजू उम्र लगभग 16 वर्ष पुत्री रामलखन निवासी हरदोई ने अपने घर के अंदर कमरे में रस्सी के फंदे से झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लीद्य घटना की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को दी गईद्य सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थुलेडी चौकी प्रभारी वागीश मिश्रा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैद्य चौकी प्रभारी वागीश मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्यालय में मनाया गया विश्व हिन्दी दिवस




रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में सुभाष हाउस के सौजन्य से विश्व हिन्दी दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के हिन्दी शिक्षक रमाशंकर पाठक ने बच्चों को हिन्दी भाशा के गौरवशाली इतिहास की जानकारी देते हुए इसे जनमानस की भाशा बताया। उन्होंने कहा कि अपने देश में 14 सितम्बर 1949 में हिन्दी भाशा को राजभाशा का दर्जा मिला। लेकिन 10 जनवरी 1975 में जब नागपुर में विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया तो देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी की तारीख को ही विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु विश्व हिन्दी दिवस मनाये जाने का ऐलान किया। इसीलिए 10 जनवरी को प्रतिवर्श विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाता है। हिन्दी भाशा हमारे देश की संस्कृति एवं संस्कार की प्रतिबिम्ब होने के साथ ही देश की एकता का प्रतीक है। स्वामी विवेकानन्द जी ने कहा था कि - 'हमें अपनी मातृभाशा हिन्दी और अपने देश हिन्दुस्तान पर गर्व है।'

विश्व हिन्दी दिवस मनाने का मकसद दुनिया के दूसरे देशों में बसे भारतीयों को एक सूत्र में बांधना भी है। हिन्दी भाशा के सम्मान में स्कूल के बच्चों के विचारों की अभिव्यक्ति के साथ-साथ ही काव्य पाठ भी किया गया।

# जनप्रतिनिधियों ने मुंह मोड़ा तो ग्रामीणों ने खुद उठाया बीड़ा

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

**धन एकत्र कर एक किमी जर्जर लिंक मार्ग पर डलवाई मिट्टी**



सफीपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत गुरुधरी से मौलवीखेड़ा को जोड़ने वाला एक किलोमीटर का जर्जर लिंक मार्ग को बनवाये जाने की जनप्रतिनिधियों से की गई मांग को अनसुना कर दिया गया तो ग्रामीणों ने स्वयं बीड़ा उठाया और धन एकत्र कर जेसीबी से मिट्टी डाल कर उसे चलने योग्य बनाया गया। मार्ग पर पुलिया निर्माण की अपेक्षा की गई है।

विकास खंड के गुरुधरी गांव में उमाकांत कोटेदार के घर से मौलवीखेड़ा छोटी नहर को जोड़ने वाला लिंक मार्ग पिछले एक दशक से जर्जर पड़ा है। जिससे लोगो का इस मार्ग से निकलना दूभर हो रहा था।

गांव निवासी अनिल, मानसिंह आदि ने बताया कि गड्ढों में तब्दील हो चुके इस मार्ग से पैदल निकल पाना भी सम्भव नही था। मार्ग बनवाये जाने को लेकर विधायक और एक वर्ष पूर्व पड़ोस के गांव एक कार्यक्रम में आये सांसद से मांग की गई लेकिन उनकी समस्या को अनसुनी कर दिया गया। जबकि ग्राम प्रधान ने बजट न होने की बात कह कर विवश बताया। थक-हार कर ग्रामीणों ने मार्ग को बनवाये जाने का बीड़ा उठाया और उमाकांत, नीरज, देशराज, राजेश, तेजपाल, अनमोल, सचिन, अशोक, मुनीम, रमाकांत, रामआसरे, कपिल कुमार आदि ग्रामीणों के साथ बैठक कर मार्ग निर्माण स्वयं कराए जाने की रूपरेखा तैयार की। हैसियत के अनुसार चंदा वसूल कर 35 हजार रुपये एकत्र किए गए और जेसीबी से मार्ग पर मिट्टी भरान कराकर उसे चलने योग्य बनाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग को पक्का और इसपर दो पुलियों की आवश्यकता की मांग को तेज किया जाएगा। ग्राम प्रधान का कहना है कि खेतो से मिट्टी निकालने का विरोध के चलते मार्ग नही बन सका।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नटवारा वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 10/01/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नटवारा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 11/01/2024 से 16/01/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 16/01/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | प्राचीन शिव मंदिर के पास शौचालय निर्माण कार्य | 157715.00 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | डामर रोड से बृजेश की बैठक तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 240360.00 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (रामलड़ैते) ग्रा0पं0 नटवारा, शमशाबाद सचिव (आदित्य वर्मा)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत हसनापुर वि0ख0 शमशाबाद, फर्रुखाबाद

पत्रांकः ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 10/01/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हसनापुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 11/01/2024 से 16/01/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 16/01/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | नितिन के घर से कल्लू के घर तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 320166 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | दीपू के घर से संकेत की जगह तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 239343 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | अनमोल की जगह से सचिन की जगह तक मिट्टी व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 343141 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | राजेश की चौपाल से सुरेश के घर तक मिट्टी व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 280523 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | रिंकू के घर से नीरज के खेत तक मिट्टी व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 497461 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (सहदेव) ग्रा0पं0 हसनापुर, शमशाबाद सचिव (अरुण यादव)**

## कार्यालय ग्रा0पं0 पैथान खुर्द बुजुर्ग वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 10/01/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पैथान खुर्द बुजुर्ग द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 11/01/2024 से 16/01/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 16/01/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | सर्वेश के घर से देव सिंह के घर तक इंटरलाकिंग व मिट्टी कार्य | 208212 | 4164 | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (प्रदीप कुमार) ग्रा0पं0 पैथान खुर्द बुजुर्ग, नवाबगंज सचिव (बृजनन्दन लाल)**

## कार्यालय ग्रा0पं0 रतनपुर पमारान वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/ग्रा0पं0/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग के अन्तर्गत/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक 10/01/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 अन्तर्गत ग्राम पंचायत रतनपुर पमारान की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 11/01/2024 से दिनांक 16/01/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 16/01/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | जूनियर स्कूल में रसोई निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त/ पन्द्रहवां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.80 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**प्रधान (कीर्ति कुशवाहा) ग्रा0पं0 रतनपुर पमारान, राजेपुर सचिव (मुनीश यादव)**

## उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश
## कार्यालय अधीक्षक, राजकीय उद्यान, लखनऊ

पत्रांकः 2845-46/ प्रा0पु0प्र0-2024/निविदा 2023-24/ दिनाँकः-09 जनवरी, 2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी समिति/ अधीक्षक, राजकीय उद्यान, लखनऊ द्वारा दिनांक 17, 18 एवं 19 फरवरी, 2024 को राजभवन प्रांगण, लखनऊ में आयोजित होने वाली प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के आयोजन में प्रदर्शनी स्थल पर आवश्यकतानुसार अस्थाई विद्युत कनेक्शन लेना, मेन व सहायक वितरण लाइन बिछाना, प्रदर्शनी स्थल पर प्रकाश, विद्युत सज्जा एवं म्यूजिक सिस्टम तथा माइक, पोडियम आदि की व्यवस्था करना तथा निरन्तर अनुरक्षण करने के कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारों / फर्मों से निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदाओं से सम्बन्धित तिथियाँ एवं समय निम्नवत् तालिका में अंकित की जा रही है-

| क्र0 सं0 | विवरण | प्रदर्शनी स्थल पर आवश्यकतानुसार अस्थाई विद्युत कनेक्शन लेना, मेन व सहायक वितरण लाइन बिछाना, प्रदर्शनी स्थल पर प्रकाश, विद्युत सज्जा एवं म्यूजिक सिस्टम तथा माइक, पोडियम आदि की व्यवस्था करना तथा निरन्तर अनुरक्षण करने का कार्य |
|---|---|---|
| 1 | अनुमानित लागत मूल्य | रु 2,60,000 |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | रु 800 |
| 3 | धरोहर धनराशि | रु 3,500 |
| 4. | निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि | दिनांक 12.01.2024 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 18.01.2024 को अपरान्ह 13:40 बजे तक |
| 5 | प्री-बिड मीटिंग | दिनांक 16.01.2024 अपरान्ह 15:00 बजे से 17:00 बजे तक |
| 6 | निविदा जमा करने की तिथि | दिनांक 12.01.2024 को पूर्वान्ह 11:30 बजे से दिनांक 18.01.2024 अपरान्ह 13:45 बजे तक) |
| 7 | तकनीकी निविदा खुलने की तिथि | 18.01.2024 (अपरान्ह 14:20 बजे) |
| 8 | वित्तीय निविदा खुलने की तिथि | तकनीकी निविदा खुलने के बाद अवगत कराया जायेगा। |

निविदा से सम्बन्धित विवरण, नियम व शर्तें आदि निविदा प्रपत्र पर अंकित होंगी। अधिक जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में अपरान्ह 03:00 बजे से 05:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

अवैतनिक सचिव/अधीक्षक,
प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी समिति
राजकीय उद्यान आलमबाग,
लखनऊ (मो0-99191 08242)

www.upgov.nic.in
Upid-200567 Date-09.01.2024

## आर्थिक तर्कों की साझी विरासत

पहाड़ी राज्यों के संकल्प देश के राजनीतिक महाभारत में राष्ट्रीय नहीं रहते, यह संघर्ष हर मुख्यमंत्री को हिमाचल की वकालत के साथ करना पड़ा। इसी परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का दौरा दिल्ली से अपने अधिकारों के तर्क साझा कर रहा है। प्रदेश पहली बार कोशिशों के नए मुहाने पर अपने अधिकारों के आवरण के साथ आत्मनिर्भर होने की दरगाह खोज रहा है। इस सफर में हमेशा केंद्र का एक पक्ष और उसकी संवेदना का रुख सहायक हुआ है, लेकिन वित्तायोगों के चश्में बदलते ही मुफलिसी का रोग बढ़ गया और केंद्र के तराजू ने हमें राजनीतिक तौर पर आंकना शुरू कर दिया। कभी फौज की वर्दी पहनकर हिमाचली युवा आगे हो जाता था, लेकिन अब राज्यों का कोटा इस कद्र निर्धारित कर दिया कि अवसर कम हो गए। हमारे सन्नाटे हमीं से पूछ रहे, पड़ोसी के मोहल्ले में शोर कैसा है। यानी हमें चुप कराकर केंद्र ने मैदान से पूछा यह बाढ़ का आलम क्या है। हमें पौंग जैसे जलाशयों में डुबोकर राजस्थान से पूछा कि जवाहर नहर में पानी की गति क्या है। पंजाब पुनर्गठन से मिली पर्वतीय हवा से कोई संवाद नहीं, मगर हरियाणा व पंजाब से ही पूछा तुम्हारी इल्तिज़ा क्या है। अब अगर हिमाचल की जमीन का सीना चीरकर निकल रहीं विद्युत परियोजनाएं न्यायोचित रॉयल्टी या जायज वित्तीय अधिकार नहीं दे रहीं, तो क्या इनकी खुशहाली के आलम में प्रदेश की संवेदना बर्फ बनी रहे। राज्य की विद्युत नीति का आत्मसम्मान व यथार्थ अगर केंद्र से अधिकार मांग रहा है, तो यह पहाड़ को ढोने जैसा तर्क क्यों समझा जा रहा। इसलिए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह के साथ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का संवाद केवल गुजारिश नहीं, केंद्र व राज्यों के बीच संबंधों का सेतु है। बीबीएमबी की जो परियोजनाएं पानी के साथ बिजली के अधिकारों पर कुंडली मार कर बैठी हैं, वे चालीस साल के बाद प्रदेश को क्यों न हस्तांतरित हों। शानन विद्युत परियोजना अपनी एक सदी पंजाब को दे देने के बाद भी हिमाचल के भविष्य की सदी को रोक नहीं सकती, लिहाजा लीज खत्म होने के साथ इसका हस्तांतरण अपने साथ रोजाना लगभग अस्सी लाख की आमदनी भी हिमाचल को सौंपेगा। इसी तरह प्रदेश में एसजेवीएन तथा एनएचपीसी द्वारा संचालित विद्युत परियोजनाएं रायल्टी का भुगतान समय सीमा के भीतर करें और उत्तराखंड की तर्ज पर वाटर सैस के अधिकार की मान्यता मिले तो हिमाचल अपने आर्थिक आदर्श कायम कर पाएगा। हिमाचल को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में समझने के लिए पर्वतीय अंचल की विशालता और सीमा को समझना होगा। इसी आधार पर हिमाचली परियोजनाओं का वित्त पोषण 90 ़ 10 की दर में हुआ, लेकिन अब केंद्र पलटी मार रहा है। स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की लागत में अगर इस आधार पर धर्मशाला-शिमला की परियोजनाएं चलतीं, तो अब तक इनके मुकाम तय हो चुके होते। रेलवे परियोजनाओं को भी क्षमता और वाइबिलटी के आधार के बजाय पूर्वोत्तर या जम्मू-कश्मीर की तर्ज पर हिमाचल से जोड़ा जाता, तो अब तक सीमेंट व सेब ढुलाई के अलावा धार्मिक पर्यटन तथा उपभोक्ता वस्तुओं की ढुलाई सस्ती दरों पर हो जाती। अगर अयोध्या के हवाई अड्डे को राष्ट्रीय राजनीति अंतरराष्ट्रीय बना रही है, तो हिमाचल के प्रसिद्ध मंदिरों से जुड़े कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार पर केंद्र को उदार होना चाहिए। चार धाम सडक़ परियोजना का मकसद देश की आस्था का सम्मान है, तो चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, दियोटसिद्ध, कांगड़ा, चामुंडा व बैजनाथ के धार्मिक व पौराणिक इतिहास को राष्ट्रीय परियोजना की प्राथमिकता देते हुए कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार तथा ज्वालाजी मैया के देवस्थल तक ऊना रेल का रुख मोड़ देना चाहिए।

**बीच सदियों पुराने प्रेम एवं सौहार्द के रिश्ते एकाएक तल्ख होते दिखाई दे रहे है। मालदीव की तरफ से लगातार तनाव बढ़ाने वाले बयान आ रहे हैं लेकिन भारत की तरफ से फिर भी संतुलित नीति अपनाई जा रही है। मोदी की लक्षद्वीप यात्रा का उद्देश्य कत्तई किसी भी देश के पर्यटन को नुकसान पहुंचाना नहीं है, बल्कि अपने देश में पर्यटन की नई संभावनाओं को तलाशना है। भारत ऐतिहासिक, सामाजिक-सांस्कृतिक-प्राकृतिक पर्यटन से समृद्ध देश है। मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व का ही परिणाम है कि लुप्तप्रायः भारत के पर्यटन को नया जीवन एवं ऊर्जा मिल रही है। मोदी ने लक्षद्वीप दौरे के साथ ही वहां के पर्यटन को प्रोत्साहित किया।**

# मालदीव की मोदी पर टिप्पणी से उसको बड़ा नुकसान होना तय

ललित गर्ग



**वर्तमान भाजपा सरकार इन स्थितियों पर लम्बे समय से ध्यान दे रही है। उसने पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिये व्यापक योजनाएं बनाई है। 'देखो अपना देश' और 'स्वदेश दर्शन योजना' के मूल में घरेलू पर्यटन को बढ़ाना देना ही है। थीम आधारित टूरिस्ट सर्किट भी इसी उद्देश्य को पूर्ति के लिए विकसित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ईको पर्यटन और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 'अमृतं धरोहर' जैसी पहल की गई है। राज्य सरकारों को भी इसके लिए अपने स्तर पर हर संभव प्रयास करने होंगे। स्थानीय कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और उत्पादों के आधार पर वे पर्यटकों को आकर्षित कर सकते हैं।**

भारत नववर्ष पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लक्षद्वीप की यात्रा पर क्या गये, चीन की कटपुतली बने मालदीव को मिर्ची लग गयी। वहां की नई सरकार और वहां के तमाम लोग इसे अपने पर्यटन उद्योग के लिये गंभीर खतरा मानते हुए भारत एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आपत्तिजनक एवं गैर-जिम्मेदार टिप्पणियां कर दी, नासमझी में की गयी ये टिप्पणियां मालदीप के लिये इतनी भारी पड़ गयी कि भारतीय पर्यटकों ने जहां अपनी मालदीप की यात्रा को रद्द करना प्रारंभ कर दिया, वहीं भारत सरकार की तरफ से भी ऐतराज जताया गया। भारत की त्वरित कार्रवाई को देखकर मालदीप सरकार घबरा गयी और उसने अपने मंत्रियों के बयान से किनारा कर लिया लेकिन साफ है कि भारत और मालदीव के बीच सदियों पुराने प्रेम एवं सौहार्द के रिश्ते एकाएक तल्ख होते दिखाई दे रहे है।

मालदीव की तरफ से लगातार तनाव बढ़ाने वाले बयान आ रहे हैं लेकिन भारत की तरफ से फिर भी संतुलित नीति अपनाई जा रही है। मोदी की लक्षद्वीप यात्रा का उद्देश्य कत्तई किसी भी देश के पर्यटन को नुकसान पहुंचाना नहीं है, बल्कि अपने देश में पर्यटन की नई संभावनाओं को तलाशना है। भारत ऐतिहासिक, सामाजिक-सांस्कृतिक-प्राकृतिक पर्यटन से समृद्ध देश है। मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व का ही परिणाम है कि लुप्तप्रायः भारत के पर्यटन को नया जीवन एवं ऊर्जा मिल रही है। मोदी ने लक्षद्वीप दौरे के साथ ही वहां के पर्यटन को प्रोत्साहित किया। इसकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उन्होंने कहा था कि हमारे पास भी खूबसूरत समुद्र तट है।

इसी के साथ उन्होंने कहा था कि जो लोग रोमांच को पसंद करते है, लक्षद्वीप उनकी टॉप लिस्ट में होना चाहिए। इसके बाद गूगल पर अचानक लक्षद्वीप को सर्च करने वालों की संख्या बढ़ गई। इसी के साथ सोशल मीडिया पर लक्षद्वीप की खूबसूरत तस्वीरे पोस्ट की जाने लगी। यह बहस चल पड़ी कि जब देश में इतनी खूबसूरत जगह है तो अपनी छुट्टी मनाने कहीं और क्यों जाएं? लोगों को मालदीव की बजाय लक्षद्वीप जाना चाहिए। इससे खफा होकर मालदीव के मोहम्मद मुइज्जु मंत्रीमंडल के तीन मंत्रियो मरियम शिउना, मालशा और हसन जिहान ने जो आपत्तिजनक टिप्पणी की और वहां की सरकार को स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अपने इन तीनों मंत्रियों को हटाना पड़ा है। पर्यटन ही मालदीव की आय का सबसे बड़ा स्रोत है। भारत से करीब दो लाख से ज्यादा लोग हर साल मालदीव की यात्रा करते हैं। मालदीव में मौजूद भारतीय हाई कमिशन के आंकड़ों को मानें तो साल 2022 में 2 लाख 41 हजार और 2023 में करीब 2 लाख लोगों ने मालदीव की यात्रा की है।

ऐसे में यदि लक्षद्वीप जैसे भारत के द्वीपों को प्रमोट किया जाता है तो जाहिर है कि भारत से मालदीव जाने वाले लोगों की संख्या में कमी आएगी, जिसका विपरीत असर वहां के टूरिज्म एवं आर्थिक व्यवस्था पर पड़ेगा। असल में भारत के लोग सैर-सपाटे के शौकीन हैं और इसके लिए वे विदेश जाते हैं तो इससे देश की आर्थिक व्यवस्था पर व्यापक प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं। बड़ी मात्रा में देश की धनराशि तत्काल बाहर जाती है। स्थानीय पर्यटन को प्रोत्साहन देकर यह धनराशि देश में ही रोकी जा सकती है, इससे स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहन, रोजगार सृजन और अंततः जीडीपी को बढ़ावा दिया जा सकता है। विदेशी पर्यटन पर खर्च से न केवल घरेलू आर्थिक गतिविधियों की गति बढ़ाने का अवसर गंवा दिया जाता है, बल्कि व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है। वहीं घरेलू पर्यटन स्थलों का अपेक्षित दोहन नहीं होने से उन क्षेत्रों में सभांवित निवेश प्रभावित होता है। वहां विकास गतिविधियां थम सकती हैं, जिससे स्थानीय आर्थिकी सिकुड़ सकती है।

वर्तमान भाजपा सरकार इन स्थितियों पर लम्बे समय से ध्यान दे रही है। उसने पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिये व्यापक योजनाएं बनाई है। 'देखो अपना देश' और 'स्वदेश दर्शन योजना' के मूल में घरेलू पर्यटन को बढ़ाना देना ही है। थीम आधारित टूरिस्ट सर्किट भी इसी उद्देश्य को पूर्ति के लिए विकसित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ईको पर्यटन और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 'अमृतं धरोहर' जैसी पहल की गई है। राज्य सरकारों को भी इसके लिए अपने स्तर पर हर संभव प्रयास करने होंगे। स्थानीय कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और उत्पादों के आधार पर वे पर्यटकों को आकर्षित कर सकते हैं। उन्हें सैलानियों की सुविधाओं के साथ ही सुरक्षा, विशेषकर दूर-दराज के इलाकों में उन्हें सुरक्षा कवच प्रदान करना होगा। पर्यटन के स्तर पर नागरिकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं। हम विदेश में तो कड़े नियमों का पालन करते हैं, लेकिन अपने देश में नियम तोड़ते रहते हैं। याद रहे कि सबका साथ-सबका विकास में सबका प्रयास ज्यादा महत्वपूर्ण एवं प्रभावकारी है। भारत का पर्यटन क्षेत्र विपुल संभावनाओं से भरा है। इससे जुड़ी संभावनाओं को भुनाने से न केवल हमारी विरासत सशक्त होगी, बल्कि आर्थिक वृद्धि और सांस्कृतिक संरक्षण के साथ ही राष्ट्रीय गौरव भी बढ़ेगा। भारत का पड़ोसी देश मालदीव हिंद महासागर पर बसा है और इस कारण यह सुरक्षा की दृष्टि से भी अहम है।

विचार

# भारत के ऋण को नियंत्रित करने की आवश्यकता

**पंजाब के लिए 2023-24 में अनुमानित ऋण-राज्य जीडीपी अनुपात 46.8 प्रतिशत है। इसके बाद हैं बिहार (37.8 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (37.7 प्रतिशत), राजस्थान (36.8 प्रतिशत), केरल (36.6 प्रतिशत), आन्ध्र प्रदेश (33.3प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (32.1 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (30.4 प्रतिशत), तमिलनाडु (25.6 प्रतिशत) और असम (24.4 प्रतिशत)। कुछ छोटे भारतीय राज्यों में बहुत अधिक ऋण-एसजीडीपी अनुपात है। उदाहरण के लिए, अरुणाचल प्रदेश में अनुपात 53प्रतिशत है। उच्च ऋण-एसजीडीपी अनुपात वाले राज्यों में पंजाब, नागालैंड, मणिपुर और मेघालय शामिल हैं। राज्य सरकार के ऋण में उनके समग्र उधार का 65 प्रतिशत शामिल है। वे अप्रैल और नवंबर 2023 के बीच 28 प्रतिशत बढ़े।**

भारत के वर्तमान सामान्य सरकारी ऋण के बारे में तुरंत घबराहट की आवश्यकता नहीं है, परन्तु अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की चेतावनी कि यह मध्यम अवधि मेंया 2028 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 100 प्रतिशत से अधिक हो सकता है, चिंता का विषय है। आईएमएफ ने कहा है कि दीर्घकालिक जोखिम अधिक हैं और उसने श्वित्तपोषण के नये और अधिमानतः रियायती स्रोतों की आवश्यकता पर भी जोर दिया। दिलचस्प बात यह है कि आईएमएफ के भारत के कार्यकारी निदेशक, के.वी सुब्रमण्यन ने कहा संप्रभु ऋण से जोखिम बहुत सीमित हैं क्योंकि यह मुख्य रूप से घरेलू मुद्रा में दर्शाया गया है। पिछले दो दशकों में वैश्विक अर्थव्यवस्था का सामना करने वाले झटके की भीड़ के बावजूद, भारत का सार्वजनिक ऋण-से-जीडीपी अनुपात 2005-06 में 81 प्रतिशत से बढ़कर 2021-22 में 84 प्रतिशत हो गया था जो 2022-23 में पुनः 81प्रतिशत हो गया।

आईएमएफ ने 2023 में वैश्विक ऋण के.97 खरब होने का आकलन किया है। आईएमएफने कहा कि भारत को अपने सार्वजनिक ऋण को कम करने के लिए मध्यम अवधि में महत्वाकांक्षी राजकोषीय समेकन की आवश्यकता है। इसने कहारू श्निकट अवधि में एक तेज वैश्विक विकास की मंदी व्यापार और वित्तीय चौनलों के माध्यम से भारत को प्रभावित करेगी। आगे वैश्विक आपूर्ति व्यवधानों से आवर्तक वस्तु मूल्य अस्थिरता हो सकती है, जिससे भारत के लिए राजकोषीय दबाव बढ़ सकता है। घरेलू रूप से, मौसम के झटके मुद्रास्फीति के दबाव को प्रज्वलित कर सकते हैं और आगे खाद्य निर्यात प्रतिबंधों को बढ़ावा दे सकते हैं। यदि स्थितियां बहुत अच्छी हुई तो इसके विपरीत अपेक्षित उपभोक्ता मांग और निजी निवेश को बढ़ावा दे सकता है।श

आईएमएफअपने बयान के अंतिम भाग के बारे में बिल्कुल सही है कि भारत में लगातार बढ़ती उपभोक्ता मांग उच्च उत्पादन, आपूर्ति और निवेश को प्रेरित कर रही है। भारत की आयात-नेतृत्व वाली अर्थव्यवस्था मौजूदा वैश्विक मंदी के खिलाफकुछ हद तक अछूता है। अप्रत्याशित परिस्थितियों को छोड़कर, अर्थव्यवस्था को अगले 10 वर्षों में कम से कम तेज गति से बढ़ने की उम्मीद है। पिछले हफ्ते, यह बताया गया कि दुनिया भर की सरकारों द्वारा संचित समग्र सार्वजनिक ऋण 2023 में .97 ट्रिलियन पर था। यह 2019 में जो कुछ भी था, उससे 40प्रतिशत अधिक है।

संयुक्त राज्य अमेरिका में कुल विश्व सार्वजनिक ऋण का 33 प्रतिशत हिस्सा है। अमेरिका का ऋण-जीडीपी अनुपात 123.3 प्रतिशत है। जापान के लिए, यह 255.2प्रतिशत है, जो वैश्विक ऋण का 11प्रतिशत है। इटली का 143.7प्रतिशत है, और इसके बाद फ्रांस (110प्रतिशत), कनाडा (106.4प्रतिशत), यूके (104 प्रतिशत), ब्राजील (88.1 प्रतिशत) और चीन (83 प्रतिशत) है। पिछले एक दशक में कुल वैश्विक ऋण में . 100ट्रिलियन की वृद्धि हुई है, जो सरकारों, घरों और निजी क्षेत्र द्वारा ऋण संचय की गति को एक साथ दिखाती है। 2023 की पहली छमाही में, दुनिया के जीडीपी के 336प्रतिशत के लिए कुल वैश्विक ऋण . 307 ट्रिलियन का लेखांकन था। अभी के लिए, भारत सरकार की ऋण की स्थिति निश्चित रूप से बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के संदर्भ में चिंताजनक नहीं है।

हालांकि, देश के कई राज्यों की ऋण स्थिति के बारे में भी ऐसा नहीं कहा जा सकता है, जो सीमित राजस्व सृजन क्षमताओं का सामना कर रहे हैं, जिससे बड़े पैमाने पर ऋण सेवा समस्याएं होती हैं। राज्यों को हर साल अधिक उधार लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है तथा उनके ऋण का बोझ बढ़ना जारी है। पंजाब के लिए 2023-24 में अनुमानित ऋण-राज्य जीडीपी अनुपात 46.8 प्रतिशत है। इसके बाद हैं बिहार (37.8 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (37.7 प्रतिशत), राजस्थान (36.8 प्रतिशत), केरल (36.6 प्रतिशत), आन्ध्र प्रदेश (33.3प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (32.1 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (30.4 प्रतिशत), तमिलनाडु (25.6 प्रतिशत) और असम (24.4 प्रतिशत)। कुछ छोटे भारतीय राज्यों में बहुत अधिक ऋण-एसजीडीपी अनुपात है। उदाहरण के लिए, अरुणाचल प्रदेश में अनुपात 53प्रतिशत है। उच्च ऋण-एसजीडीपी अनुपात वाले राज्यों में पंजाब, नागालैंड, मणिपुर और मेघालय शामिल हैं। राज्य सरकार के ऋण में उनके समग्र उधार का 65 प्रतिशत शामिल है। वे अप्रैल और नवंबर 2023 के बीच 28 प्रतिशत बढ़े। आर्थिक गतिविधि में मंदी के कारण एसजीडीपी विकास को नकारात्मक जोखिम हो सकता है।

केंद्रीय और राज्य सरकारों के बढ़ते ऋण स्वयं एक विकासशील संघीय अर्थव्यवस्था में स्वाभाविक लगेंगे। दुर्भाग्य से, इन सरकारी ऋणों के पीछे के कारण विकास की तुलना में निःशुल्क सेवा एवं धन देने के साथ अधिक जुड़े हुए प्रतीत होते हैं। दोनों केंद्रीय और राज्य सरकारें चुनाव जीतने के लिए एक आंख के साथ कम आय वाले समूहों को बड़े पैमाने पर निःशुल्क सेवा और नकद दे रही हैं।

## हिट एंड रन कानून पर जागरुकता जरूरी

प्रो. मनोज डोगरा

भारत एक लंबी विरासत को समय के साथ लिए चल रहा है। आगे विकास की गाथा में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। समय के साथ-साथ आवश्यकता अनुसार हर चीज में परिवर्तन प्रकृति का नियम है। उसी प्रकार से देश में कुछ समय से पूराने कानूनों में संशोधन कर नए नियम बनाए जा रहे हैं जिनमें अब चर्चा में हिट एंड रन का नया कानून है। भारतीय न्याय संहिता में कई नए प्रावधान जोड़े गए हैं और अपडेट किए गए हैं, जिसमें से एक प्रावधान को लेकर देशभर में वाहन चालकों का विरोध जारी है।

विरोध का कारण 'हिट एंड रन' का नया कानून है, यानी एक्सीडेंट होने के बाद भागने पर मिलने वाली सजा के नियमों में बदलाव पर ट्रक और बस ड्राइवर विरोध कर रहे हैं। नए हिट एंड रन कानून के तहत अगर रोड एक्सीडेंट में किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है और ड्राइवर एक्सीडेंट एरिया से भाग जाता है तो उसे 10 वर्ष तक की सजा हो सकती है। सजा के साथ-साथ ही मौके से भागने वाले ड्राइवर को जुर्माना भी देना पड़ेगा। हिट एंड रन के मामले तब होते हैं जब चालक लापरवाही से गाड़ी चलाते समय किसी व्यक्ति के जीवन, स्वास्थ्य या संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं और उसके बाद संबंधित कानूनी अधिकारियों के साथ अपने वाहन और ड्राइविंग लाइसेंस को पंजीकृत करने में विफल रहते हैं। आम आदमी के शब्दों में, हिट एंड रन का मतलब गाड़ी चलाते समय किसी व्यक्ति या संपत्ति को मारना और फिर भाग जाना है। सबूतों और गवाहों के अभाव के कारण दोषियों की पहचान करना और उन्हें सजा देना बहुत कठिन हो जाता है। हालांकि ऐसे कई उदाहरण हैं जब कानून ने उन्हें दोषी ठहराया है। हिट एंड रन के मामलों में सबसे बड़ा मुद्दा किसी भी प्रत्यक्ष सबूत का न होना है। आम तौर पर अपराधी को अपराध स्थल पर खड़ा करने के लिए कोई पुख्ता सबूत नहीं होता है। इससे पुलिस के लिए जांच को आगे बढ़ाना बहुत मुश्किल हो जाता है। कभी-कभी तेज रफ्तार वाहनों और अत्यधिक भीड़ के कारण गवाह भी जांच में मदद नहीं कर पाते हैं। साथ ही गवाह अक्सर कानूनी पचड़े में नहीं फंसना चाहते।

पुलिस को ऐसे मामलों में अप्रत्यक्ष सबूतों पर निर्भर रहना पड़ता है। जांच के लिए अपराध स्थल की बहुत सटीक और सावधानीपूर्वक निगरानी की आवश्यकता होती है। दुर्घटना के गवाह भी पीड़ितों की मदद करने के इच्छुक और अनिच्छुक नहीं हैं। इससे काफी जनहानि होती है। वर्ष 2013 में, शीर्ष अदालत ने सरकार को अच्छे लोगों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने का निर्देश दिया। हालांकि ये कानून बनने के बाद भी ज्यादातर कागजों पर ही उपलब्ध हैं। हालांकि कर्नाटक जैसे कुछ राज्यों में ये कानून बहुत महत्व रखते हैं। हिट एंड रन दुर्घटना के बाद आपके द्वारा की जाने वाली कार्रवाई चिकित्सा और कानूनी दोनों कारणों से महत्वपूर्ण है। कानूनी दृष्टिकोण से, वे इस बात पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं कि क्या आपको कोई मुआवजा मिल सकता है, और यदि हां, तो आपको कितना मिलेगा।

अन्य महत्वपूर्ण मामलों के अलावा, आपको यह जानना होगा कि हिट एंड रन कार दुर्घटना के बाद क्या करना है, हिट एंड रन दुर्घटनाओं की रिपोर्ट कहां करनी है, और हिट एंड रन दुर्घटना को कैसे साबित करना है। 1. अगर आपको मौका मिले तो कार की तस्वीर लें। 2. दुर्घटना स्थल पर न जाएं। यदि आप दूसरे ड्राइवर का पीछा करने की कोशिश करते हैं, तो आप स्वयं कानून तोड़ देंगे। 3. यदि आपको या किसी अन्य को चोट लगी हो तो एम्बुलेंस को कॉल करें। 4. पुलिस को दुर्घटनास्थल पर आने के लिए बुलाएं। किसी भी गवाह के साथ संपर्क विवरण का आदान-प्रदान करें। 5. दुर्घटना रिपोर्ट भरते समय पुलिस का सहयोग करें। जितनी जल्दी हो सके दुर्घटना रिपोर्ट की एक प्रति प्राप्त करें। आपका वकील और शायद आपकी बीमा कंपनी इसे देखना चाहेगी। सबसे महत्वपूर्ण बात, किसी कुशल व्यक्तिगत चोट वकील से संपर्क करें। भारतीय न्याय संहिता में हिट एंड रन कानून में जो नए प्रावधान हैं, उसके मुताबिक अगर गाड़ी ड्राइवर हादसे के बाद पुलिस को सूचना दिए बिना फरार होता है तो उसे 10 साल की सजा होगी। इसके साथ ही भारी जुर्माना भी वसूला जाएगा।



## राशिफल

**मेष :-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**वृषभ :-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुन :-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क :-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें।

**सिंह :-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें।

**कन्या :-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला :-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक :-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु :-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकर :-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभ :-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीन :-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तिुष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# श्रीमद्भगवद गीता के ज्ञान को समझें छात्र

डा. वरिंदर भाटिया



**भगवद् गीता का मर्म महत्वपूर्ण है। इसकी व्याख्या अनेक प्रकार से की जाती है। मेरे निजी विचार के अनुसार, एक महाभारत का युद्ध हर मनुष्य को अपने जीवन में लडऩा है। जब तक नहीं लड़ोगे तब तक मुक्त नहीं होंगे। परंतु यह युद्ध लडऩा कहां है? तो श्रीकृष्ण ने 13वें अध्याय में बताया कि यह शरीर ही वह क्षेत्र है जहां यह युद्ध होता है। अब प्रश्न है कि शरीर में किससे युद्ध करना है? तो शरीर में दो सेनाएं हैं। एक पांडव अर्थात पुण्यमयी और एक कौरव अर्थात पापी। इनमें प्रत्येक योद्धा उपस्थित है। और वो इस प्रकार है : अभिमन्यु अर्थात अभय मन। वह मन जिसमें अब भय नहीं हो। जो भय से मुक्त है। अभिमन्यु अर्जुन का पुत्र है। अर्जुन से उत्पन्न हुआ है। अर्जुन का अर्थ है- अनुराग। मनुष्य का इष्ट के प्रति राग ही अनुराग कहलाता है। उसी अनुराग से अभिमन्यु अर्थात अभय मन होता है।**

दुर्योधन अर्थात मोह को अंत में भीम अर्थात भाव ही खत्म करता है। यही गीता समझाना चाहती है, इसीलिए तो गीता हम सबको मिली। वरना अर्जुन तक ही रह जाती। याद रहे कि भगवद गीता का अर्थ मन के स्तर पर है। यह एक सार्वभौमिक ग्रंथ है। इसका स्थान धर्म विशेष से ऊपर है, यह हर समय और स्थान पर प्रत्येक मानव जीवन के लिए प्रासंगिक है।

भगवान श्रीकृष्ण का संदेश न केवल हमारे व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन का मार्गदर्शन करता है, बल्कि हमारे आध्यात्मिक उत्थान और हमारे अस्तित्व के अंतिम लक्ष्य, ईश्वर से मिलन की ओर भी ले जाता है। कॉलेज छात्रों को और हमारे युवा अध्यापकों को, और यहां तक कि नौकरशाहों, राजनेताओं को, ऐच्छिक तौर पर श्रीमद्भगवद गीता के भाव का ज्ञान विशेष रूप से उपयोगी होगा, क्योंकि इनके सामने उनका पूरा जीवन पड़ा है। वे इस ज्ञान को आत्मसात कर लीडरशिप के गुण पैदा कर सकते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के तहत एक कॉलेज ने फैकल्टी सदस्यों और शोधार्थियों के लिए 'श्रीमद्भगवद गीता : ज्ञानोदय और प्रासंगिकता' पर एक सर्टिफिकेट/रिफ्रेशर कोर्स शुरू किया है। दि टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, रामानुजन कॉलेज में भगवद गीता की शिक्षाओं पर आधारित 20 दिन का सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम 22 दिसंबर से शुरू हुआ है और 10 जनवरी 2024 तक चलेगा। इसमें 18 व्याख्यान सहित 20 सत्र होंगे।

कॉलेज द्वारा जारी एक कॉन्सेप्ट नोट के अनुसार, कहा गया है, 'श्रीमद्भगवद गीता जीवन के लिए एक आध्यात्मिक मार्गदर्शक है जो कर्त्तव्य, धर्म और आत्म-बोध के मार्ग पर महत्वपूर्ण, समयातीत सीखों को अपने में समाहित किए हुए है। इससे जुडक़र प्रतिभागी न केवल अपनी आध्यात्मिक समझ को समृद्ध करेंगे बल्कि भारत की सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत से भी परिचित होंगे।' भारत के सबसे प्रामाणिक ग्रंथों में से एक श्रीमद्भगवद गीता को दुनिया भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों में वैकल्पिक या नियमित पाठ्यक्रम के रूप में पढ़ाया जा रहा है। कई स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों ने गीता को अपने पाठ्यक्रम में शामिल किया है। भारत में शीर्ष रैंकिंग वाले पेशेवर संस्थान जैसे आईआईटी, आईआईएम और बिट्स-पिलानी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और विदेशों में ऑक्सफोर्ड, हार्वर्ड जैसे विश्वविद्यालय और सेटन हॉल सहित कई अन्य लोग मानविकी और सामाजिक विज्ञान में अन्य पाठ्यक्रमों के अलावा गीता पढ़ाते रहे हैं। वे अधिकतर मानते हैं कि यह पाठ्यक्रम उनके छात्रों के व्यक्तित्व विकास और पेशेवर क्षमता में मदद करता है। गीता मूल रूप से श्रीकृष्ण, जो ईश्वर के अवतार हैं और अर्जुन, जो महाभारत के युद्ध में धर्मी पक्ष के प्रमुख योद्धा हैं, के बीच एक संवाद है। धर्मग्रंथ की आवश्यक शिक्षाएं व्यक्तिगत इच्छाओं और हमारे कार्यों या कार्य के परिणामों के आंतरिक त्याग का प्रचार करती हैं। इस तरह का त्याग समभाव की ओर ले जाता है, ईश्वर के प्रति हमारे पूर्ण समर्पण को पूरा करता है और विभाजित अहंकार से मुक्ति का समर्थन करता है, जो हमें एकता लाता है। बीसवीं सदी के प्रमुख योगियों में से एक, श्री अरबिंदो इसे इस प्रकार कहते हैं 'गीता हमें कार्यों और प्रकृति की पूर्ण ऊर्जाओं के बीच भी आत्मा की स्वतंत्रता का वादा करती है, यदि हम अपने संपूर्ण अस्तित्व की अधीनता को स्वीकार करते हैं जो अलग करने और सीमित करने वाले अहंकार से अधिक है।'

भगवद् गीता का मर्म महत्वपूर्ण है। इसकी व्याख्या अनेक प्रकार से की जाती है। मेरे निजी विचार के अनुसार, एक महाभारत का युद्ध हर मनुष्य को अपने जीवन में लडऩा है। जब तक नहीं लड़ोगे तब तक मुक्त नहीं होंगे। परंतु यह युद्ध लडऩा कहां है? तो श्रीकृष्ण ने 13वें अध्याय में बताया कि यह शरीर ही वह क्षेत्र है जहां यह युद्ध होता है। अब प्रश्न है कि शरीर में किससे युद्ध करना है? तो शरीर में दो सेनाएं हैं। एक पांडव अर्थात पुण्यमयी और एक कौरव अर्थात पापी। इनमें प्रत्येक योद्धा उपस्थित है। और वो इस प्रकार है : अभिमन्यु अर्थात अभय मन। वह मन जिसमें अब भय नहीं हो। जो भय से मुक्त है। अभिमन्यु अर्जुन का पुत्र है। अर्जुन से उत्पन्न हुआ है। अर्जुन का अर्थ है- अनुराग। मनुष्य का इष्ट के प्रति राग ही अनुराग कहलाता है। उसी अनुराग से अभिमन्यु अर्थात अभय मन होता है। ध्यान रहे कि मन तो पहले ही है, परंतु पहले उसमें भय था। परंतु अनुराग ने उसे अभय बना दिया। जब भक्ति करते हैं तो मन भय से परे कर दिया जाता है। अब भय तो उस मन में है ही नहीं। उधर देखें तो भीष्म का अर्थ है- भ्रम। यहां बड़ा भयंकर योद्धा है। समस्त कौरवों का सेनापति है। यह भ्रम ही है। मनुष्य को जब तक इस संसार के मायाजाल का पता नहीं लगता तब तक भ्रम बड़ी तबाही करता है। परंतु अनुराग अर्थात अर्जुन उसे अपने धनुष से बाणों की शैय्या पर लिटा देता है। धनुष का अर्थ है- ध्यान। अनुरागी व्यक्ति ध्यान के द्वारा अपने भ्रम को हटा देता है। परंतु उसके बाद सेनापति होते हैं द्रोण।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# पुलिस ने पति-पत्नी की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**इकदिल/इटावा, समृद्धि न्यूज।**



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी, सर्विलांस एवं थाना इकदिल पुलिस ने जमीनी विवाद में दम्पत्ति हत्याकांड के आरोपी पुत्र सहित तीन आरोपी गिरफ्तार किये।

घटना के शीघ्र अनावरण हेतु एसओजी/सर्विलांस एवं थाना इकदिल से टीमों का गठन किया गया। एसओजी/सर्विलांस टीम एवं थाना इकदिल पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी, इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम नगला पूठ उद्धनपुरा में दंपती की हत्या करने वाले आरोपी बिरारी पुल के पास खडे है, सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए गठित पुलिस टीम द्वारा बिरारी पुल के पास से एक महिला आरोपी सहित कुल 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

पकडे गये आरोपियों से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी उनके द्वारा बताया गया कि मृतक आशाराम व उनकी दूसरी पत्नी बेबी मिलकर 6 बीघा जमीन बेच चुके थे और शेष बची हुई जमीन को भी बेचना चाहते थे। हम लोगों द्वारा मना करने पर भी नहीं मान रहे थे। इसी कारण जमीन बचाने के लिए हम सब ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से दोनों को फावडा व ईंट से मार दिया तथा हत्या करने के पश्चात ईंट व फावड़ा भागते समय छिपा दिया था। आरोपी की निशादेही के आधार पर आलाकत्ल ईंट व फावड़ा को ग्राम नगला पूठ में उनके घर के अन्दर अर्रू के पेड़ के नीचे से बरामद किया गया। इस सफलता में जयप्रकाश यादव प्रभारी एसओजी, नागेन्द्र चौधरी, का. आलोक, का. अनुज, का. अरविन्द, का. आदेश , का. अंकित, का. गौरव, का. आनंद, का. सुशील, का. सुरजीत, का. विशाल, अमित कुमार थानाध्यक्ष इकदिल, उ.नि. अजय कुमार, उ.नि. संजय यादव, हे.का. कमल किशोर, हे.का. विनय, हे.का. इन्दल, म.का. सीमा वर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

डीएम-एसपी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणो को रोकने के उपाय के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना बाहुल्य स्थानों को चिन्हित करते हुए हाईवे से जोड़ने वाली अन्य सड़कों पर हाईवे से पहले स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं। ताकि आने वाले वाहन की गति धीमी हो सके। सड़क दुर्घटना में संभावित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए साइनिज बोर्ड लगवाए जाए। जिलाधिकारी ने डीआईओएस को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की जन-जागरुकता गोष्ठी आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ में 5 मिनट का बच्चों को यातायात नियमों के बारे में वीडियो दिखाया जाए, जिससे बच्चे यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो सके। रोड सेफ्टी पॉलिसी 4 ई में एजुकेशन जागरुकता इमरजेंसी नंबर केयर संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल में वाहनों की गहन चेकिंग की जाए तथा सभी स्कूल वाहनों की शत-प्रतिशत फिटनेस, बीमा, कागज आदि को चेक किया जाए तथा क्षमता से अधिक बच्चों को ना बठायें बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बीएसए को निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारियों के साथ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर चिन्हित कर लें कि कोई भी गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय नहीं चलने चाहिए। यदि ऐसा कोई विद्यालय चलते मिले तो जुर्माना लगाते हुए आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों की मरम्मत कराएं और कहा कि कोहरे के दृष्टिगत रखते हुए रिफ्लेक्टर लगाने आदि की कार्रवाई समय से करना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक अर्पणा गुप्ता ने यातायात प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि सघन चेकिंग अभियान चलाकर प्रतिदिन चेकिंग की जाए तथा हेलमेंट, सीट बेल्ट के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए तथा हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाने वालों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया जाए।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, राम जी गुप्ता, अल्ताफ रजा, दाऊ तिवारी सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## विभागीय अधिकारियों को शत प्रतिशत वसूली के निर्देश



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेतर की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कर-करेतर से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन के द्वारा निर्धारित करों के लक्ष्यों की पूर्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली करने तथा रजिस्ट्रेशन बढ़ाने हेतु निर्देशित किया।उन्होंने नगर पालिका/नगर पंचायतों को निर्देशित करते हुए कहा कि दुकानों का अग्रीमेंट कराकर ही किराये पर दें तथा लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करें। जिलाधिकारी नें विद्युत् विभाग को वसूली लक्ष्य के सापेक्ष करने, एक मुश्त समाधान योजना में रजिस्ट्रेशन बढ़ाने तथा प्रचार-प्रसार करानें हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त सभी संबंधित विभागों के अधिकारिओं को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभागों की वसूली शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत कराएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह सहित तहसीलदार तथा संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# खबरें एक नजर में

## पनवाड़ी के नेहरू इंटर कालेज में हुआ कार्यक्रम



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जिले के नेहरू इंटर कालेज पनवाड़ी में स्वस्थ युवा स्वस्थ भारत, परीक्षा मित्र एवं मूल्य शिक्षा में चुनौतियां एवं नशा मुक्ति का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ प्रमोद कुमार पाठक की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न कराया गया। अध्यक्षता कालेज अध्यक्ष डॉ राजेंद्र तिवारी ने की। मुख्य अतिथि बीके रेखा बहन, जोनल प्रभारी युवा प्रभाग भोपाल रही। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम को संबोधित किया और इसके बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। डा. प्रेम प्रजापति, डा. अंकिता गुप्ता, बीके मीरा बहन, डा. सतीश गुप्ता कालेज प्रबंधक ने भी अपने विचार रखे। समापन भाषण में अध्यक्ष डॉ राजेंद्र तिवारी ने दिया। संचालन बीके अंगूरी बहन ने किया। कार्यक्रम के समापन के बाद छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया।पुरस्कार पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान भोज राज मुखिया, जागेश्वर प्रसाद, द्वारिका प्रसाद सुल्लेरे दादा, राम लखन सोनी, राकेश दीक्षित, हरि दर्शन नायक, कादरी साहब, सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र मौजूद रहे।

## अवैध गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने एवं अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई द्वारा गठित टीम के उपनिरीक्षक रामकिशन यादव के द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर आरोपी प्रदीप यादव उर्फ अतुल यादव पुत्र छत्रपाल यादव को सुकौरा मोड़ से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम सूखा गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया। न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेजा गया।पुलिस के अभियान से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## पुलिसकर्मियों ने भटके हुए अंधे वृद्ध को उसके घर पहुंचाया

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जनपद पुलिस का मानवीय चेहरा एक बार फिर नजर आया, पुलिस ने रास्ता भटके हुए एक धे वृद्ध को सकुशल उसके रिश्तेदार के घर पहुंचाने में सराहनीय योगदान दिया। यूपी 112 पर सूचना प्राप्त हूई कि एक अंधा बुजुर्ग आदमी उम्र लगभग 80 वर्ष मदद के लिये सबसे गुहार लगा रहा है। बारिश मे भीगा हुआ है व रास्ता भटक गया है। मौके पर पुलिस पहुंची तो उस बुजुर्ग आदमी ने अपना नाम अत्तर सिंह निवासी ग्राम चीकना चकरनगर इटावा बताते हुये कहा कि उसके परिवार मे देखरेख के लिये कोई नही है तथा अब वह बेसहारा है इसीलिये वह अपने रिश्तेदार नेम सिंह निवासी ग्राम मितरौल चकरनगर के यहां जाना चाहता है परन्तु रास्ता भटक गया है। इस पर यूपी 112 कर्मी हे.का. हारुण सिद्दकी, का. देवांशु सैनी तथा चालक धीरेन्द्र सिंह ने उक्त वृद्ध आदमी की मदद करते हुये उसके बताये गये स्थान पर रिश्तेदार नेम सिंह के घर सकुशल पहुंचाया। सकुशल घर पहुंचने पर उक्त वृद्ध आदमी ने इटावा पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित कर प्रशंसा की।

## श्रद्धालुओं के लिये मॉडल सामुदायिक शौचालय का शुभारंभ

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** पिलुआ महावीर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिये मॉडल सामुदायिक शौचालय का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव और पिलुआ महावीर मंदिर के महंत हरभजन दास ने किया। जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव ने कहा की मंदिर में दर्शन के लिये आने वाले श्रद्धालुओं के लिये अभी तक शौचालय की उचित व्यवस्था नही थी इसी लिये उनकी सुविधा के लिये जिला पंचायत के द्वारा सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य, उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, केपी शाक्य, आनंद यादव टंटी, जिला मीडिया प्रभारी विकास गुप्ता, सचिन यादव, रामबाबू प्रधान इत्यादि मौजूद रहे। राजकीय ठेकेदार गौरव यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

## धूमधाम से निकली कलश शोभायात्रा



**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** नगर के मराठी पूरा स्थित श्री बालाजी धाम सरकार में हर साल की तरह इस वर्ष भी बुधवार को दोपहर बाद विशाल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा पुराण का शुभारंभ हो गया। इस मौके पर बालाजी के भक्तों ने बालाजी धाम से एक विशाल कलश यात्रा निकाली जिसमें महिलाएं पीत वस्त्र धारण कर हाथों में कलश लिए मंगल गीत गुनगुनाती हुई चल रही थी। वहीं युवा भक्ति डीजे व बैंड की धुन में थिरकते चल रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान कलश यात्रा में शामिल देवी देवताओं की झांकियां लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। यह शोभायात्रा नगर के देवी जी मार्ग व तहसील मार्ग से होती हुई पुनः बालाजी धाम पहुंची जहां वृंदावन धाम से पधारे भागवत कैकर्य श्री श्री अवेश्वर प्रपन्ना जी महाराज ने पूजन अर्चन के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए बताया कि मात्र श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से ही मानव मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। गुरुवार से दोपहर 1:00 बजे से भागवत कथा प्रतिदिन कथा वाचक द्वारा सुनाई जाएगी। बालाजी धाम के सेवक बाबा लाल सिंह ने सभी भक्तों से बालाजी धाम पहुंच कथा श्रवण कर अपना जीवन धन्य बनाने की अपील की है।

# प्रतियोगी परीक्षा को लेकर छात्रों में दिखा उत्साह



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर होने वाले साप्ताहिक कार्यक्रम विवेकोत्सव के क्रम में स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन जिले के इंटर कॉलेजों में किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ परीक्षा में हिस्सा लिया। स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसमें 50 अंको के बहुविकल्पित प्रश्न दिए गए थे। प्रतियोगी परीक्षा में पहले दूसरे व तीसरे स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 18 जनवरी को पुरस्कृत किया जाएगा। इस परीक्षा का संचालन जिला संगठन मंत्री अपूर्व ने किया। कार्यक्रम संयोजक शिवम विश्वकर्मा, सोशल मीडिया आदर्श चक्रवर्ती, तहसील मंत्री शिवम तिवारी, कृष्णा पाल सिंह, सुभांशु तिवारी, दीप्ति गुप्ता, उषा, तपस्या ठाकुर, कृष्णा पटेल सहित तमाम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर किया धरना प्रदर्शन व भूख हड़ताल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद एवं उसके घटकों के साथ रेलवे/केन्द्रीय कर्मचारियों का संयुक्त मंच के तत्वाधान में पुरानी पेंशन बहाली हेतु रेलवे मेन्स यूनियन कार्यालय रेलवे परिसर इटावा में धरना प्रर्दान व क्रमिक भूख हडताल करने का निर्णय लिया गया था। जिसमें जनपद के राज्य कर्मचारियों एवं रेलवे कर्मचारी द्वारा सैकडों की संख्या में आज दूसरे दिन भी क्रमिक धरना प्रदर्शन एवं भूख हडताल की, धरना प्रदर्शन एवं आगमी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए चर्चा की।

धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता पीके मण्डल अध्यक्ष रेलवे मेन्स यूनियन इटावा एवं संचालन राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संरक्षक प्रदीप सक्सेना द्वारा किया गया, धरना प्रदर्शन में मुख्य रुप से रेलवे मेन्स यूनियन के इकाई मंत्री दलेल सिंह यादव, पूर्व इकाई मंत्री रामऔतार यादव, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश मिश्रा, जिला मंत्री पवन श्रीवास्तव, कार्यवाहक अध्यक्ष रिजवान अहमद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूरन सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजीव यादव, राजेश कुमार यादव, उत्तर प्रदेश लेखा संघ के जिलाध्यक्ष ललित यादव, सहायक लेखाधिकारी अरुण सक्सेना, शिक्षा विभाग से विश्वविजय त्रिवेदी, सौरभ कुमार, उत्तर प्रदेश पंचायती राज महासंघ के अध्यक्ष अजय कुमार, यत्नेद्र कुमार विजय सिंह, संजीव कुमार, जयसिंह, श्रवण कुमार, दिलाशा राम, राजकुमार, सुभाष चन्द्र, गंगादेवी, रंजीत सिंह, उदयवीर, प्रियरत्न, अशोक कुमार, मान सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, अमित कुमार, नीतीश कुमार, गीता देवी, अनिल कुमार, मनोज कुमार, विनीता, राजेश कुमार, चन्द्रकांत, सुभाष चन्द्र, नीरु, पंचम्, अमलेश कुमार, अमित, श्री दयाल, इन्द्रपाल, अनिल कुमार, राजेन्द्र कुमार, बवीता, किरन देवी, भगवान देवी, मालती, दीपमाला, गंगा देवी, रेखा देवी, उर्मिली, अजय कुमार, सरला देवी, कृष्ण देवी, भगवान दास, नरसिंह पाल, अमिताभ आदि सैकडों की संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने गौशाला निरीक्षण के दौरान सचिव से की पूछताछ

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी अवनीश राय द्वारा कांधनी गौशाला का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां पर उपस्थित सचिव से पूछताछ कर जानकारी ली। गौशाला में मौके पर उपस्थित कुल 168 पशु पाए गए।

उन्होंने गौशाला में अत्यधिक गंदगी होने के कारण नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गौशाला की साफ सफाई जल्द से जल्द कराई जाए तथा पशुओं के चारे पानी आदि की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी बढ़पुरा को तत्काल मौके पर बुलाने के निर्देश । उन्होंने कहा साफ सफाई तथा भूसे,चारे ,पानी आदि की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए ।जिलाधिकारी द्वारा भूसे के गोदाम को देखा गया मूसा की स्थिति कम होने पर उन्होंने सचिव को आज शाम तक स्टॉक पूरा करने के निर्देश । उन्होंने वहां पर उपस्थित पशुओं की चिकित्सा संबंधी सुविधाओं के लिए सीवीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि पशुओं का समय से चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जाए एवं उनके आने-जाने का रखरखाव पंजिका में अवश्य अंकित किया जाएगा जिससे उच्च अधिकारियों द्वारा इन सभी रजिस्टर का अवलोकन किया जाए। जिलाधिकारी ने मौके पर स्टॉक रजिस्टर,चिकित्सा रजिस्टर आदि रजिस्टर के उपलब्ध न होने के कारण नाराजगी व्यक्ति की।उन्होंने खंड विकास अधिकारी बढ़पुरा को कड़े निर्देश दिए कि कल शाम तक गौशाला की सारी व्यवस्थाएं व्यवस्थित की जाए तथा कल भी हमारे द्वारा इस गौशाला का निरीक्षण किया जाएगा निरीक्षण के दौरान कमियां पाए जाने पर खंड विकास अधिकारी बढ़पुरा के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, पशु चिकित्साधिकारी सहित सचिव आदि उपस्थित रहे।

## ईवीएम, वीवी पैट प्रदर्शन केन्द्र का हुआ शुभारंभ

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अपर जिलाधिकारी/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 जागरूकता हेतु ईवीएम, वीवी पैट प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना जिला मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालयों पर की गयी है जिसका शुभारम्भ आज जिला स्तर पर उनके द्वारा एवं तहसील मुख्यालयों पर राम्बन्धित उप जिलाधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने जनपद के समस्त सम्मानित नागरिकों को सूचित किया है कि ईवीएम, वीवी पैट की जानकारी हेतु उपरवर्णित प्रदर्शन केन्द्रों पर निर्वाचन की घोषणा तक समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते है।



## रौनक को नुमायश में डीएम, एसपी ने किया सम्मानित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी वर्ष 2023 24 सम्मान समारोह नुमाइश पंडाल में आयोजित हुआ इस कार्यक्रम में शायर रौनक इटावी ने समापन गीत पढा। इस मौके पर अवनीश राय जिलाधिकारी अध्यक्ष नुमाइश कमेटी इटावा और संजय कुमार वर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा ने शायर रौनक इटावी को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पर अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सतपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक क्राइम सुबोध गौतम, पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु त्रिपाठी, सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम राघव सहित इटावा महोत्सव की कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## ओलावृष्टि से हुए फसलों के नुकसान का सर्वे शुरू

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के यमुना नदी किनारे मनकी कला गांव में लेखपाल ने मंगलवार को हुई ओलावृष्टि से फसलों में हुए नुकसान का सर्वे शुरू कर दिया। जिससे किसानों ने राहत महसूस की है। मंगलवार को क्षेत्र के मनकी कला, मनकी खुर्द, उमराहट, मिश्रीपुर, शिवनी, पडुई, टोडरपुर, खरौंज आदि गांव में बेर के आकार की ओलावृष्टि हुई थी। सिवनी गांव निवासी किसान अनिल तिवारी, कृष्णदत्त चतुर्वेदी ने बताया कि मटर, चना, लाही के फूलों में करीब 15 फीसदी का नुकसान है। सारे फूल झड़कर जमीन में बिछ गए हैं। जिससे फसल पैदावार में अंतर आना तय है। बुधवार को लेखपाल गौरी शंकर ने मनकी कला, मनकी खुर्द गांव में किसानों की फसलों का मौके में जाकर सर्वे किया। लेखपाल ने बताया कि मनकी कला, मनकी खुर्द गांव में ओलावृष्टि से फसलों को कोई क्षति नहीं पहुंची है। दो से चार फीसदी फूल में फर्क पड़ेगा।

# हाईवे में कोहरे के कहर ने लील ली तीन जिंदगियां

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।**

सांस्कृतिक कार्यक्रम में डीजे बजाकर घर लौटते हुआ हादसा



खूनी हाईवे के नाम से विख्यात नेशनल हाईवे 34 एक बार फिर से तीन युवाओं के लहू से लाल हो गया। मंगलवार रात करीब एक बजे अज्ञात वाहन इनकी बाइक को कुचलता हुआ निकल गया। जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल तीसरे युवक ने कानपुर ले जाते समय दम तोड़ दिया। हालांकि टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन के बारे में अभी तक जानकारी नहीं हो सकी है। कस्बे के तीनों युवक डीजे बजाने का काम करते थे, वह किसी कार्यक्रम से डीजे बजाकर लौट रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कस्बे के मोहल्ला इलाही तालाब निवासी रोहित (25) पुत्र कामता, आकाश (28) पुत्र अजय और हुसैनिया निवासी शरीफुद्दीन (16) पुत्र रमजानी गरीब परिवार से होने के कारण डीजे बजाने का काम करते थे। यह किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम में खन्ना थाना क्षेत्र के ग्राम मवई में डीजे बजाने गए थे। वहीं से बाइक से वापस लौटते समय नरायच और मवइया के बीच नेशनल हाईवे 34 पर किसी अज्ञात ने टक्कर मार बुरी तरह से कुचल दिया। जिन्हें तत्काल प्रभाव से नेशनल हाईवे अथॉरिटी की एंबुलेंस की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां पर शरीफुद्दीन और रोहित को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि तीसरे घायल आकाश को गंभीर हालत में मेडिकल कालेज कानपुर रेफर किया गया था। जहां जाते समय रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। कस्बे में सड़क हादसे में हुई एक साथ तीन युवकों की मौत से शोक की लहर है। मृतकों के परिजनों सहित मोहल्लों में कोहराम मचा है। मृतक आकाश अपने परिवार में तीन भाइयों में दूसरे नंबर का और अविवाहित था। रोहित अपने परिवार में दो भाइयों में सबसे बड़ा और अविवाहित था। इसके पिता की पहले ही कैंसर की बीमारी से मौत हो चुकी है। दूसरा भाई मानसिक रूप से विक्षिप्त है। वहीं मृतक सर्फुददीन अपने परिवार में तीन भाइयों में सबसे छोटा था। सभी मृतक गरीब परिवारों से हैं। मेहनत मजदूरी कर परिवार चलाते थे।कोतवाली प्रभारी चंद्रशेखर ने बताया कि रात करीब एक बजे सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। घायलों को तत्काल एनएचएआई की एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया। जहां पर डॉक्टरों ने शरीफुद्दीन और रोहित को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल आकाश को जिलाअस्पताल रेफर किया गया। वहां से डॉक्टरों ने मेडिकल कालेज कानपुर रेफर कर दिया। जहां पर ले जाते समय रास्ते में उसकी भी मौत हो गई है। तीनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की भी पहचान और तलाश शुरू कर दी है।

## कृषि यंत्रों की दो दिवसीय ई लाटरी आज से

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** उप कृषि निदेशक हरिशंकर भार्गव ने बताया कि कृषि निदेशक कार्यालय से आए निर्देशों के क्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान पर कृषि यंत्र के लिए आनलाइन बुकिंग करने वाले किसानों के आवेदनों की विभागीय पोर्टल पर ई लाटरी होगी। ई लाटरी गुरुवार व शुक्रवार को कुछेछा स्थित विकास भवन सभागार में होगी। योजना के अन्तर्गत 10000 से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यंत्र/कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेंटर, हाई टेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, थ्रेसिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम इत्यादि की बुकिंग किसानों ने विभागीय पोर्टल पर की है। जिसका चयन जनपद स्तर पर गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति करेगी। उन्होंने किसानों से कहा है कि जिन्होंने कृषि यंत्रों की आनलाइन बुकिंग की है। वह विकास भवन सभागार कुछेछा में प्रातः 11 बजे ई-लाटरी के माध्यम से चयन प्रक्रिया में सहभागिता कर सकते हैं।

# प्लाट कब्जा को लेकर दो पक्षों में पथराव

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

खाली पड़े प्लाट पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में संघर्ष की स्थिति पैदा हो गई। पचास के आसपास मजदूरों को लेकर जमीन पर कब्जा करने पहुंचे एक पक्ष ने कच्चे पक्के निर्माण को ध्वस्त करा दिया। दोनों पक्षों में पथराव भी हुआ। बवाल की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले गई है।

शहर के ईदगाह में दुर्गेश प्रजापति का मकान है। इसके मकान के पीछे खाली प्लाट है, जिसकी रजिस्ट्री लक्ष्मी वाजपेयी और छोटे शुक्ला के नाम है। बुधवार को दोनों प्लाट पर काम कराने पहुंचे थे। दुर्गेश ने मकान का एक दरवाजा प्लाट की ओर कर रखा है और पक्की सीढ़ी भी बनाई है। प्लाट में कच्चा निर्माण भी कराया है।

दुर्गेश का कहना है कि जमीन उसकी है, जिसका दूसरे पक्ष ने गलत तरीके से बैनामा कराया है। बैनामा कैंसिल कराने को लेकर एक वाद भी कोर्ट में है, लेकिन उससे पहले ही बुधवार सुबह पचास से अधिक मजदूरों को लेकर निर्माण गिराकर कब्जा करने का प्रयास किया गया।उधर, लक्ष्मी वाजपेयी का कहना है कि दुर्गेश का जमीन से कोई वास्ता नहीं है। इसने मोहल्ले में कई जमीनों पर अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है। उनके पास प्लाट की रजिस्ट्री है। अब उन्हें इस प्लाट पर निर्माण कराना है मगर दुर्गेश और उसके परिवार के सदस्य इसमें अड़ंगा डाल रहे हैं। आज भी वे लोग काम कराने पहुंचे थे, जिसका दुर्गेश और उसके परिवार के सदस्यों ने विरोध करते हुए पथराव किया। पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले गई है। फिलहाल काम रोक दिया गया है। घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

## हाजी गुलाम बने भाजपा मंडल मंत्री



**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के मोहल्ला कमराहा निवासी हाजी गुलाम निजामी अंसारी को भाजपा मंडल मंत्री नियुक्त किया गया है। इस पर लोगों ने खुशी जाहिर की है। संगठन ने इनके जुझारू पन और युवाओं को साथ लेकर चलने का पुरस्कार दिया है। इस दौरान हाजी गुलाम अंसारी ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है उसका वह बखूबी निर्वहन करेंगे और हमेशा पार्टी के हित में एक जिम्मेदार सिपाही बनकर काम करेंगे। हालांकि वह पहले भी समाज के लिए हमेशा काम करते रहे हैं।

# प्रदेश में बढ़े अपराधों पर कांग्रेसियों ने दिया ज्ञापन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश में बढ़ते अपराधों और ध्वस्त क़ानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस मुखर है। बुधवार को कांग्रेसियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त उपजिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें कहा गया कि वर्ष 2023 की एनसीआरबी रिपोर्ट के आंकड़ों में देश में 15 फीसद अपराध उप्र में होते हैं। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में पिछले दो नवंबर को आईआईटी बीएचयू की छात्रा के साथ तीन भाजपा से जुड़े युवाओं द्वारा दुष्कर्म किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा इस मामले को उठाने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जा सकी।

जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा कि आज पूरा प्रदेश अपराध की आग से जूझ रहा है। वर्ष 2023 की एनसीआरबी रिपोर्ट के आंकड़ों में उप्र महिलाओं के प्रति अपराधों में पहले स्थान पर है। इसी रिपोर्ट के अनुसार देश में होने वाले अपराधों में 15 प्रतिशत अपराध उप्र में होते हैं। बीते दो नवंबर को प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आईआईटी बीएचयू की छात्रा के साथ तीन भाजपा से जुड़े युवकों ने बेखौफ होकर हथियार के बल पर नग्न वीडियो बनाई और दुष्कर्म किया गया। कहा पांच नवंबर को सीसीटीवी फुटेज एवं आठ नवंबर को पीड़िता द्वारा आरोपियों की पहचान कर पुष्टि होने के बावजूद भाजपा द्वारा उन्हें बचाने की नीयत से मध्य प्रदेश चुनाव में भेज दिया गया। राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में सवाल किया आरोपियों की पहचान होने के बाद भी दो माह क्यों लग गए। कहा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राज द्वारा इस मामले में उजागर करने के बाद कार्रवाई हो सकी। उन्होंने महिला सुरक्षा को सुनिश्चित कराए जाने की मांग की। इस मौके पर पूर्व विधायक जगदीश नारायण शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह, पूर्व प्रदेश सचिव देवेंद्र मोहन चौबे, संजय वीर लोधी, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, हारून सौदागर, मैयादीन साहू, अजीत बहादुर साहू, आशा राठौर, पुष्पेंद्र कुमार, शफकत उल्ला खान, सरबर आलम, रमन गहोई, विकास कुमार पांडेय आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# डीएम ने इन्सपायर अवा मानक योजना में छात्रों को बांटे टैबलेट

- प्रत्येक वर्ष प्रत्येक विद्यालय से 5 छात्रों के वैज्ञानिक विचार भेजे जाते
- इन्सपायर अवार्ड मानक योजना भारत सरकार की अनूठी योजना

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को जिलाधिकारी राजेश पाण्डेय द्वारा इन्सपायर अवा मानक योजना में राज्य स्तर पर चयनित छात्रों को टैबलेट देते हुये उनके प्रयासों की सराहना की। गौरतलब हो कि वर्ष-2021-22 में 2 छात्रों कन्हैया गुप्ता कक्षा 12जी बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल उरई तथा अभिराज पटेल, एसआर पब्लिक स्कूल उरई तथा वर्ष-2022-23 में चयनित अवनीश, बुन्देलखण्ड इंटर कॉलेज माधौगढ़ के छात्र को प्रदान किये गये।

जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित के निर्देशन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी जालौन ने सभी बच्चों को आशीर्वाद एवं अभिभावक प्रबंधक इं अजय इटोरिया एवं विद्यालयों के प्रधानाचार्य को बधाई दी। इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के जिला समन्वयक अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि यह योजना भारत सरकार की अनूठी योजना है। जिसमें प्रत्येक वर्ष प्रत्येक विद्यालय से 5 छात्रों के वैज्ञानिक विचार भेजे जाते हैं। जिनका चयन एनआईएसए गाँधी नगर गुजरात द्वारा




इन्सपायर अवा मानक योजना में चयनित छात्रों को टैबलेट देते डीएम।

मूल्यांकन किया जाता है जिसमें चयनित छात्र को 10 हजार रुपए मॉडल बनाने के लिये प्रदान किये जाते हैं जिसमें छात्र वैज्ञानिक मॉडल तैयार कर जिला स्तर पर प्रतिभाग करते, जिला स्तर से चयनित छात्रों को राज्य स्तर पर प्रतिभाग कराया जाता है जिसमें चयनित छात्रों को आईआईटी दिल्ली में कार्यशाला में प्रतिभाग कराने का अवसर प्रदान किया जाता है।

इन छात्रों को आगे मॉडल बनाने के लिये अधिकतम 50 हजार रुपए मॉडल के अनुसार किये जाते हैं तत्पश्भात यह छात्र राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करते हैं जिसमें श्रेष्ठ 60 मॉडलों का चयन किया जाता है जिनकों राष्ट्रपति आवास में 5 दिन रहने का अवसर तथा भारत के श्रेष्ठ वैज्ञानिकों के साथ रहने का अवसर प्राप्त होता है।

इन्ही में 10 सर्वश्रेष्ठ छात्रों को विदेशों में प्रतिभाग कराया जाता है। यदि मॉडल वैज्ञानिक दृटि से व्यवहारिक एवं उपयोगी सिद्ध होता है तो मॉडल का निःशुल्क पेटेंट भारत सरकार द्वारा कराया जाता है एवं भारत की सर्वश्रेठ कम्पनियों द्वारा छात्रों से सम्पर्क कराकर जीवन भर रॉयलटी प्राप्त होगी। कार्यक्रम में विनय कुमार गुप्ता, जिला समन्वयक, जिला विज्ञान क्लब, श्नी अजय इटौरिया, प्रबन्धक बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल उरई एवं छात्रों के माता-पिता उपस्थित रहे।

## अज्ञात ट्रक की टक्कर से डम्फर परिचालक घायल

**कालपी (जालौन)।** बीती रात कोतवाली क्षेत्र के इटौरा रोड पर डम्फर में अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। ट्रक नंबर यूपी 92 टी 8936 मंगलवार रात मौरम भरने के लिए इटोरा रोड पर जा रहा था लेकिन जैसे ही वह काशीरामपुर गांव के आगे निकला था तभी सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे परिचालक राघवेंद्र पुत्र चंद्रपाल ग्राम माती अकबरपुर कानपुर देहात गम्भीर रूप से घायल होकर ट्रक की केबिन में फंस गया था। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज ने गैस कटर के माध्यम से परिचालक को बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया था लेकिन हालत खराब होने के चलते चिकित्सकों ने उचित इलाज के लिए घायल परिचालक राघवेंद्र सिंह को उरई मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया था।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने घर में लगाई फांसी

**रामपुरा, जालौन। समृद्धि न्यूज**

नगर में बीती रात राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर 7 निवासी जीतू पुत्र रामप्रसाद 40 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते युवक ने घर के कमरे में रस्सी से फंद्दा लगाकर अपना जीवन समाप्त कर लिया। नगर के राजेन्द्र नगर निवासी जीतू शराब का आदी था। वह नगर के जगम्मनपुर रोड़ स्थित फेमस होटल पर काम करता था। मंगलवार की रात जीतू शराब के नशे में घर आया तथा अपनी पत्नी श्वाती से लड़ झगड़ कर घर के एक कमरे में चला गया। कमरे में रखी रस्सी से पंखे वाले हुक से फंद्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। रात को जब पत्नी श्वाती ने काफी देर तक कमरे से जीतू के न निकले पर कमरे के अंदर जाने की कोशिश की तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया। जिसके बाद उसने खिड़की से झांक कर देखा तो जीतू को फांसी के फंद्दे पर लटकता देख हड़कंप मच गया। श्वाती के रोने की आवाज सुनकर स्वजन भी जाग गये। रात को शोरगुल सुनकर मुहल्ले वाले एकत्रित हो गये। तदुपरांत स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक भीमसेन पौनिया मौके पर पहुंचकर शव को फांसी के फंद्दे से नीचे उतारकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया हैं। बताया जाता है कि मृतक जीतू अपने पीछे 3 साल की बेटी व 1 साल का बेटा छोड़ गया हैं।

## कबाड़ होते दस वाहनों की 1.51 हजार पर टूटी

**कालपी (जालौन)।** बुधवार को कोतवाली में दोपहिया वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू हुई जिसमें 10 वाहनों के लिए 1 लाख 51 हजार लगाई गई। मालूम हो कि जिलाधिकारी ने कोतवाली में कबाड़ हो रहे 10 दोपहिया वाहनों को नीलाम करने के लिए आदेश दिये थे। जिसके लिए 10 जनवरी निर्धारित की गयी थी। परिवहन विभाग ने एक बुलेट बाईक सहित 10 वाईको की कीमत का आंकलन 27800 रुपये किया था। इसी के चलते बुधवार को क्षेत्राधिकारी डा. देवेंद्र पचौरी, तहसीलदार शेर बहादुर सिंह, तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद की मौजूदगी में नीलामी प्रक्रिया का आयोजन हुआ जिसमें 36 लोगों ने बोली लगाने का शुल्क जमा किया था जिसमे महज 6 लोगों ने ही बोली में भाग लिया जो परिवहन विभाग के आंकलन से दो गुना अधिक से शुरू हुई और 1 लाख 51 हजार रुपये तक पहुंच गयी।



## शिकायत के बाद नहीं भरे खेल मैदान के गड्ढे

**जालौन (उरई)।** घर बैठे शिकायत का निस्तारण करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने शिकायती पत्र डीएम को भेजा है। जिसके माध्यम से ग्रामीण ने शिकायत का उचित निस्तारण करने की मांग की है। लॉक क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर लिखा कि उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर गांव में स्थित खेल के मैदान में घास फूस हटाने और गड्ढे भराने की मांग की थी। ताकि गांव की खेल प्रतिभाएं इस मैदान का उपयोग कर अपनी खेल प्रतिभा को निखार सकें। इस शिकायत के निस्तारण में बिना मौके पर जाए और खेल के मैदान में कार्य कराए ही पहली बार 30 अक्टूबर 2023 को और दूसरी बार 30 दिसंबर 2023 को बीडीओ ने निस्तारण आख्या के माध्यम से अवगत कराया ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि खेल के मैदान में झाड़ियों की साफ सफाई करा दी गई है और गड्ढों को भर दिया गया है। जबकि हकीकत यह है कि अब तक खेल के मैदान में कोई कार्य किया ही नहीं गया है। खेल के मैदान में जहां तहां गड्ढे और घास उगी हुई है।

## दलित महिला ने लगाया बंधक बनाकर दुष्कर्म का आरोप

**कुठौंद (जालौन)।** थाना कुठौंद क्षेत्र के गांव निवासी एक दलित महिला ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि तीन महीने पहले वह आपने ही गांव में गोशाला में काम कर रही थी तभी एक बंद गाड़ी में पांच लोग आये जिसमें सुधीर बाथम जालौन, शिवम सोहाने जालौन, मोनू व अंकित जगम्मनपुर, सुनील गोरा भूपका ने जबरन मुझे पकड़कर हथियार की दम पर अपहरण कर ले गये तथा एक सुनसान जगह पर बारी बारी से मेरे साथ घिनौना कृत्य किया तथा दूसरे रोज मुझे बंद गाड़ी में दो लोग मोनू तथा अंकित मुझे पूना ले गये वहां पर मुझे बंधक बनाकर रखा तथा शराब पीकर दोनों लोगों ने प्रतिदिन गलत काम किया पर एक दिन जब दोनों शराब के नशे में बहुत धुत थे तो मैं मौका पाकर मोनू का मोबाईल लेकर रात को भागकर एक ढावे पर पहुंची।

## विभागीय लापरवाही से दुकानदार सशंकित

### नये विद्युत पोल से नहीं जर्जर खंभे से ही चला रहे कनेक्शन

**जालौन,उरई, समृद्धि न्यूज।**

बाजार बैठगंज में किराना गली के बाहर लगा लोहे का बिजली का पोल जर्जर हो चुका है। जमीन के अंदर गड़ा हुए बिजली के पोल में दरार आ गई। जिसके चलते पोल कभी भी गिर सकता है। हालांकि विभाग ने नया पोल तो करीब तीन माह पूर्व लगा दिया है।

लेकिन अब तक कनेक्शन नहीं किया है। आसपास के दुकानदारों ने शीघ्र कनेक्शन कराकर पुराने पोल को हटाने की मांग बिजली विभाग के अधिकारियों से की है।

बाजार बैठगंज में किराना गली के बाहर बिजली का लोहे का पोल लगा हुआ है। काफी समय पूर्व लगा हुआ यह पोल समय के जर्जर होकर एक ओर झुक गया है। इतना ही नहीं लोहे



हादसे का सबब बना सड़ा लोहे का विद्युत पोल

के पोल में लगी जंग के चलते जमीन के अंदर का लगा हुआ हिस्सा नष्ट हो चुका है। जमीन के बाहर निकला पोल हिल रहा है। ऐसे में जरा सा धक्का लगने पर कभी भी पोल गिरने का खतरा है। बल्लू पोरवाल की दुकान के सामने लगे इस जर्जर पोल के चलते दुकानदार परेशान हैं। कई बार शिकायत करने के बाद लगभग दो माह पूर्व नया पोल तो लगवा दिया गया है। लेकिन अभी तक उससे कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। कनेक्शन अभी भी पुराने पोल से ही हैं। जर्जर पोल को लेकर कुलदीप, बल्लू पोरवार, राजू पोरवाल, राकेश सिंह, राजू भगत आदि ने बताया कि बिजली के पोल को झुके हुए काफी समय हो गया है। नया पोल लगने के बाद भी अभी तक कनेक्शन नहीं किए गए हैं। जिससे समस्या जस की तस बनी हुई है। बाजार में भीड़ भाड़ रहती है। किसी दिन यदि पोल गिरता है तो गंभीर हादसा हो सकता है। उन्होंने बिजली विभाग के आला अधिकारियों से नए पोल से शीघ्र कनेक्शन दिए जाने और पुराने पोल को हटवाने की मांग की है।

## रुपयों के लेनदेन को मारपीट, तीन पर कार्यवाही

**कोंच (जालौन)।** रुपयों के लेनदेन को लेकर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने 3 युवकों के खिलाफकार्यवाही की। जानकारी के मुताबिक कांशीराम कॉलिनि के ब्लॉक नंबर 13-2 में रहने वाले फैजान पुत्र चांद पठान को मुहल्ला आराजीलेन निवासी युवक से करीब 10 हजार रुपये लेना है।

इसी बात को लेकर मंगलवार की देर शाम करीब दर्जन भर युवक कांशीराम कॉलिनि जा पहुंचे और कमरे में घुसकर फैजान सहित उसकी बहिन सानिया के साथ गाली गलौज कर लाठी डंडे व बेल्टों से मारपीट करने लगे। इसी दौरान सानिया भागकर पास में बनी सूरई चौकी जा पहुंची और पुलिस को घटना की जानकारी दी। वहीं पुलिस ने पहुंचकर मौके से ताहिर, कोहिनूर और अजगर निवासी सभी आराजीलेन को पकड़ लिया।

## खबरें एक नजर में

### टैक्सी स्टैंड की वसूली जारी कराने की मांग

**उतरौला/ बलरामपुर।** टैकली स्टैंड वसुली शुरू कराने जाने,प्रधानमन्त्री आवास योजना के लाभार्थियों का दो वर्षों से रुका हुआ किश्तों का भुगतान कराए जाने, कैंप लगाकर लाभार्थियों को वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेन्शन योजना से आच्छादित कराए जाने, गृहस्थी राशन योजना के तहत लाभार्थियों का नया राशन कार्ड बनवाय जाने की मांग को लेकर उतरौला नगर के सभासदों ने अमृत योजना पानी टंकी भूमि पूजन में पहुंचे जिलाधिकारी अरविंद सिंह को मांग पत्र सौंपा। सभासदों ने जिलाधिकारी को बताया कि उपरोक्त समस्याओं का समाधान न होने से नगर वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। टैक्सी स्टैंड वसूली न होने से नगर पालिका को राजस्व की काफी क्षति हो रही है।

### डीएम ने किया जागरूकता कैंप का शुभाम्भ



**बलरामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को ईवीएम/वीवीपैट से वोट डालने को जागरूक किए जाने को ईवीएम/वीवीपैट जागरूकता केंद्र का डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह द्वारा शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम/वीवीपैट का अच्छी तरफ से प्रशिक्षण मतदाताओं को दिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की मतदाता जागरूकता केंद्र तक आकर ईवीएम/वीवीपैट में वोट डालकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। चुनाव के दिन मतदाता को वोट डालने में कोई परेशानी न हो इसके लिए कलेक्ट्रेट सहित तहसीलों में ईवीएम/वीवीपैट जागरूकता/प्रशिक्षण कैंप लगाए जा गए है। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### लोकप्रिय राजनेता और यूथ आइकन हैं जयंत चौधरीः विजय

**अयोध्या।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव ने गुरुवार को जारी किए गए अपने एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चौधरी जयंत सिंह ने केवल देश के युवा शानदार और लोकप्रिय राजनेता है बल्कि देश के यूथ आइकन भी है।उन्होंने कहा कि श्री चौधरी की लोकप्रियता नवजवानों,किसानों, प्रबुद्धजनों, पिछड़े समाज में,अति पिछड़े समाज और महिलाओ में तेजी से बढ़ रही है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक मजबूत ताकत बन कर किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के सपनों का खुशहाल उत्तर प्रदेश बनाने के लिए मुखर और संघर्ष शील हैं।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार से गन्ना किसानों के गन्ना का मूल्य 459 रुपये प्रति क्विंटल दिए जाने की मांग उठाई है।

## शिकायत का निस्तारण करना तहसीलदार, लेखपाल के लिये बना मुसीबत

**कालपी (जालौन)।** समाधान दिवस में आई शिकायत का निस्तारण करना तहसीलदार और लेखपाल के लिए मुसीबत बन गया है। ग्रामीणों ने उन पर खड़ी फसल नष्ट करने का आरोप लगा दिया है। विदित हो कि देवकली निवासी बाबा लालदास काफी दिनों से मौजा मुन्दसपुर स्थित जमीन पर कब्जे की शिकायत विभिन्न दिवसों में करता आ रहा था लेकिन उसकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था लेकिन कई बार शिकायत के बाद प्रशासनिक जिम्मेदारों ने जांच कराई तो अवैध रूप से कब्जा करने का मामला सही पाया गया था। इसके बाद तहसीलदार शेर बहादुर सिंह के नेतृत्व मे मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने पुलिस की मौजूदगी में अवैध कब्जा हटवा कर शिकायतकर्ता बाबा लालदास को कब्जा दिला दिया था।

## ओलावृष्टि से खराब फसलों का सर्वे कर दिलाया जाये मुआवजा

**कोंच, जालौन समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत बुधवार को गल्ला मंडी स्थित किसान भवन में राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। पंचायत में शामिल किसानों द्वारा सामने लाई गयीं समस्याओं के निराकरण के लिए पंचायत के उपरांत एसडीएम अतुल कुमार को ज्ञापन सौंपा गया।

एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि गत रोज तहसील क्षेत्र में हुई बारिश के साथ ओलावृष्टि होने से फसलें खराब हुई हैं अतः फसलों का सर्वे कराकर पीड़ित किसानों को क्षतिपूर्ति दिलाई जाये। नहर ओवरफ्लो होने से भी कई गांवों में



किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते भाकियू पदाधिकारी।

फसलें नष्ट हुई हैं जिसको लेकर मुआवजा दिलाया जाये। वहीं इल्ली कीट से खराब हुई फसलों का सर्वे कराकर राहत राशि दिलाए जाने, ग्राम केंथी में स्थित ट्यूबवेल की खराब मोटर बड़े जाने और चकरोडो पर अवैध कब्जों को हटाये जाने की मांग ज्ञापन के माध्यम से एसडीएम से की गयी। इस दौरान तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल, महासचिव डॉ पीडी निरंजन सहित करीब एक सैकड़ा की संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।



## बस परमिट नहीं तो होगी कार्यवाहीः एआरटीओ

**कोन।** स्थानीय कोन क्षेत्र में लगभग एक हफ्ते से बस युनियन का हड़ताल चल रहा था जिस क्रम में एआरटीओ सोनभद्र द्वारा एक्शन लेते हुए बुधवार को कोन थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक कोन लक्ष्मण पर्वत की उपस्थिति में सभी बस युनियन के बीच मीटिंग की गई जिस क्रम में बस युनियन की विभिन्न मांगों को लेकर समस्या का समाधान किया गया प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बस यूनियन के द्वारा 500 बसों की लिस्ट दी गई जिसमें कुछ बसों का परमिट है। और कुछ बसों का परमिट नहीं है। एआरटीओ सोनभद्र द्वारा सभी बसों का परमीट चेक किया जायेगा। यदि जिन बसों का परमिट नहीं है उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी ।एवं दूसरी बात जो बस गलत रूटिंग पर चल रहा है। उसे सही रूटीन से चलने के लिए बताया जायेगा। सभी खड़ी बसों को हटाया गया एवं सभी के सामंजस्य से सभी बस रूट में चलेगी।

## महिला मैच के इच्छिता कप पर एमपी का कब्जा

**दुद्धी, सोनभद्र समृद्धि न्यूज।**

टाउन क्रिकेट क्लब मैदान पर एक दिवसीय महिला क्रिकेट मैच के दौरान इच्छिता कप मैच झारखंड व मध्यप्रदेश के मध्य मैत्रीपूर्ण मैच 20-20 ओवरों का खेला गया।मैच का उद्घाटन यूनिट हेड ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेणुकूट मनीष गर्ग ने फीता काटकर किया।इस दौरान विशिष्ट अतिथि विकास महेश्वरी व संजीव दीक्षित समारोह अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन उपस्थित रहे।मैत्रीपूर्ण मैच का टॉस एमपी ने जीता और पहले बल्लेबाजी करती हुई निर्धारित ओवरों में 137 रन बनाए जबाव में उतरी झारखंड की टीम



ने 123 रन बनाए इस दौरान मध्य प्रदेश की टीम 14 रनो से मैच जीत गई।

मैच समापन के उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह की विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक /नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद के हाथो विजेता टीम की ट्रॉफी व नगर पंचायत अध्यक्ष के हाथो उपविजेता की ट्राफी दी गई।इस दौरान मैच के आयोजक रविंद्र जायसवाल के सहयोग से विजेता टीम को दश हजार रुपए व उपविजेता टीम को पांच हजार रुपए की धनराशि दी गई। इस दौरान उपस्थित अतिथियों के हाथो सभी खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार दे कर सम्मानित किया।इस दौरान सुमित सोनी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष भाजपा जबी खान अध्यक्ष टाउन क्रिकेट क्लब दुद्धी सचिव अंकुर बच्चन दिलीप पांडे अमर नाथ जायसवाल, आरिफ खान टुन्नू सहित टाउन क्लब के समस्त पदाधिकारी व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## सीएचसी श्रीदत्तगंज में महिला चिकित्सक नदारद

**श्रीदत्तगंज,बलरामपुर।** जनपद के आकांक्षी विकास खण्ड श्रीदत्तगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज में वर्षों से एक भी महिला चिकित्सक तैनात नहीं है। मजबूरन महिलाओं को अपना इलाज पुरुष चिकित्सकों से कराना पड़ता है। शासन ने विकास खण्ड श्रीदत्तगंज मुख्यालय पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज का उच्चीकरण करके वर्षों पहले इस केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज बना दिया। इस केंद्र के उच्चीकरण किए जाने से स्वास्थ्य विभाग ने इस केंद्र पर मरीजों के स्वास्थ्य लाभ के लिए सुविधाएं बढा दी है लेकिन विभाग ने महिला मरीजों के इलाज के लिए अभी तक किसी महिला डाक्टर की तैनाती नहीं की। विकास खण्ड श्रीदत्तगंज में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महदेइया मोड़ पर एक महिला डाक्टर तैनात हैं लेकिन अक्सर महिला डाक्टर नदारद रहती है।

## नगर पालिका क्षेत्र उतरौला पटेल नगर में बनेगी पानी की टंकी

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज**

नगर पालिका क्षेत्र में पानी की सप्लाई को और बेहतर करने के लिए नगर पालिका सीमा क्षेत्र में अमृत जल योजना 2.0 के तहत उच्च स्तरीय पानी की टंकी का निर्माण मोहल्ला पटेल नगर में होना सुनिश्चित हुआ है। लगभग 18.75 करोड़ की लागत से बनने वाला उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण का भूमि पूजन जिलाधिकारी अरविंद सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता व चेयरमैन प्रतिनिधि अनूपचंद गुप्ता ने किया। इस मौके पर जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने स्वच्छ व शुद्ध पेयजल का सेहत के प्रति लाभ की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि उच्च स्तरीय पानी टंकी के निर्माण होने से क्षेत्र में पेयजल समस्या से निजात मिलेगी। स्वच्छ व शुद्ध पेयजल की सप्लाई



दुरुस्त बनी रहेगी और शहर वासियों को भरपूर पानी मिलेगा। चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता ने कहा कि नगर से जुड़ी हुई आबादी को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति मिलेगी तथा उनकी पेयजल की समस्या खत्म हो जाएगी। नगर की पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जल निगम नगरी से एक प्रस्ताव शासन को भेजा था इस योजना के तहत नगर के लोगों को शुद्ध पेयजल पहुंचाने के कार्य का शुभारंभ हो चुका है।

**कार्यक्रम**

### गरीबों व असहायों की सेवा ही सच्ची मानवताः रत्नेश्वर सिंह

# पुण्यतिथि पर निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप व कंबल वितरण आयोजित

**गोरखपुर। समृद्धि न्यूज**

गोला ब्लाक के खोपापार गांव निवासी स्व सुरेन्द्र पाण्डेय की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके पैतृक आवास पर बुधवार को निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच व नेत्र परीक्षण शिविर तथा कंबल वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए तथा गरीबों में कंबल वितरित किया गया। साथ स्वास्थ्य कैम्प में सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच, इलाज के लिए उचित सलाह देने के साथ निशुल्क दवा वितरण किया गया। पुण्यतिथि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी गोला रत्नेश्वर सिंह ने स्व पांडेय के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा-सुमन अर्पित करने के बाद निशुल्क



स्वास्थ्य कैम्प का रिबन काटकर उद्घाटन किया। एवं गरीबों व असहायों में कंबल वितरण किया। तथा इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी श्री सिंह ने कहा कि अपनों की पुण्य स्मृति में गरीबों एवं असहायों की सेवा ही सच्ची मानवता हैं। और यह सेवा ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह, अप्रवासी भारतीय उमेश कुमार यादव, पूर्व जिपसं घनानंद यादव व भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय ने पुण्यतिथि पर गरीबों एवं असहायों की सेवा को सबसे बड़ा पुण्य कर्म बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष नागेन्द्र प्रसाद पांडेय व संचालन भाजपा मण्डल अध्यक्ष संतोष तिवारी ने किया। अंत में कार्यक्रम आयोजक स्व सुरेन्द्र पांडेय के अनुज वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चंद्रमोहन पांडेय तथा पुत्र समाजसेवी राजेश पाण्डेय व संजय पांडेय ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा परिवार से मिले संस्कारों को ही आगे बढाया जा रहा है। इस अवसर पर सीएचसी गोला प्रभारी एएन ठाकुर, उपनिरीक्षक पुलेन्द्र यादव, मायाराम यादव, डाक्टर अभयरंजन सिंह, डाक्टर दानिश, डाक्टर स्वेता, आशा नीता पाण्डेय, सध्या श्रीवास्तव व नीलम, कांग्रेस नेता गणेश मिश्र, श्रवण यादव, नागेन्द्र पाण्डेय, सत्यनारायण तिवारी, जेपी कुशवाहा, बसंत यादव, राजकुमार हिंदुस्तानी, मृत्युंजय यादव दुर्गेश दूबे, कोदई शर्मा, रिषिकेश पाण्डेय, हर्ष, प्रतीक, शिखर व कुशाग्र आदि लोग उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य कैम्प में 190 लोगों की हुई जांच

खोपापार गांव में स्व सुरेन्द्र पांडेय की पुण्यतिथि पर सीएचसी गोला व धर्मा हास्पिटल के तत्वाधान में आयोजित निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच व नेत्र परीक्षण शिविर में 190 मरीजों की जांच हुई। जहां उन्हे इलाज के उचित सलाह देने के साथ ही निशुल्क दवा का वितरण किया गया। स्वास्थ्य कैंप में नेत्र रोग सर्जन डा अभय रंजन सिंह व डा दानिश ने नेत्र परीक्षण किया। तथा सीएचसी गोला प्रभारी अधीक्षक डाक्टर एएन ठाकुर, डाक्टर श्वेता, आशा नीता पाण्डेय, सध्या श्रीवास्तव व नीलम ने लोगों की स्वास्थ्य जांच किया तथा महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जानकारी देकर जागरूक किया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत सहसो वि.ख. चकरनगर, इटावा

पत्रांक-/ग्रा.पं./निविदा/कुटेशन विज्ञप्ति/2023-24 — दिनांक- 08.01.2024

### निर्माण सामग्री आपूर्ति अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत सहसो विकास खण्ड चकरनगर इटावा में कार्यदाता एजेन्सी व सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्यवित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु निविदाएं दिनांक 09.01.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इसी तिथि अर्थात दिनांक 09.01.2024 को सायं 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित टेण्डर समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 09.01.2024 से दिनांक 13.01.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख में | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राइमरी पाठशाला सहसों में दिव्यांग शौचालय निर्माण लागत | 1.08 लाख | 15वां राज्यवित्त |
| 2. | प्राइमरी पाठशाला सहसों में बालक/बालिका शौचालय निर्माण | 2.29 लाख | 15वां राज्यवित्त |
| 3. | सरदार के घर से इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 2.24 लाख | 15वां राज्यवित्त |

**नियम व शर्तें-**

1. उपरोक्त एक कार्य पूर्ण होने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक-एक ही कार्य कराये जाएंगे।
2. निविदाकर्ता कार्यालय दिवस में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक दिनांक 13.01.2024 तक निविदा सम्बन्धी जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकता है।
3. निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर व व्यापार कर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना टिन नम्बर व पैन नम्बर के निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
4. दिनांक //2024 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस में यह कार्य सम्पन्न होगा।
5. निविदा स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा।
6. बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है।

**प्रधान**
**सोनी देवी**

**सचिव**
**अनिता सिंह**





# भाजपा सरकार में दिन पर दिन बढ़ रहे अपराध: दिनेश पालीवाल

**प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिले के कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट में किया धरना प्रदर्शन, भाजपा सरकार की नीतियों को गलत ठहराया**

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की गलत नीतियों व दिन पर दिन बढ़ते अपराधों के लेकर कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन कर भाजपा सरकार को घेरा। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी नेताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल की अगुवाई में बुधवार को कांग्रेसियों ने कलेक्टेऱ्ट में एकत्र होकर धरना प्रदर्शन कर प्रदेश में बड़ रहे अपराधों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवान ने कहा कि आज पूरा प्रदेश अपराध की आग में जल रहा है। अपराधी बेखौफहोकर दिन प्रतिदिन अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। कहा कि एनसीआरबी के ताजा आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश महिला अपराधों में नंबर एक पर है। कहा कि पहला उदाहरण वाराणसी में बीएचयू की छात्रा के साथ गन पॉइंट



पर की गई दुष्कर्म की घटना है। जिसमे भाजपा के नेताओं की संलिप्तता पायी गई है। इसकी पहचान पीड़िता ने भी की, आरोपियों की पुष्टि होने के बाद भी भाजपा ने उन्हें मध्य प्रदेश चुनाव प्रचार में भेज दिया। कहा कि इसी रिपोर्ट के अनुसार भारत में होने वाले अपराधों में 15 प्रतिशत अपराध केवल उत्तर प्रदेश में होते हैं। वहीं पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिन लोगों ने वाराणसी में छात्रा के साथ ऐसा जघन्य अपराध किया है, उनको गिरफ्तार करने में आखिर दो महीने क्यों लग गए।

इस पर प्रश्न चिन्ह लगना स्वाभाविक है। श्री मिश्र ने कहा कि क्या पांच राज्यों में चुनाव के कारण भाजपा आरोपियों को बचा रही थी। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अविनाश दुबे ने कहा कि प्रदेश में अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। दिन पर दिन बड़ रहे अपराधों के कारण प्रदेश की जनता में भय व्याप्त है।

पूर्व जिलाध्यक्ष उषा दुबे ने हाल ही में जनपद कन्नौज के कस्बा समधन में सर्राफा व्यापारी के साथ हुई घटना को संज्ञान में लेते हुए कहा कि एक ओर प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस की नींति की बात करती है। वहीं दूसरी ओर मृतक सर्राफकी मंगेतर को सदमे में होने के बाद पुलिस के तीखे सवालों के प्रहार सहने पड़े, जिससे आहत होकर उसने आत्महत्या कर ली। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी नेताओं ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा।

इस मौके पर राम भरोसे कमल, कांग्रेस प्रवक्ता अरविंद दुबे, आकाश बाबू कटियार, वीर सिंह यादव, जहीर खान, एहसान उल हक, फिद्दा हुसैन मंसूरी, ओंकार नाथ त्रिपाठी, मोहम्मद तारिक बशीर, कलीम खान, अकील खान, रमेश सविता, संजीव मुन्ना, बीनू त्रिपाठी, किरण गिहार, आफाक हुसैन, अमूल दीक्षित, कमरुद्दीन खान, इमरान खान आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## पीजीटी केमेस्ट्री में चयनित छात्रा को किया सम्मानित

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर की छात्रा का पीजीटी केमेस्ट्री केंद्रीय विद्यालय असम में चयन होने से परिजनों में हर्ष व्याप्त है। तो वही भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने सम्मान समारोह का आयोजन कर छात्रा को सम्मानित किया। बुधवार को नगर के दीक्षित नेत्र चिकित्सालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में नगर निवासी पीजीटी केमेस्ट्री पद पर चयनित छात्रा नंदा गुप्तापुत्री अतुल गुप्ता को मेडल व ट्राफी देकर स्वागत व सम्मान किया गया। भारत विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुधीर दीक्षित ने कहा कि नंदा गुप्ता ने ईमानदारी व कठिन परिश्रम से नगर व परिजनों का नाम रोशन किया। इस दौरान भारत विकास परिषद के ललित मोहन सिंह, गगन गुप्ता, राजेश गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, अमित गुप्ता, अजीत मिश्रा, सुशील गुप्ता, अभिषेक मिश्रा सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दैवीय आपदाओं से बचाव के लिए दिया प्रशिक्षण

**मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यशाला में लेखपाल, कानूनगो, स्कूल की शिक्षकों, ग्राम प्रधान, रोजगार सेवकों एवं आशा कार्यकत्रियों को दिया प्रशिक्षण**

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित पीएसएमपीजी कालेज में दैवीय आपदाओं के प्रति जन जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में लेखपाल, कानूनगो, स्कूल की शिक्षकों, ग्राम प्रधान, रोजगार सेवकों एवं आशा कार्यकत्रियों को विभिन्न प्रकार की दैवीय आपदाओं सर्पदंश, वज्रपात, अतिवृष्टि, डूबने के कारण होने वाली जनहानि से बचाव के संबंध में मास्टर ट्रेनर द्वारा जानकारी दी गई। इस दौरान आपदा विशेषज्ञ ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों राजस्व ग्राम, ग्राम पंचायत, स्कूल, डिग्री कॉलेज में आम जनमानस को जागरूक किया जाएगा, जिससे होने वाली घटनाओं को न्यून किया जा सकता है। बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न चरणों में जनपद की तीनों तहसीलों में चिन्हित किए गए स्कूल व डिग्री कॉलेजों में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दैवीय आपदा सह प्रभारी अधिकारी श्रीराम नारायण, उप जिलाधिकारी न्यायिक नवनीत राय, जिला विद्यालय निरीक्षक डा. पूरन सिंह समेत आपदा विशेषज्ञ व मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।

## जय श्रीराम के उद्घघोष के साथ इत्रनगरी में निकली अक्षत कलश यात्रा

**सरकार के राज्यमंत्री एवं सदर विधायक असीम अरुण और भाजपा सांसद सुब्रत पाठक की अगुवाई में अक्षत कलश यात्रा में शामिल हुए रामभक्त**

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को इत्रनगरी में निकली अक्षत कलश पद यात्रा में शहर के हजारों श्रीराम भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री असीम अरुण और सांसद सुब्रत पाठक की अगुवाई में मकरन्दनगर रोड स्थित बिजली पावर हाउस से पद यात्रा का शुभारम्भ जय श्रीराम के नारों के साथ हुआ। अक्षत कलश यात्रा में शामिल लोग भजन व भक्ति गीतों पर थिरकते नजर आए। यात्रा का लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पूर्व तय कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को मकरंदनगर स्थित बिजली पावर हाउस के पास अक्षत कलश पद यात्रा मे शमिल होने के लिए जहां भाजपा नेता और कार्यकर्ता सुबह 10 बजे से पहले एकत्र होने लगे थे तो वहीं रामभक्तों की भारी भीड़ जय श्रीराम के नारे लगाते हुए वहां पहुंचने लगी थी।

उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण व सांसद सुब्रत पाठक के पहुंचने पर राम भक्तों का उत्साह दोगुना हो गया। जिसके बाद जय श्रीराम के नारे लगाते हुए भाजपा नेताओं की अगुवाई में अक्षत कलश यात्रा का शुभारम्भ हुआ। पद यात्रा माता



अक्षत कलश यात्रा में शामिल मन्त्री असीम अरुण, सांसद सुब्रत पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया

फूलमती देवी मंदिर से होते हुए मोहल्ला चिरैयागंज, कचहरी टोला, बड़ा चौराहा, लाखन तिराहा, छोटा चौराहा, बड़ा बाजार, फर्श रोड होते हुए ग्वाल मैदान पहुंची। यात्रा में शामिल युवाओं की टोली भजनों और भक्ति गीतों पर जमकर थरके। कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम के नारों से इत्रनगरी गुंजायमान हो गई।

इस अवसर पर सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि हमारे पूर्वज जिस मन्दिर के लिए 500 वर्षो से संघर्ष करते आ रहे हैं, आज उस भव्य राम मन्दिर को हम सभी अपनी आंखों से बनते हुए देख रहे हैं। यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। मन्त्री असीम अरुण ने कहा कि आज पूरा देश और प्रदेश राममय है। 500 वर्षो का इन्तजार अब जल्द खत्म होने जा रहा है।

अक्षत कलश यात्रा में कन्नौज के इत्र व्यवसाईयों द्वारा एक रथ को शामिल किया गया। रथ में चंदन, गुलाब जल, बेला, चंपा, चमेली, केवड़ा जल, खस, मोतिया, हिना, शमामा और मिट्टी का इत्र रखा गया है।इस रथ को अयोध्या के लिए रवाना किया गया है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन इत्रनगरी के इत्र से भगवान की मूर्तियों को स्नान कराया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोंण से सदर कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी समेत भारी पुलिस फोर्स यात्रा के साथ मौजूद रहा।

## खबरें एक नजर में

### दिन में खिली धूप तो शाम होते ही बढ़ी सर्दी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नए साल से शुरू हुई कड़ाके की सर्दी सितम अभी जारी है बुधवार को अलका की सुबह लेकर शाम तक हल्की धूप निकलीसूर्य देव ने दर्शन दिए लेकिन पूरे दिन ठंडी हवा चलती रही इसके कारण सर्दी में कोई ज्यादा कमी नहीं आई पिछले दिनों की तरह बुधवार को भी न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और अधिकतम 21 डिग्री रहा शाम को सूर्यास्त के बाद एक बार फिर सर्दी बढ़ गईसर्दी के कारण सुबह और शाम लोग कहते परेशान रहे जिसके कारण घरों में से भी कम निकले और सड़कों पर भीरोजगार की तुलना से बियर कम रही पिछले दिनों से कड़ाके की सर्दी पड़ रही शुरुआत के चार दिन तो सूर्य देव ना दर्शन की ही नहीं दिए थेउसके बाद थोड़ी-थोड़ी देर को धूप निकलती रही लेकिन यह धूप सर्दी से निजात दिलाने में सक्षम नहीं रही धूप के बावजूद ठंडी हवाएं चलती रही और लोग सर्दी से खास परेशान बने रहे दोपहर को थोड़ीराहत तो मिली लेकिन सुबह शाम पढ़कर की सर्दी पड़ रही है अभी इस कड़ाके की सर्दी से निजात मिलने के आसार भी नहीं है बुधवार कोसर्दी के कारण जहां एक और नगर पालिका की ओर से अलाव जलाए जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर सर्दी से बचने के लिए लोग अपने पास से ही लकड़ी वी एन वस्तुओं को जलाकर आपके पास बैठकर सर्दी से बच रहे हैं।

### मामूली विवाद में सास-बहू को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मामूली विवाद को लेकर गांव के लोगों ने गाली गलौज की और सास-बहू को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के ग्राम डिलियाभूड़ निवासी वेदवती ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि गांव के डंपी, वंपी, नंदन और राहुल ने मामूली विवाद को लेकर 09 जनवरी की शाम 6.30 बजे दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। विरोध करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वही मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आई उसकी बहू अनीता को भी लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवक की इलाज के दौरान मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की कानपुर के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद युवक के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम सुलनपुर निवासी हरदयाल सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र दौलतराम 09 दिसंबर को स्कूटी से गुरसहायगंज जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। इससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल युवक को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत के चलते उसे कानपुर रेफर कर दिया। जहां कानपुर में इलाज के दौरान 09 जनवरी को सुबह उनकी मृत्यु हो गई। कोतवाली पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## डीएम ने 22 को होने वाले कार्यक्रमों के लिए दी जानकारी

**छिबरामऊ कन्नौज।** जिला अधिकारी अपर जिलाधिकारी उप जिलाधिकारी ने शहर के गंगेश्वर नाथ मंदिर में पहुंचकर संत महात्मा से भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के प्रान प्रतिष्ठा 22 जनवरी को मंदिर में होने वाले कार्यक्रमों के लिए जानकारी जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी उप जिलाधिकारी ने शहर के गंगेश्वर नाथ मंदिर पहुंचकर संत महात्मा के साथ बैठक कर 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रही भगवान श्री राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली बैठक में चेयरमैन मनोज दुबे अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह सहीत नगर पालिका के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे अध्यक्ष मनोज दुबे ने जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी उप जिला अधिकारी को रामनवमी पटका पैधा कर सम्मानित किया।

## हिंदी के महत्व को बढ़ावा देने के लिए रहें तत्पर: डॉ. पूनम सिंह

**कृषि विज्ञान केंद्र में विश्व हिंदी दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



कार्यक्रम में संबोधन करते डॉ अरविंद कुमार व मौजूद अन्य

कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी में विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अरविन्द कुमार ने किसानों एवं कृषि छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व हिन्दी दिवस प्रति वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है।

इसके मनाने का उद्देश्य हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता पैदा करना और वैश्विक स्तर पर इसे एक अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। इस अवसर पर दुनिया भर के भारत दूतावासों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। वैश्विक स्तर पर हिंदी को लेकर पहला आयोजन 10 जनवरी 1974 को महाराष्ट्र के नागपुर में किया गया। वर्ष 2006 तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर अखिल भारतीय भाषा साहित्य सम्मेलनों का आयोजन किया जाता है।

केंद्र की वैज्ञानिक डॉ पूनम सिंह ने कहा की हम सभी को हिंदी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देने और इसके महत्व को समझने का संकल्प लेना चाहिए। हमें हिंदी की गरिमा और महत्व को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए ताकि हमें हमेशा हमारी भाषा पर अभिमान रहे और हम इससे जुड़े रहें। डॉ अमर सिंह ने हिंदी भाषा में काम करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। डॉ चन्द्रकला यादव ने हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए हिन्दी में कार्य करने पर बल दिया। इस मौके पर समस्त वैज्ञानिक रहे।

## मुख एवं दंत सर्जन ने पुर्नवास केंद्र में बांटे कंबल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** रहित सरिस धरम नहि भाई करि विचार देखहु मन माहीं। दूसरों के दर्द हरने से बड़ा कोई पुण्यकार्य नही होता। बुधवार को पुर्नवास केन्द्र में गरीबों को कंबल वितरित करते हुए उक्त उद्गार मुख एवं दंत सर्जन डॉ. वरुण सिंह कटियार ने व्यक्त किए। डॉ. वरुण सिंह कटियार ने कहा कि इस भीषण सर्दी में गरीब की जिंदगी के लिए एक कंबल अहम भूमिका रखता है। कहा कि कड़कड़ाती ठंड में जनजीवन अस्त-व्यस्त है। लोग घर से बाहर निकलने में सहम रहे हैं। इतनी कड़कड़ाती सर्दी ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। इतनी सर्दी में एक गरीब क्या कर सकता है। वह अपने बच्चों के भरण पोषण के लिए राशन जुटाए या सर्दी से बचाव। इसी को देखते हुए जिला अस्पताल के पुर्नवास केंद्र में डॉ वरुण सिंह कटियार ने अपनी धर्म पत्नी सुनिधि सचान के साथ अतिकुपोषित बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए एवं इलाज करा रहे बुजुर्गो को कंबल वितरित किए।

## सर्राफा कारोबारी लूट व हत्या का जल्द खुलासा करें पुलिस: ऊषा दुबे

**कांग्रेसियों ने सर्राफा व्यवसाई व उसकी मंगेतर के परिजनों के आवास पर पहुंचकर व्यक्त की शोक संवेदना**

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

विगत दिनों पूर्व में कस्बा समधन के पास सर्राफा व्यवसाई के गोली मारकर की गई लूट व हत्याकांड घटना में समधन के मोहल्ला दारासराय निवासी अय्याज खान पुत्र नायाब खान की इलाज के दौरान कानपुर में मृत्यु हो गई थी बीता शुक्रवार की शाम मलिकपुर से अपनी दुकान बंद कर घर लौटते समय समधन मेन सड़क



सर्राफा कारोबारी के आवास पर समधन में, सर्राफा कारोबारी की मंगेतर के आवास पर मलिकपुर में शोक संवेदना व्यक्त करते कांग्रेसी

संतोषा रोड़ के पास बदमाशों ने अय्याज खान को गोली मारकर जेवर व नकदी से भरा थैला लेकर फरार हो गए थे सर्राफ कारोबारी की मौत से नगर व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी इस घटना के बाद सर्राफा कारोबारी की मंगेतर मलिकपुर निवासी नफीस खान की पुत्री ने बीता सोमवार सुबह सदमे में आकर फांसी लगाकर जान दे दी थी।

सर्राफ कारोबारी मृतक अय्याज खान व उसकी मंगेतर के आवास पर बुधवार को पहुंचे कांग्रेसी नेता प्रदेश सचिव विजय मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष ऊषा दुबे, डाक्टर जहीर अहमद, आकिल हुसैन,आफाक हुसैन, कलीम खान,जमील खान ,भोला सिद्दीकी ने मृतक के पिता नायाब खान व सराफा व्यवसाई की मंगेतर के पिता नफीस खान को ढांढस बंधाते हुए भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी आपके साथ हर समय खड़ी है। इस निन्दनीय घटना से हम सभी को काफी दुख हुआ है। उन्होंने कहा कि सर्राफा कारोबारी से लूट और हत्याकांड करने करने वाले बदमाशों को पकड़ने के लिए पांच दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन के हाथ अभी भी खाली हैं। अगर जल्द खुलासा न हुआ तों हम सभी कांग्रेसी लोग धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

## फेयर प्राईस डीलर एसोसिएशन की हड़ताल 15 जनवरी तक बढ़ी

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

खाद्यान्न के लिए राशन कार्ड धारकों को अभी और इंतजार करना होगा। फेयर प्राईस डीलर एशोसियेशन ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की समय सीमा और बढ़ा दी है। विदित हो कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन कार्ड धारको को खाधान्न वितरण की समय सीमा आपूर्ति विभाग ने 10 जनवरी से 25 जनवरी तक निर्धारित की है लेकिन इस तय समय में खाद्यान्न का वितरण नहीं हो सकेगा क्योंकि उचित दर विक्रेताओं ने कमीशन बढ़ाने की मांग को लेकर हड़ताल कर रखी है हालांकि हड़ताल की समय सीमा मंगलवार को समाप्त हो गई थी जिसके चलते विभाग ने राशन वितरण का कार्यक्रम भी घोषित कर दिया था। लेकिन उनके संगठन फेयर प्राईस ऐशोसियेशन ने बुधवार को समय सीमा लगाकर 15 जनवरी कर दी है जिसके चलते राशन वितरण का कार्य फिर स्थगित हो गया है।

पूर्ति निरीक्षक याकूब खान के अनुसार उचित दर विक्रेता काफी दिनों से प्रति कुन्तल 200 रुपये कमीशन करने की मांग कर रहे हैं जिसके चलते विभाग उनकी मांग को शासन के पास भी भेज चुके हैं। लेकिन अभी कोई फैसला नहीं हुआ है जिसके चलते वह 1 जनवरी से हड़ताल पर है।

## रंजिश को लेकर युवक से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर आरोपियों ने युवक के साथ गाली गलौज की और युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम गुटैयाखेडा निवासी अनुज ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि 08 जनवरी की शाम 03 बजे ज्ञानपुर निवासी महिपाल, उमाशंकर, प्रदीप और छूटंकू ने रंजिश को लेकर उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जीएम ने लिया सूफी संत का आशीर्वाद



सूफी संत के साथ मौजूद जीएम।

**गुरसहायगंज, कन्नौज।**

बुधवार को नगर पंचायत समधन में हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक बाबा मुस्ताक शाह के आश्रम पहुंचे आगरा मंडल प्रभारी जीएम अनुराग कठेरिया ने सूफी संत मुस्ताक साह से आशीर्वाद लिया और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा आश्रम है। जहां किसी प्रकार से कोई भी पैसा नहीं लिया जाता है और ना ही कोई भेदभाव किया जाता है। इनका आशीर्वाद लेने दिल्ली, मुंबई, आगरा, लखनऊ, इटावा, कानपुर व बरेली से कई लोग आते हैं। इस दौरान उनके बड़े बेटे मौलाना आसिफइमरान, चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी, मोहम्मद खुर्शीद, दबीर खान, अमीन शेख, शोएब खान, फहीम शेख आदि कई लोग मौजूद रहे।

**कार्यक्रम**

**उप्र राज्य आयुष सोसाइटी लखनऊ के द्वारा पब्लिक हेल्थ आउटरीच चला कार्यक्रम**

## आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर में रोगियों का परीक्षण कर बांटी दवाईयां

**पब्लिक हेल्थ आउटरीच के अंतर्गत मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज ने लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर**

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल फर्रूखाबाद के चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने पब्लिक हेल्थ आउटरीच के अन्तर्गत तहसील परिसर में निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर लगाकर रोगियों का निशुल्क परीक्षण किया एवं फ्री दवाइयां वितरित कीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप्र राज्य आयुष सोसाइटी लखनऊ के सौजन्य से क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी फर्रूखाबाद एवं कन्नौज द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसाइटी लखनऊ के द्वारा पब्लिक हेल्थ आउटरीच कार्यक्रम चलाया गया, जिसके अन्तर्गत छिबरामऊ तहसील परिसर में निशुल्क सार्वजनिक आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इसका शुभारंभ एसडीम उमाकान्त तिवारी ने किया। आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथी एवं योगा द्वारा कुल 1127 रोगियों का परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां एवं स्वास्थ्य सम्बंधी निर्देश दिये गये। प्रदेश के अग्रणी आयुर्वेद




चिकित्सा महाविद्यालय मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के आयुर्वेदाचार्यो ने इस शिविर में प्रतिभाग करते हुए शिविर में आए हुए मरीजों का परीक्षण किया एवं निशुल्क दवाएं वितरित कीं। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कन्नौज डॉ सर्वेश कुमार, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार विश्वकर्मा, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ संतोष कुमार मिश्र, डॉ पायल सक्सेना, डॉ विपुल शुक्ला, डॉ पूजा, डॉ मो. शाकिब, डॉ कोमल, मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की उप चिकित्सा अधीक्षक, डॉ नीतू श्री, चिकित्सक डॉ आनंद वाजपेयी, डॉ सना हाशमी, डॉ उदित प्रताप, डॉ रोहित हल्दर, योग प्रशिक्षक अंकुर दुबे, चन्द्रभान सिंह राजपूत, आशीष, दिलशाद खान, शिव प्रताप, सुनील सक्सेना, पंकज कुमार, आदि मौजूद रहे।

# मरीजों के साथ लापरवाही बर्दाश्त नहीं: सीएमओ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


निरीक्षण के दौरान नर्स से जानकारी करते सीएमओ

सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य का निरीक्षण कर वार्डों में भर्ती मरीजों से हालचाल पूछे और उनसे स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। जानकारी के अनुसार बुधवार को सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार ने इमरजेंसी व विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। जहाँ उन्होंने कई मरीजों से स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी ली। साथ ही मरीजों से समय से दवा मिलने के सम्बन्ध में भी पूछताछ की। सीएमओ ने निरीक्षण के दौरान इमरजेन्सी में मरीजों का ठीक तरह से देखरेख व सही उपचार करने के निर्देश दिए। इसके वाद उन्होंने महिला वार्ड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई सहित अन्य चिकित्सकीय व्यवस्था की गहनता के साथ जाँच पड़ताल की। साथ ही सभी स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मचारियों को अस्पताल में समय से आने की नसीहत दी। सीएमओ द्वारा महिला वार्ड प्रसव कक्ष के औक्षक निरीक्षण से अफरा-तफरी मच गयी। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सकीय व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी पूरे एक्शन मे दिखाई दिए। सीएमओ ने सीएमएस को चेतावनी दी कि महिला अस्पताल पर ड्यूटी मे तैनात सभी स्वास्थ्य अधिकारी व स्वास्थ्य कर्मचारी समय से स्वास्थ्य केन्द्र पर उपस्थित रहे, ताकि प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं एवं तीमारदारों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान सीएमएस डॉ. शोभित शाक्य मौजूद रहे।

# मुहल्ले में घूम रहे संदिग्ध मोपेड सवार को ग्रामीणों ने पकड़ा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एक संदिग्ध मोपेड सवार युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। पूछताछ करने पर वह बहकी-बहकी बातें करने लगा और ग्रामीणों से अभद्रता करने लगा। जिस पर ग्रामीणों ने उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार को एक मोपेड सवार युवक जिसकी गाड़ी पर लगी नंबर प्लेट पर नंबर नहीं था और गले में एक चाबी पड़ी थी। जिसे देख ग्रामीणों ने संदेह जताया और उसे रोककर पूछताछ की तथा उसका नाम, पता पूछा, तो युवक द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया और जब ग्रामीणों ने उससे आधार कार्ड दिखाने को कहा, तो वह भड़क गया। जिस पर ग्रामीणों ने उसे भगा दिया। ग्रामीणों ने पीछा किया, तो कुछ दूरी पर पुनः युवक संदेहजनक अवस्था में खड़ा हो गया। विरोध करने पर युवक विफर गया और अभद्रता करने लगा। ग्रामीणों के अनुसार युवक बहकी-बहकी बाते कर रहा था, कभी ढाईघाट तो कभी ढाई गांव का निवासी बता रहा था। जिस पर ग्रामीण उत्तेजित हो गये और उसकी पिटाई कर दी। बाद में कस्बा चौकी पुलिस को सौंप दिया। चौकी इंचार्ज फैजबाग जेके पटेल ने बताया युवक मंद बुद्धि का था। पूछताछ में खुद को रोशनाबाद निवासी बताया। युवक के परिजनों को सूचना देकर बुलाया गया। जहां परिजनों ने मंदबुद्धि होने की जानकारी दी। चौकी प्रभारी ने बताया युवक को परिजनों के हवाले कर दिया गया। जानकार लोगों की मानें तो युवक रोशनाबाद निवासी जोशी था और मांगने का कार्य करता था।

# दोषी को मृत्युदंड की सजा दिलाने वाले अधिवक्ता को डीजीपी ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


शासकीय अधिवक्ता को सम्मानित करते डीजीपी

दोषी को मृत्युदंड की सजा दिलवाने में अहम भूमिका निभाने वाले सरकारी अधिवक्ता प्रदीप सिंह को पुलिस महानिदेशक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

जानकारी के अनुसार दिनांक 18 जनवरी 2019 को थाना अमृतपुर में 11 वर्षीय किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर विवेचक द्वारा साक्ष्य संकलित कर अभियोग की गुणवत्तापूर्ण विवेचना सम्पादित करते हुए आरोप पत्र न्याालय में दाखिल किया गया। शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह के द्वारा प्रभावी पैरवी किये जाने के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दोषी करार देते हुए दिनांक 29 अगस्त 2023 को मृत्युदंड व 1 लाख 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। जिस पर पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह के द्वारा प्रदर्शित की गयी व्यवसायिक दक्षता के दृष्टिगत रखते हुए विशिष्ट प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चार स्थानों पर हुए कार्यक्रम



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत चांदपुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमल भारद्वाज मंडल अध्यक्ष भाजपा रहे। वहीं हुसैनपुर बांगर में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल राजपूत अध्यक्ष नगर पंचायत नवाबगंज रहे। जहां पर भाजपा नेताओं ने केंद्र तथा यूपी सरकार की उपलब्धियां का बखान करते हुए कहा मोदी सरकार की गारंटी योजना से देश में विकास के रास्ते खुले है। इस दौरान सभी ने देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया। जानकारी के अनुसार बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत चांदपुर, हुसैनपुर बांगर, पिलखना तथा बिजौरी में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा में चल रहे रथ पर केंद्र तथा यू.पी. सरकार की उपलब्धियों का लेखा लगा हुआ है। जो गांव-गांव जाकर एलसीडी के जरिये लोगों को सरकार की उपलब्धियां बताते हुए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं द्वारा सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा मोदी सरकार की गारंटी योजना जिसके तहत देश में तमाम कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गईं। शहर से लेकर गांव तक गरीब, मजदूर, किसानों को विकास कार्यों के जरिए लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में यह भी कहा गया प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना जिसके तहत देश के लगभग 11 करोड़ किसानों को अब तक 2.6 करोड़ की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। अभी भी देश के गरीब, किसानों को किसान सम्मान योजना के तहत 6000 वार्षिक आर्थिक सहायता भी उपलब्ध हो रही हैं। इस मौके पर विनीत भारद्धाज, पूर्व जिला मंत्री भाजपा योगेंद्र सिंह राठौड़, लघु उद्योग प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक अरविंद राजपूत, अनुज भदोरिया, अवधेश सिंह, देवेंद्र राजपूत, आदेश राठौर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


गंगा के तट पर मौजूद मृतक के परिजन

## वृद्ध की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** वृद्ध की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। जहां डाक्टर ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार को कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उलियापुर निवासी वेद प्रकाश उम्र 65 वर्षीय पुत्र कालीचरन की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे। जहां डियूटी पर तैनात डॉ. अमरेन्द्र कुमार ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी ऊषा देवी के अलावा पुत्र अजय व मंजीत आदि का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं परिजनों का कहना है कि वह बीमार चल रहे थे। शायद सर्दी लगने से उनकी हालत और बिगड़ गयी होगी। जिसके चलते उनकी मृत्यु हो गयी।

# नगर में अक्षत कलश यात्रा का हुआ स्वागत, बरसे फूल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**


अक्षत कलश यात्रा के साथ मौजूद भक्तगण

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त राम भक्तों को आमंत्रित करने के लिए भेजे गए अक्षत कलश का ऐतिहासिक व पौराणिक नगरी में विभिन्न जगहों पर स्वागत किया गया। अक्षत कलश यात्रा निकाल लोगों ने श्रीराम के जयकारे लगाए।

नगर के प्राचीन रामेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण से अक्षत कलश यात्रा को बुधवार दोपहर आरएसएस के जिला प्रचारक प्रवीण कुमार ने पूजा अर्चना कर भक्तों को तिलक लगाकर रवाना किया। यात्रा में आगे ठेली पर भगवान राम का चित्र व अक्षत कलश रखा था। यात्रा के साथ चल रहे हनुमान जी के स्वरूप एवं उनकी वानर सेना रामधुन में मस्त थी। सबसे पीछे भगवान राम की झांकी के साथ महिलाओं व बच्चों की टोली हाथों में भगवा ध्वज लिए जय श्री राम का उद्घोष करते हुए चल रही थी। कलश यात्रा का लोगों ने पुष्पवर्षा कर पूजन किया।

लोगों ने जगह-जगह स्टाल लगाकर भक्तों के लिए प्रसाद, कॉफी व चाय वितरित किए। यात्रा पांचाली मेला ग्राउंड, काजी टोला, पट्टी मदारी, मैन चौराहे, अम्बेडकर नगर मोहल्ला होते हुए मंदिर पर जाकर समाप्त हो गयी। इस दौरान समाजसेवी पुखराज डागा, भाजपा नेता किशनू चतुर्वेदी, सुदेश राजपूत, निशांत गुप्ता, महेश शाक्य, विवेक शुक्ला आदि सभी नगरवासी, एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा, व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी दिलीप कुमार कंचन पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### भैंस के हमले से वृद्ध घायल


भैंस के हमले में घायल वृद्ध

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर सैथरा निवासी नेकराम कठेरिया उम्र 60 वर्षीय पुत्र बालकराम कठेरिया छप्पर में लेटे थे, तभी अचानक बूंदाबांदी होने के कारण वृद्ध ने उठकर भैंस को खोलकर अन्दर कमरे में ला रहा था। उसी समय भैंस ने उस पर हमला कर दिया। जिससे उसके बन्द चोटें आईं। आनन-फानन में परिजन वेदप्रकाश को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने प्रथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### मार्ग दुर्घटना में युवती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पपड़ी निवासी फरहाना उम्र 20 वर्षीय पुत्री वसीम खान मार्ग दुर्घटना में घायल हो गयी। आनन-फानन में परिजनों ने उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है।

### देशी शराब के बीस क्वार्टर सहित युवक गिरफ्तार

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर पुलिस ने साहबगंज चौराहे के पास से थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर निवासी मनोज कुमार पाल को जोशीला ब्रांड की देशी शराब के बीस क्वार्टर सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को थाने से ही जमानत पर छोड़ दिया।

### जमीनी विवाद में दो लोगों का शांतिभंग में चालान

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** थाना मेरापुर पुलिस ने गांव कोला निवासी रजनेश तथा धीरेंद्र को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर दोनों लोग आपस में गाली-गलौज कर रहे थे।

### चोरी के सामान के साथ युवक गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने चोरी के सामान के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। बीते दिन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम झब्बूपुर निवासी अमरजीत पुत्र रामनरेश पाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा था कि मेरी टेन्ट की दुकान अचरा रोड झब्बूपुर बरमदेव के पास है। जिसमें से बीती रात अज्ञात चोर डीजे की मशीनें व अन्य सामान चोर चुरा ले गये थे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया था। बुधवार को कायमगंज उपनिरीक्षक नितिन यादव, कांस्टेबिल विनीत, कांस्टेबिल सचिन ने मुखविर की सूचना पर ग्राम सत्तार नगर बाग से चोरी करने के आरोप में मनीराम उम्र 20 वर्षीय पुत्र भूरे निवासी झब्बूपुर थाना कायमगंज को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी किशानदेही पर चोरी किए हुए टेन्ट के डीजे की मशीनें बरामद की हैं। आरोपी को न्यायालय के निर्देश पर जेल भेजा गया।

# वन विभाग की मिलीभगत से हरे पेड़ों का हो रहा कटान

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**


शारिक की आरा मशीन पर कटा पड़ा आम का पेड़

वन विभाग व पुलिस की मिलीभगत से क्षेत्र में धड़ल्ले से हरे पेड़ों का कटान हो रहा है। लकड़ी माफिया रात के अंधेरे में हरे भरे पेड़ों को काटकर धरती की हरियाली को उजाड़ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार जहां एक ओर सरकार सभी को वृक्षारोपण करने के लिए जागरुक कर रही है, क्योंकि पेड़ों से हमें जीवनरुपी ऑक्सीजन मिलती हैं। उसके बगैर मनुष्य के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसके बावजूद लकड़ी माफिया शारिक जिसके संरक्षण में क्षेत्र में हरे भरे पेड़ों का कटान किया जा रहा है। उसका कहना है कि वह यह कार्य पुलिस और वन विभाग की मिलीभगत से कर रहा है। लकड़ी माफिया अपने गुर्गो के माध्यम से शहर अथवा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से संपर्क करता है और रात के अंधेरे में कुल्हाड़ी चलवाकर उस जगह से हरे भरे वृक्षों का सफाया कर देते हैं। बताते हैं शमशाबाद नगर में ही स्थित चौखंडी जहां एक हरे भरे आम के वृक्ष को लकड़ी माफिया काले ने शारिक के सरंक्षण में सौदे के बाद कटवाया। जब ग्रामीणों ने काले से बात की, तो उसने बताया कि शारिक के कहने पर वृक्ष को काटा गया है। बताते हैं कि शारिक की आरामशीन है। जिस पर उक्त वृक्ष को काटकर डाला गया है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक माफियाओं तथा ठेकेदारों द्वारा कटवाए जा रहे हरे भरे वृक्षों को लेकर समाजसेवी जनप्रतिनिधियों ने चिंता जाहिर करते हुए कहा जिस तरह शमसाबाद क्षेत्र में लकड़ी माफिया रात के अंधेरे में हरे भरे वृक्षों को कटवाकर हरियाली उजाड़ रहे हैं। ज्ञात हो कि शमशाबाद शहर में इस समय लकड़ी माफिया शारिक, दानिश, मंसूर, छोटे, राशिद, रशीद, काले, राजू, भूरा, इस्सू, भुल्लन, शमीम, फिरोज, गुड्डा, नकीम सहित लगभग दो दर्जन से अधिक लकड़ी माफिया सक्रिय हैं। जो प्रतिदिन सैकड़ों हरे वृक्ष काट रहे हैं।

# जमीन पर कब्जे को लेकर चले लाठी-डंडे, आधा दर्जन घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

जमीन के विवाद को लेकर जमकर लाठी-डंडे चले। सूचना पर पहुंची पुलिस की भी हिम्मत दवाब दे गयी। पुलिस उल्टे पैर लौट गयी। घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गयी है।

पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार तमजीद खॉ पुत्र इदरीश खां निवासी ग्राम नगला दाऊद खां का जमीनी विवाद तौफीक खां पुत्र रब्बन खां से काफी समय से चल रहा है। बुधवार को समय करीब 5 बजे पुनः विवाद हुआ। जिससे एक राय होकर वसीम, तौफीक खां पुत्रगण रब्बन खां, आमिर खां, मुन्ना खां पुत्रगण अकबर खां अक्कू उर्फ अरशद पुत्र युसुफ खां, शानू, शादाब पुत्रगण अकील खां, बाबर खां पुत्र शराफत खां, ईसान खां पुत्रगण इरशाद खां निवासी ग्राम नगला दाऊद अपने हाथों में नाजायज असलाह तमंचा व धारदार हथियार चाकू, टकोरा आदि लिये थे आते ही सभी ने मां बहिन की गन्दी-गन्दी गालिां देना शुरु कर दिया। गालियां देने से मना किया, तो सभी लोग जान से मारने की नियत से तमंचे से व हथियार से हमला कर दिया।

जान बचाकर सभी लोग अपने घर में घुस गये। सभी ने घर के अंदर से पकड़कर खींचा व मारपीट की। मारपीट में तौहीद खां के सर में तमंचे की बट से हमला किया। जिससे वह तुरंत ही जमीन पर गिर गया। जुनैद खां, तमहीद खां पुत्रगण इदरीश खां, नाजिम खां, हनीफ खां को पकड़कर जान से मारने की नियत से मारपीट की व तमंचे से फायर किया और मारपीट में सभी के मोबाइल व जेबों रखे पैसे घटनास्थल पर गिर गये। मारपीट में हम सब लोगों के काफी चोटें आयी हैं और जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। मारपीट में नाजिम के बायें पैर की हड्डी टूट गयी।

# पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

> पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्या में मुकदमा दर्ज कर लिया

नाजायज असलहे से पत्नी की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी अनिल कुमार कठेरिया पुत्र लालाराम कठेरिया निवासी कन्हऊ याकूबपुर कोतवाली मोहम्मदाबाद को अपर जिला जज प्रथम विष्णु चन्द्र वैश्य ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 70 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

जानकारी के अनुसार बीते 6 वर्षो पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद कन्हऊ याकूबपुर निवासी मोहित कठेरिया पुत्र अनिल कठेरिया ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि उसके माता पिता फरीदाबाद हरियाणा में रहते हैं। वह अपने रिश्ते की बुआ लाली पुत्री गिरेन्द की शादी में शामिल होने ग्राम गैसिंगपुर थाना मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद में दिनांक 13.02.2018 को अपने माता पिता के साथ फरीदाबाद हरियाणा से आया था। जहां पर शादी में मेरे पिता की मौसी का लड़का विजय कठेरिया पुत्र भंवरपाल निवासी मानपुर नबाबगंज फर्रुखाबाद भी आया था। शादी के पश्चात 15 फरवरी 2018 को मैं अपनी मम्मी व पापा के साथ ग्राम कन्हऊ याकूबपुर अपने घर आया। घर आते ही विजय कठेरिया को लेकर मेरी मम्मी पापा के बीच कहासुनी होने लगी। जिससे उत्तेजित होकर मेरे पिता अनिल कठेरिया ने नाजायज तमंचे से मेरी मम्मी प्रीती उर्फ सुनीती उम्र करीब 42 वर्ष को गोली मार दी। जिससे मेरी मम्मी की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्या में मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश विष्णु चंद्र वैश्य ने अनिल कुमार कठेरिया को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 70 हडार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# चार पहिया वाहन ने मारी टक्कर मां-बेटा घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


मार्ग दुर्घटना में घायल मां बेटा

फर्रुखाबाद से बाजार कर घर वापस जा रहे मां बेटा बाइक सवार को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव उम्मरपुर निवासी कृष्णकांत पुत्र राम नक्षत्र अपनी बाइक से अपनी मां रत्नेश कुमारी को लेकर किसी काम से फर्रुखाबाद गए थे।

जहां से वह वापस आ रहे थे, तभी गांव सिरमौर बांगर के पास एक चार पहिया वाहन ने बाइक में सीधे टक्कर मार दी। जिससे मां बेटा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अपनी सरकारी गाड़ी में बैठालकर सीएचसी में भर्ती कराय। जहां हालत गंभीर होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं मौके पर मौजूद निवासी कई ग्रामीण तथा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने घटना को देखते हुए दुर्घटना करने वाले वाहन को पकड़ने के लिए दौड़े, तब तक वाहन स्वामी भाग गया।

# पुलिस ने चोरी की योजना बनाते चार को दबोचा


पुलिस हिरासत में पकड़े गये चोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना मऊदरवाजा पुलिस ने चोरी की योजना बनाते 04 अभियुक्तगण को अवैध शस्त्रों व उपकरणों सहित गिरफ्तार किया है। थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा दिनांक बुधवार को 04 अभियुक्तगण गोविन्द यादव पुत्र दीवान सिंह यादव निवासी मोहल्ला मेमरान टैगोर कालोनी बजरिया थाना मऊदरवाजा, दीपक पुत्र परमेश्वर दयाल उर्फ रामेश्वर दयाल निवासी मोहल्ला कुईयांबूट थाना मऊदरवाजा, शिवकुमार पुत्र रामसागर निवासी मोहल्ला गढ़ी अशरफ अली थाना मऊदरवाजा, सर्वेश पुत्र मुन्नालाल निवासी मोहल्ला गढ़ी अशरफ अली थाना मऊदरवाजा को 01 अवैध तमंचा व 02 कारतूस, 01 चाकू आदि सामान सहित गिरफ्तार कर कर लिया।

पुलिस सभी के विरुद्ध सुसंगत धारा मे मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तगणों ने बताया कि हम चारों लोग मिलकर चोरी करने की योजना बना रहे थे, तभी आपने पकड़ लिया है। बताते चलें कि अभियुक्त गोविन्द पर चार मुकदमे तथा दीपक पर दो मुकदमे तथा शिवकुमार पर दो मुकदमे तथा सर्वेश पर एक मुकदमा पंजीकृत है।


प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मौजूद जिलाधिकारी

## ईवीएम व वीवी पैट प्रशिक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रायोजित ईवीएम व वीवी पैट प्रशिक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा मतदान किया गया। इसी प्रकार से कलेक्ट्रेट के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं कलेक्ट्रेट में आने वाले सभी जनसामान्य को जागरूक कर मतदान कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जन सामान्य को जागरुक करना है। जिससे वह अपने मताधिकार को सही से कर सकें। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही लोगों को इसके बारे में जागरुक भी किया जा रहा है।

# साइकिल चोरी करते युवक को पकड़कर पीटा

**शमशाबाद,समृद्धि न्यूज।**


साइकिल चोर को पीटती जनता

साइकिल चुराकर कबाड़ की दुकान पर बेचने जा रहे युवक को मोहल्ले के लोगों ने दबोच लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी।

बुधवार को कान्हा गौशाला के पास एक किसान की साइकिल उस वक्त चोरी कर ली गई जब वह खेत में पशुओं के लिए चारा लेने गया था। घटना के संबंध में बताया गया है शमशाबाद नगर के मोहल्ला चौहट्टा निवासी घनश्याम कान्हा गौशाला के पास में स्थित खेत से पशुओं के लिए चारा लेने के लिए गया था। बताते हैं घनश्याम ने कान्हा गौशाला के निकट साइकिल खड़ी की और खेत में चला गया। मौका पाकर अज्ञात चोर ने साइकिल पार कर दी। जब घनश्याम वापस लौटा, तो साइकिल नहीं थी। साइकिल न पाकर वह हैरान रह गया। पीड़ित किसान ने घटना की सूचना आसपास मुहल्ले के लोगों को दी। बताते हैं संदेह के आधार पर लोगों ने इधर-उधर खोजबीन की। गंगा रोड के निकट मार्केट के पास एक युवक को कबाड़े की दुकान के पास साइकिल सहित खड़ा देखा गया। संभवतः युवक साइकिल बेचने की फिराक में था। किसान ने साइकिल को पहचान लिया। शोर मचाकर आरोपी को पकड़ लिया गया। आक्रोशित लोगों की भीड़ ने चोर की जमकर पिटाई कर दी। बाद में युवक को शमशाबाद थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। जहां समाचार लिखे जाने तक करवाई जारी थी। लोगों के अनुसार आरोपी चोर नगर के मोहल्ला कोर्ट का निवासी था।

# न्यायालय की अवहेलना करने के मामले में कायमगंज कोतवाल पर लटकी तलवार

## लुईस खुर्शीद व अन्य अभियुक्त को जारी हुए सम्मन का तामीला न कराने का मामला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



न्यायालय की अवहेलना करने के मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कायमगंज के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर नियत तिथि पर न्यायालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण नहीं देते है तो उनके विरुद्ध करवाई के लिए अदालत ने निर्देश दिए हैं।

ज्ञात हो कि धारा 409, 467, 468, 471, 120बी के मामले में अभियुक्तगण पूर्व विदेशमंत्री की पत्नी पूर्व विधायक लुइस खुर्शीद, अतर फारुकी अनुपस्थित चल रहे हैं। न्यायालय ने पूर्व में सम्मन जारी किये थे। जिनका तामीला नहीं कराया गया। इसी मामले में अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार ने थानाध्यक्ष कायमगंज को नियत तिथि पर नोटिस निग्रत करते हुए व्यक्तिगत रुप न्यायालय में तलब किया गया था और यह भी निर्देशित किया गया था कि अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें कि उनके द्वारा किन परिस्थितियों में न्यायालय से जारी आदेशिकाओं का तामीला नहीं कराया गया था।

कायमगंज कोतवाली प्रभारी के न्यायालय में उपस्थित न होने के संदर्भ में कथन किया गया है जो प्रदर्शित करता है कि थानाध्यक्ष कायमगंज न्यायालय के कार्यों के प्रति कितने उदासीन है। थाना अध्यक्ष कायमगंज के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज कर धारा 349 सीआरपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया जाये और उनके विरुद्ध नोटिस 12 जनवरी के लिए निग्रत किया गया है। उन्हें यह भी निर्देशित किया गया है कि यदि नियत तिथि पर अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करते है और न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## निरीक्षक व पांच उपनिरीक्षक इधर से उधर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसपी ने निरीक्षक सहित 5 उपनिरीक्षकों को इधर से उधर कर दिया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने थाना कमालगंज के व0उ0नि0 सत्यप्रकाश को प्रभारी मेला श्रीराम नगरिया बनाया है।

इसके साथ ही थाना फर्रुखाबाद के उपनिरीक्षक जगभाग सिंह को अमृतपुर थाना चौकी प्रभारी, उपनिरीक्षक पुलिस लाइन नागेन्द्र सिंह को बीबीगंज चौकी प्रभारी, पुलिस लाइन के उपनिरीक्षक अजय कुमार को थाना नवाबगंज, न्यायालय सुरक्षा उपनिरीक्षक आशु कुमार को घुमना चौकी प्रभारी, थाना मोहम्मदाबाद के उपनिरीक्षक नर सिंह को कर्नलगंज चौकी प्रभारी बनाया है।



केक काटकर प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन मनाते राघव दत्त मिश्रा

## सपाइयों ने केक काटकर मनाया प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने अपनी नगर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का केक काटकर जन्मदिन मनाया। बजरिया सालिगराम स्थित अपने आवास पर राघव दत्त मिश्रा ने विचार गोष्ठी का आयोजन किया। अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष की दीर्घायु की कामना करते है और उनके जन्मदिन पर शपथ लेते है कि आगामी लोकसभा चुनाव पूरी दमदारी से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश के हाथों को मजबूत करना है। संचालन अभिषेक गुप्ता ने किया। इस मौके पर डॉ0 शिवम अवस्थी, कुलदीप भारद्वाज, गौरव सक्ससेना, सत्यम अवस्थी, अंकित चतुर्वेदी, खुर्शीद खां, अमन भारद्वाज, अमित यादव, उरूज खां, आदित्य मिश्रा, अतुल वर्मा, रिंकू यादव, अफजल खान, विवेक सक्सेना, नफीश आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## मांगों को लेकर एनई रेलवे मजदूर यूनि. आज करेगी भूख हड़ताल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एनजेसीए एवं एआईआरएफ के आवाह्न पर निर्धारित तिथियों पर देशव्यापी स्तर पर एनपीएस समाप्त कर पुरानी पेंशन स्कीम लागू कराने हेतु 1 दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल की जायेगी।

इसी क्रम में 11 जनवरी को कानपुर, अनवरगंज, कन्नौज एवं फतेहगढ़ की एनई रेलवे मजदूर यूनियन की शाखाओं द्वारा सामूहिक रुप से सहायक मण्डल इंजीनियर फतेहगढ़ कार्यालय परिसर पर 10 बजे से शाम 5 बजे तक भूख हड़ताल की जायेगी। यह जानकारी शाखा मंत्री/नरमू/फतेहगढ़ अनुज कुमार द्वारा दी गई है।

# कांग्रेसियों ने बढ़ रहे अपराध को लेकर भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

ज्ञापन में मांग की गई कि पूरा प्रदेश अपराध की आग में जल रहा है। अपराधी बेखौफ होकर अपराध को अंजाम दे रहे है।

उत्तर प्रदेश महिलाओं के प्रति अपराधों के मामले में पहले स्थान पर है। वाराणसी में बीएचयू की छात्रा के साथ तीन लड़कों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने इस घटना में भाजपा के लोगों का हाथ बताया है। अभी तक उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान हो चुकी है और पीड़िता ने भी पहचान की है। पांच राज्यों के चुनाव के कारण भाजपा आरोपियों को बचा रही थी। कांग्रेस का दबाव न होता तो आरोपी पकड़े भी नहीं जाते।


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते कांग्रेसी

प्रधानमंत्री महिला सुरक्षा की बात करते है। कांग्रेस जन की मांग है कि प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये। वाराणसी बेटी की घटना को ध्यान में रखते हुए बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ का नारा देने वाले प्रधानमंत्री बेटियों से माफी मांगे। ज्ञापन देने के दौरान जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी, प्रदेश महासचिव कौशलेन्द्र यादव, शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा, संतोष गुप्ता, कैलाश यादव, हिलाल सफीकी, खालिद उस्मानी, अनूप वर्मा, राकेश सागर, वरुण त्रिपाठी, अम्बार अली, मनोज गंगवार, दीपक मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।


सत्यगिरी महाराज का स्वागत करते करणी सेना के लोग

## करणी सेना ने जूना अखाड़ा प्रमुख संत सत्य गिरी महाराज का किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा प्रमुख सत्यगिरी महाराज मेला श्री राम नगरिया में पहुंचने की जानकारी मिलने पर अनुयाई दर्शन को पहुंचने लगे। करणीसेना पदाधिकारियों ने इटावा बरेली नेशनल हाईवे पर फूल मालाओं से स्वागत किया। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर के नेतृत्व में जमापुर चौराहे पर कार्यकर्ता एकत्र हुए। बुधवार दोपहर को जूना अखाड़ा प्रमुख नागा संत पहुंचे। जिलाध्यक्ष समेत कार्यकर्ताओं ने फूल माला अंगवस्त्र से स्वागत किया। कई कार्यकर्ता सेल्फी लेते भी दिखे। जिला महासचिव करणी सेना ने बताया की सत्य गिरी महाराज के सानिध्य में कई कार्यक्रम भी होगे। 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन संगठन परम संत के नेतृत्व में जिले में बड़ा धार्मिक कार्यक्रम करेगा। इस दौरान सुमित सिंह, शिवम सिंह, शिवदेश, मोंटू, आकाश आदि मौजूद रहे।

# स्वीप अन्तर्गत मतदाता जागरुकता की दिलायी शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता साक्षरता क्लब की छात्राओं को विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या संघमित्रा भास्कर द्वारा मतदाता शपथ दिलाई गई। विद्यालय की अध्यापिका शैलजा मौर्य, शिल्पी द्विवेदी, गरिमा पांडे, मोनी चौहान ने शपथ कार्यक्रम में भाग लिया।


मतदाता जागरुकता की शपथ लेती छात्रायें मौजूद शिक्षक

जिला निर्वाचन अधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में स्वीप के अंतर्गत कार्यक्रमों की श्रृंखला में 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2024 के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में जनपद में शत-प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता साक्षरता क्लब के विद्यार्थियों द्वारा मतदान संबंधी संदेश को घर-घर पहुंचने में विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

इसी के साथ सभी विद्यार्थियों को मतदान दिवस के अवसर पर शत-प्रतिशत मतदान किए जाने हेतु स्वीप कोऑर्डिनेटर एवं स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा तथा गौरव शाक्य के द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक किया गया तथा मतदान एवं वोट के महत्व को समझाया गया। विद्यालय की टीम द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधी नुक्कड़ नाटक के संबंध में जानकारी दी गई तथा जनपद में कम मतदान वाले बूथों पर वोट के प्रतिशत को बढ़ाए जाने हेतु मतदाता साक्षरता क्लब की इकरा फातिमा की टीम द्वारा सहयोग की सराहना की गई।

## खबरें एक नजर में

### सदर विधायक के विरुद्ध सम्मन जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अचार संहिता के उल्लंघन व कोविड-19 के नियमों की अनदेखी करने के मामले में 27 जनवरी 2022 में सिविल लाइन चौकी इंचार्ज कोतवाली फतेहगढ़ ने मुकदमा दर्ज कराया था। चौकी इंचार्ज द्वारा दर्शाया गया कि प्रत्याशी मेजर सुनील दत्त द्विवेदी द्वारा नामांकन के पश्चात अपने 30-35 अज्ञात समर्थकों के साथ आदर्श आचार संहिता एवं कोविड गाइड लाइन का उल्लंघन करते हुए नारेबाजी की। इसी मुकदमे में न्यायालय से कई बार सम्मन जारी किये गये, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए। इसी मामले में विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने प्रसंज्ञान लेकर सुनील दत्त दिवेदी को सम्मन जारी किया।

### पति की हत्या का पत्नी ने ससुरालीजनों पर लगाया आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पत्नी ने सम्पत्ति हड़प लेने के लालच व दोनों को साथ न रहने के उद्देश्य से ससुरालीजनों पर पति की हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए न्यायालय में याचिका दायर की। दुर्गेश पत्नी स्व0 आयुश मिश्रा निवासी सिकंदरपुर खास थाना कम्पिल ने न्यायालय में याचिका दायर की। जिसमें दर्शाया कि मेरा विवाह 15 फरवरी 2015 को आयुश मिश्रा पुत्र संजय मिश्रा निवासी सिकंदरपुर खास कम्पिल के साथ हुआ था उसके के पश्चात से ही मेरे ससुरालीजनों ने अतिरिक्त दहेज की खातिर मुझे घर से निकाल दिया था। जिससे मैने मुकदमा कर दिया। कुछ समय बाद मेरे पति मुझसे मिलने आये और कहा कि घर वाले षड्यंत्र के तहत मेरी हत्या कराना चाहते है और मेरी सम्पत्ति हड़पना चाहते है। मुकदमा समाप्त कर कहीं दूर रहेंगे चलकर, मेरे घर वाले नहीं चाहते कि हम लोग साथ में रहे। कुछ समय बाद 12 दिसम्बर 2023 को पता चला कि मेरे पति की मृत्यु हो गई है और घर वालों ने जल्दबाजी में उनका अंतिम संस्कार कर दिया और मुझे इसकी जानकारी भी नहीं दी। जब मैं ससुराल आयी तो गांव के बाहर चचिया ससुर विजय मिश्रा, चचिया सास कल्पना मिश्रा मिली और मेरे साथ गाली-गलौज कर कहा कि हम लोगों को पता लग गया था कि तुम लोग एक होने वाले हो, इसलिए हम लोगों ने साजिस के तहत पीयूष व उसकी पत्नी से सांठगांठ कर तेरे पति की हत्या करा दी है और सभी साक्ष्य मिटा दिये। अगर तू घर आयी तो तुझे भी जान से मार देगे। इस संदर्भ में मैंने उपरोक्त लोगों के विरुद्ध पुलिस को तरहरी दी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। न्यायालय ने संबंधित थाना पुलिस से आख्या मांगी है।

### किसान के लिए परेशानी बनी खेत से निकली जर्जर लाइन

**जालौन (उरई)।** खेत के ऊपर से निकली जर्जर हाईटेंशन लाइन ढीली होकर नीचे लटक गई है। किसान को कृषि कार्य करने में दिक्कत हो रही है। पीड़ित किसान ने दुर्घटना से बचने के लिए जर्जर व ढीली हाईटेंशन लाइन को बदलवाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम सिहारी चौलापुर निवासी अंगद सिंह ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका खेत सिहारी चौलापुर मौजा में गाटा संख्या 201 में स्थित है। उक्त खेत के ऊपर से एचटी लाइन निकली है। जो जर्जर होकर खेत में काफी नीचे तक लटक आई है।

# जिलाधिकारी ने चल विजयंतियों का किया अनावरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी से राज्य स्तरीय पुरुष आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का परिचय कराया गया। साथ ही ओलंपिक संघ के अध्यक्ष व सचिव के साथ चल रही चल विजयंतियों का अनावरण जिलाधिकारी संजय सिंह द्वारा किया गया। ओलंपिक संघ एवं फर्रुखाबाद हॉकी के पदाधिकारियों को पुरुष हॉकी टूर्नामेंट के लिए जिलाधिकारी ने बधाई दी। इस मौके पर सचिव अवनीन्द्र कुमार, अंजुम दुबे, कलाम आजाद सिद्दीकी, अफजल खान, लक्ष्मण टंडन, सुरेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे। अवनीन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 जनवरी को इटावा व शाहजहांपुर की टीम के साथ मैच होगा। 11 जनवरी से 14 जनवरी के बीच मैच सम्पन्न होंगे। जिसमें इटावा हॉकी टीम, शाहजहांपुर हॉकी टीम, स्पोर्ट्स हॉस्टल रामपुर, रेलवे प्रयागराज, बुलंदशहर हॉकी टीम, फर्रुखाबाद हॉकी टीम, हरदोई हॉकी टीम, हॉस्टल झांसी हॉकी टीम, रेलवे लखनऊ, स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई की टीमें मैच में प्रतिभाग करेगी।



जिलाधिकारी के साथ ओलंपिक संघ व हॉकी संघ के पदाधिकारी

# मेला रामनगरिया तंबाकू निषेध क्षेत्र घोषित

**डीएम का आदेश तम्बाकू की बिक्री पर लगेगा जुर्माना**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पतित पावनी मां गंगा के तट पर मेला रामनगरिया 25 जनवरी से लगने जा रहा है जो 25 फरवरी तक चलेगा। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी संजय सिंह ने कहा कि जो भी दुकानदार तंबाकू उत्पादों को बेंचते हुए पकड़े जाते हैं तो उनके ऊपर कोटपा अधिनियम 2003 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला सलाहकार सूरज दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय तंबाकू



नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू नियंत्रण कानून (कोटपा) 2003 के तहत सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने, खुलेआम तंबाकू से संबंधित सामग्री बेचने पर कार्रवाई की जाती है। इसके तहत 200 रुपए से 10 हजार रुपए तक जुर्माना और 5 साल की कैद तक का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि जुर्माना न अदा करने पर सजा हो सकती है। दोबारा पकड़े जाने पर जुर्माना व सजा दोनों से दंडित किया जायेगा। जिसके अन्तर्गत पान मसाला, सिगरेट, तम्बाकू आदि वस्तुएं मेला रामनगरिया में प्रतिबंधित रहेगी।

# शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय आवास विकास पर बैठक सम्पन्न हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु मुख्य बिन्दु हेतु संगठन को दिशा-निर्देश दिये। शिक्षक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित पिछले कार्यक्रमों की पुष्टि बूथ सशक्तिकरण हेतु बूथ गुरुओ की नियुक्ति 70 वार्डों में बूथ गुरुओं की नियुक्ति, भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रचार-प्रसार हेतु विद्यालय का जन सम्पर्क कार्यक्रम की रुपरेखा व सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार एवं होर्डिंग के द्वारा प्रचार-प्रसार कार्यक्रम की रुपरेखा तय की गई। नमो ऐप माइक्रो डोनेशन एवं स्वच्छता अभियान शिक्षकों के मध्य चलाया जायेगा। जिला कार्यकारिणी विधानसभा एवं मण्डलीय कार्यकारिणी पुर्नगठन पर विचार किया गया। इस मौके पर अनिल कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, डॉ. आलोक बिहारी लाल, अखिलेश पाण्डेय, राजवीर सिंह राठौर, डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी, देवेन्द्र शाक्य, गिरीश चन्द्र तिवारी आदि शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मौजूद रहे।



शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक को सम्बोधित करते डॉ. संदीप चतुर्वेदी

# फूल बंगला कालोनी में घर-घर 22 जनवरी के लिए दिया गया निमंत्रण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फूस बंगला कालोनी सिविल लाइन फतेहगढ़ में बड़े धूमधाम से अक्षत वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। गायत्री माता मंदिर से अक्षत वितरण कार्यक्रम शुरु होकर सिविल लाइन में घर-घर अक्षत वितरित किये गये। संयोजक राघवेन्द्र सिंह चौहान ने अक्षत वितरण के दौरान सभी को अयोध्या में 22 जनवरी को होनी वाली प्रभु श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण दिया और कहा कि प्रभु श्रीराम मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को सभी लोक लाइव प्रसार देखकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करें, साथ ही अपने घरों व पूजाग्रह को सजाकर दीपक जलाये और छतों पर जाकर देर शाम घंटा बजाये और शंख बजाकर राम ध्वनि बजाये। इस मौके पर वीके बाजपेयी, रमेश चतुर्वेदी, आलोक चतुर्वेदी, श्रवण सिंह, जीतेन्द्र सिंह गहरवार, ज्योति भदोरिया, यशवर्धन, राज, आदित्य आदि मौजूद रहे।


अक्षत कलश के साथ निमंत्रण देते रामभक्त

# कराटे खिलाड़ी छात्राओं को भाजपा महिला मोर्चा ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। स्व. ब्रह्मदत्त स्टेडियम फतेहगढ़ में कराटे खिलाड़ी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में कलर बेल्ट प्राप्त करने वाली छात्राओं को भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबिता पाठक ने अपनी टीम के साथ स्टेडियम पहुंचकर छात्राओं को पटुका पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ के तहत अभियान को बढ़ावा देते हुए छात्राओं की प्रशंसा की कि आत्मरक्षा की कला छात्रायें अवश्य सीखे और सशक्त बनें। क्रीड़ा के क्षेत्र में छात्राओं ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में मैडल जीते। जिसको लेकर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबिता पाठक, कोषाध्यक्ष प्रीती तिवारी, रमला राठौर, बिटाना चौहान, रेखा सोमवंशी ने छात्राओं को सम्मानित किया। कोच पारस भारद्वाज ने महिला मोर्चा की पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर छात्रा अर्पिता भारद्वाज, अभया मिश्रा, पाकी सक्सेना, आरती राजपूत, उमंग तिवारी, तन्वी, प्रिया, लवी राठौर, मोनिका यादव, बीना यादव, स्वीटी, सुहानी, वैष्णवी आदि कराटे प्रतिभागी छात्राओं का सम्मान हुआ।


करांटे प्रतिभागी छात्राओं को सम्मानित करती बबिता पाठक

**आयोजन**

**विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य सत्यपाल सिंह ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता**

# पुस्तक विमोचन के साथ शिक्षकों का किया गया सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनता भारती इंटर कालेज भरखा में प्रधानाचार्य प्रेम पाल सिंह व प्रधानाचार्य परिषद के जिला महामंत्री द्वारा पुस्तक विमोचन एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य सत्यपाल सिंह ने की। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक व विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष व भारतीय पाठशाला इंटर कालेज के प्रधानाचार्य दिनेश चन्द्र वर्मा व कार्यकारी जिलाध्यक्ष शिवओम द्विवेदी, कणवेन्द्र सिंह, ओमपाल सिंह रघुवंशी रहे। अवकाश प्राप्त शिक्षक दशरथ सिंह राठौर की पुस्तक **राठौड़ काव्य रस कलश** का विमोचन हुआ। विद्यालय के अवकाश प्राप्त समस्त शिक्षक ईश्वर दयाल पाठक, साधुराम, रामनरेश सिंह, डा0 सत्यपाल सिंह, श्याम प्रकाश सिंह के साथ वर्तमान में कार्यरत शिक्षक कृष्ण कुमार शुक्ला, बृजकरण सिंह, महेश पाल सिंह उपकारी, श्रीकांत शुक्ला, अनिल सिंह सोमवंशी, अनुराग सिंह, सोनी बाथम, प्रगति सिंह, प्रतिभा निषाद, शशिदेवी, नीरज कश्यप, शिवम प्रताप सिंह, दुबेश कुमार, पुणेन्द्र कुमार, मो0 समीम, वीरेन्द्र शुक्ला, सुरजीत सिंह व कर्मचारी जगत पाल सिंह, विवेक कुमार, रंजीत कुमार एवं रसोइया बहने मौजूद रही। सभी को शाल, डायरी के अलावा माला पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य प्रेमपाल सिंह द्वारा सभी का सम्मान हुआ। सरस्वती वंदना व स्वागत गीत विद्यालय की छात्राओं ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ने शैक्षिक अनुशासित वातावरण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज नौकरियों की कमी नहीं है। वस शिक्षा उत्कृष्ट हो। छात्रों को अच्छे से पढ़ाई करने व विभिन्न पदों पर पहुंचने के लिए बधाई दी और कहा कि पढ़-लिखकर विद्यालय का नाम रोशन करें। प्रधानाचार्य प्रेमपाल सिंह ने विद्यालय की प्रगति की आख्या प्रस्तुत की। अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने विचार प्रस्तुत किये। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया।



शिक्षिका को सम्मानित करते डीआईओएस

# लोकार्पित परियोजनाओं के कार्यान्वयन से बुनियादी ढांचे में होगा सुधार : गडकरी

**पंजाब में 4,000 करोड़ की 29 परियोजनाओं का लोकार्पण**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पंजाब को राष्ट्रीय राजमार्गों के माध्यम से विकास की राह पर अग्रसर करते हुए, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को होशियारपुर में 4,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से 29 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश, पंजाब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार सहित सांसद, विधायक और अधिकारी भी उपस्थित थे। आज लोकार्पित एवं शिलान्यास की गई परियोजनाओं के कार्यान्वयन से बुनियादी ढांचे में सुधार होगा, जिससे कार्यान्वयन क्षेत्र का समग्र आर्थिक विकास होगा और लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। यातायात की निर्बाध और मुक्त आवाजाही होगी, जिससे माल ढुलाई की दक्षता में भी सुधार होगा। फगवाड़ा और होशियारपुर बाईपास सहित इस खण्ड के 4-लेन के निर्माण से फगवाड़ा और होशियारपुर के बीच 100 किमी प्रति घंटे की हाई-स्पीड कनेक्टिविटी मिलेगी और यात्रा का समय 1 घंटे से घटकर 30 मिनट हो जाएगा।

फगवाड़ा और होशियारपुर बाईपास से शहरी क्षेत्र में भीड़भाड़ को कम करेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग 44 (जीटी रोड) के माध्यम से होशियारपुर को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। लुधियाना में जीटी रोड और राष्ट्रीय राजमार्ग 5 को जोड़ने वाले 4-लेन लाडोवाल बाईपास के निर्माण से लुधियाना-फिरोजपुर राजमार्ग को दिल्ली-जालंधर राजमार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग 44) से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। तलवंडी भाई से फिरोजपुर खंड के 4-लेन और फिरोजपुर बाईपास के निर्माण से कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इन परियोजनाओं के निर्माण से देश के राजमार्गों पर सुरक्षा बढ़ेगी और आवाजाही तेज होगी। परियोजना क्षेत्रों में स्थित धार्मिक तीर्थ स्थलों और अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी में सीधी वृद्धि होगी। गडकरी ने आज आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से सड़क कनेक्टिविटी के संदर्भ में अन्य नई परियोजनाओं की भी घोषणा की। इसमें जालंधर से पठानकोट मार्ग पर 1600 करोड़ की लागत से मुकेरियां, दसुइया और भोगपुर में 45 किमी, 4-लेन के 3 बाईपास और टांडा से होशियारपुर तक 800 करोड़ की लागत से 30 किमी, 4-लेन मार्ग निर्माण की घोषणा शामिल है।

# जम्मू-कश्मीर विस चुनावों के लिए सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप दुर्भाग्यपूर्ण

एजेंसी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को भारत के चुनाव आयोग की आलोचना करते हुए कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए निर्देश जारी करने पड़े। श्रीनगर में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हम कहते हैं कि भारत लोकतंत्र की जननी है, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम जम्मू-कश्मीर में इसकी हत्या कर रहे हैं।

केंद्र पर निशाना साधते हुए उमर ने कहा कि यह यह दुखद है कि सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनावों पर निर्देश पारित करना पड़ा, जबकि चुनाव आयोग कार्यक्रम की घोषणा करने और क्षेत्र में चुनाव कराने के लिए स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि सरकार को यूएलबी, पंचायत और विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होने से पहले परिसीमन प्रक्रिया का मामला उठाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि इसे पांच-छह महीने से पहले सुलझा लिया जाना चाहिए था, जब यह स्पष्ट था कि यूएलबी, पंचायत और अन्य निकायों का कार्यकाल पांच या छह महीने के बाद समाप्त हो जाएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी नेतृत्व बैठकर जम्मू-कश्मीर से संसदीय चुनाव के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार खड़ा करने पर विचार-विमर्श करेगा।

# पीएम मोदी 12 को 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का करेंगे उद्घाटन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 जनवरी को महाराष्ट्र के नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करेंगे और देश के युवाओं को संबोधित करेंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, इस वर्ष, राष्ट्रीय युवा दिवस कई सरकारी विभागों के सहयोग से पूरे भारत के जिलों में युवा मामलों के विभाग के सभी क्षेत्रीय संगठनों द्वारा मनाया जाएगा।

एनएसएस इकाइयों, एनवाईकेएस और कई शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से पूरे देश में माई भारत के स्वयंसेवक भारत के लिए स्वयंसेवक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए अपनी ऊर्जा का समन्वय करेंगे। अभियान में 88,000 से अधिक स्वयंसेवक भाग लेंगे। इन आयोजनों के लिए स्वयंसेवकों को माई भारत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पंजीकृत किया जाता है। 12 जनवरी को देश के प्रमुख शहरों और 750 जिला मुख्यालयों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षित सड़क सुरक्षा स्वयंसेवकों को केंद्रीय व राज्य मंत्रियों, स्थानीय सांसदों या विधायकों द्वारा हरी झंडी दिखाई जाएगी, जो एक गहन अभियान के माध्यम से सुरक्षित कल के निर्माण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इन स्वयंसेवकों को ट्रैफिक चोक पॉइंट्स में यातायात को संभालने में सहायता करने और सड़क सुरक्षा जागरूकता गतिविधियों का संचालन करने के लिए तैनात किया जाएगा। स्वयंसेवक बच्चों के लिए कहानी सुनाने के सत्र के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों का भी दौरा करेंगे।

### मुख्यमंत्री को मंत्रिमंडल के सदस्य चुनने का अधिकार तक नहीं : पटवारी

**भिंड।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री को अपने मंत्रिमंडल के सदस्य चुनने तक का अधिकार नहीं है और सारे फैसले दिल्ली से ही होते हैं। श्री पटवारी कल देर रात भिंड प्रवास के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा में मुख्यमंत्री को अपने मंत्रिमंडल के सदस्य चुनने तक का अधिकार नहीं है। मंत्रिमंडल में किसे कौन सा विभाग मिलेगा, इसकी भी सूची दिल्ली से बनकर आती है। भाजपा लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ईवीएम पर शंका है। श्री पटवारी ने कहा कि कांग्रेस को विपक्ष में बैठने का मौका दिया गया है। अब पार्टी की जिम्मेदारी है कि भाजपा के वचनपत्र में जनता से जो-जो वादे किए गए, उन्हें पूरा कराया जाए। उन्होंने भाजपा पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को दरकिनार करने का भी आरोप लगाया।

# डीपफेक, फर्जी खबरें और गलत सूचनाएं पूरी दुनिया के लिए चुनौती : कोविन्द

**आईआईएमसी के 55वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए पूर्व राष्ट्रपति**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कोई भी जानबूझकर गलत सूचना फैलाने के लिए डिजिटल साधनों का उपयोग कर सकता है। यह डीपफेक, फर्जी समाचार और गलत सूचना पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) के 55वें दीक्षांत समारोह के दौरान यह बात कही। भारत मंडपम में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति ने पत्रकारिता और मीडिया के क्षेत्र में प्रवेश करने वाले छात्रों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि इन चुनौतियों के बीच नागरिकों को सटीक जानकारी उपलब्ध कराने के साथ साथ तेजी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग से निपटने के लिए पर्याप्त रूप से तैयार रहें।

पूर्व राष्ट्रपति ने स्नातक छात्रों से अधिक टीआरपी हासिल करने के लिए सनसनीखेज खबरों की प्रवृत्ति से दूर रहने और पत्रकारिता के मूल्यों को बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने की शक्ति युवाओं के हाथों में है। उन्हें इस शक्ति का उपयोग बुद्धिमानी से करना चाहिए। इस मौके पर आईआईएमसी दिल्ली, आईआईएमसी ढेंकनाल, आईआईएमसी आइजोल, आईआईएमसी अमरावती, आईआईएमसी कोट्टायम और आईआईएमसी जम्मू के 2021-22 और 2022-23 बैच के 700 से अधिक छात्रों ने दीक्षांत समारोह में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया।



छात्रों को हिंदी पत्रकारिता, अंग्रेजी पत्रकारिता, ओड़िया पत्रकारिता, मराठी पत्रकारिता, मलयालम पत्रकारिता, उर्दू पत्रकारिता, विज्ञापन और जनसंपर्क, रेडियो और टेलीविजन पत्रकारिता और डिजिटल मीडिया में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त हुए।

इसके अलावा दोनों बैच के 65 विद्यार्थियों को विभिन्न पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर आईआईएमसी के अध्यक्ष आर. जगन्नाथन, महानिदेशक डॉ. अनुपमा भटनागर और अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. निमिष रुस्तगी उपस्थित थे।

# खबरें एक नजर में

### एईएसएल के लिए 20 मिलियन से अधिक स्मार्ट मीटर्स को सशक्त करेगा एयरटेल बिजनेस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल की बी2बी इकाई, एयरटेल बिजनेस ने बुधवार को घोषणा की कि यह अदाणी एनर्जी सॉलूशंस लिमिटेड (एईएसएल) के लिए 20 मिलियन से अधिक स्मार्ट मीटर्स को सशक्त करेगी। एयरटेल अपने राष्ट्रव्यापी मजबूत संचार नेटवर्क के माध्यम से एईएसएल के लगाए गए स्मार्ट मीटर्स के लिए भरोसेमंद और सुरक्षित कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। एयरटेल बिजनेस (इंडिया) के सीईओ, गणेश लक्ष्मीनारायणन ने कहा कि, भारत का स्मार्ट मीटरिंग कार्यक्रम सरकार के सबसे महत्वपूर्ण नीतिगत सुधारात्मक कदमों में से एक है। ये मीटर स्मार्ट ग्रिड्स के लिए महत्वपूर्ण आधार और बिजली क्षेत्र के डिजिटलीकरण के लिए बुनियादी शक्ति हैं। अदाणी एनर्जी सॉलूशंस लिमिटेड के सीईओ, कंदर्प पटेल ने कहा कि, फ्भारत की महत्वाकांक्षा रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) यानी पुनर्निर्मित वितरण क्षेत्र योजना से बिजली प्रदान करने का तरीका बदल रहा है और एईएसएल को इस बुनियादी बदलाव में सबसे आगे होने पर गर्व है। यह समाधान एयरटेल के आईओटी प्लैटफॉर्म – 'एयरटेल आईओटी हब' से पावर्ड होंगे। यह प्लैटफॉर्म आधुनिक विश्लेषणों और नैदानिक क्षमताओं के द्वारा स्मार्ट मीटर की ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की क्षमता प्रदान करता है। एयरटेल को उम्मीद है कि इसकी एनबी-आईओटी टेक्नोलॉजी बेहतर कवरेज, उच्च विश्वसनीयता और सुरक्षा के साथ बड़े पैमाने पर स्मार्ट मीटरों को जोड़ने और सँभालने के लिए यूटिलिटी क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### अजमेर आएंगे साढ़े चार सौ पाकिस्तानी जायरीन

**अजमेर।** सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के 812वें उर्स में पाकिस्तानी जायरीन का जत्था आएगा। पाकिस्तान के धार्मिक मामलों और अंतर्धार्मिक सद्भाव मंत्रालय में करीब पांच सौ जायरीन ने वीजा के लिए आवेदन किया है। इनमें से करीब साढे चार सौ को अनुमति दी गई है। उधर रेलवे स्पेशल ट्रेन और प्रशासन जायरीन के ठहराव और सुरक्षा इंतजाम को लेकर अलर्ट हो गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार 1974 में भारत और पाकिस्तान द्वारा हस्ताक्षरित धार्मिक स्थलों की यात्राओं के प्रोटोकॉल के तहत दोनों देश तीर्थयात्रियों को यात्रा करने की अनुमति देते हैं। इसके तहत पाकिस्तान जायरीन का जत्था ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती के उर्स में शामिल होता है। पिछले साल ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती के 811वें उर्स में पाक जायरीन आए थे। पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने सुरक्षा और कड़ी निगरानी में रखा। पहली बार है जब पाक जायरीन को चिप लगे पहचान पत्र दिए। इससे ना केवल उनकी आवाजाही पर नजर रखी गई, बल्कि वह कब और कहां गए सहित उनकी तमाम गतिविधियों पर सुरक्षा एजेंसियां नजर बनाए हुए थीं। पुलिस प्रशासन की ओर से उर्स में आए 240 पाक जायरीन को सुरक्षा कारणों के चलते ऑनलाइन नेटवर्क में रखकर निगरानी रखी गई।

### समीर वानखेड़े की गिरफ्तारी पर बाम्बे हाई कोर्ट की रोक

**मुंबई।** कार्डिलिया क्रूज ड्रग मामले में बेटे की रिहाई के बदले फिल्म अभिनेता शाहरुख खान से रिश्वत मांगने के आरोप पर बुधवार को बाम्बे हाई कोर्ट ने नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के तत्कालीन अधिकारी समीर वानखेड़े की गिरफ्तारी पर 15 फरवरी तक के लिए रोक लगा दी है। इस मामले की अगली सुनवाई 15 फरवरी को होगी। दरअसल, तत्कालीन एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े ने 2 अक्टूबर, 2021 को कार्डिलिया क्रूज शिप पर छापा मारकर वहां से फिल्म अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को गिरफ्तार किया था। आर्यन खान 26 दिनों तक मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद थे। इसके बाद आर्यन को जमानत मिल गई। इसके बाद समीर वानखेड़े पर आर्यन खान की रिहाई के मामले में शाहरुख खान से रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया था। इस मामले की जांच सेंट्रल इंवेस्टिगेशन ब्यूरो (सीबीआई) की टीम कर रही है और समीर वानखेड़े के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। इसी मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए समीर वानखेड़े ने बाम्बे हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसी याचिका की सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि समीर वानखेड़े की गिरफ्तारी जरूरी है।

### मोदी ने संसद को बना दिया तालियों का मंच : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद को अभिनंदन और तालियों का मंच बना दिया है और यह स्वीकार्य नहीं है इसलिए जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए कांग्रेस पार्टी को जनता के बीच जाना होगा। श्री खड़गे ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा और आगामी लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में आज यहां आयोजित पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक में यह बात कही। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में आम आदमी के मुद्दों पर ध्यान नहीं देने और निर्वाचित विपक्षी सदस्यों को अपनी आवाज उठाने से चुप कराने के लिए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने संसद को अभिनंदन और तालियों का मंच बना दिया है और यह स्वीकार्य नहीं है। इसलिए जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए हमें जनता के बीच जाना होगा।

### मध्य प्रदेश में सोलर लाइट से रोशन होंगे मंत्रियों के बंगले

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के राजधानी भोपाल में स्थित सरकारी भवनों में सोलर प्लांट लाए जाएंगे, जिससे आने वाले समय में ये आवास सोलर लाइट से रोशन होंगे। इसके अलावा सरकारी भवनों पर भी सोलर प्लांट स्थापित होंगे। राज्य के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विभागीय अधिकारियों की बैठक में कहा सभी शासकीय भवनों में सोलर प्लांट लगवाएं, साथ ही मेरे बंगले सहित सभी मंत्रियों के सरकारी आवासों में सोलर प्लांट लगवाएं। ऊर्जा मंत्री तोमर ने बिजली ट्रिपिंग की समस्या पर कहा कि इस समस्या के कारण ढूढ़े और उनका त्वरित निराकरण करें। ट्रिपिंग का कारण स्पष्ट होना चाहिए। ट्रिपिंग के बारे में जरूरी हो तो शिविर लगाकर उपभोक्ताओं को जानकारी दें। तोमर ने कहा कि अधीक्षण यंत्री अपने-अपने क्षेत्र में विधायकों से मिलकर उनके क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दें। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सहायक यंत्री प्रतिदिन कम से कम 10 बिजली उपभोक्ताओं से बात जरूर करें।

### फिल्म अन्नपूर्णी की स्टार कास्ट पर एफआईआर दर्ज

**जबलपुर।** नेटफ्लिक्स पर हाल ही में रिलीज हुई साउथ की प्रसिद्ध अभिनेत्री नयनतारा अभिनीत फिल्म अन्नपूर्णी की स्टार कास्ट के खिलाफ जबलपुर में एफआईआर दर्ज की गई है। अभिनेत्री नयनतारा के साथ फिल्म के निर्देशक निर्माता एवं अन्य कलाकारों के खिलाफ लव जिहाद और भगवान राम के अपमान करने के मामले में यह कार्रवाई की गई है। 'अन्नपूर्णी' एक तमिल फिल्म है, जिसमें नयनतारा के साथ ही अभिनेता जय और सत्यराज भी अहम भूमिकाओं में हैं। हिन्दू सेवा परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मंगलवार को ओमती थाने पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने फिल्म में धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जसवानी समेत अन्य ने ओमती थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार को एक ज्ञापन सौंपा।

# कोहली के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं रोहित शर्मा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज गुरुवार (11 जनवरी) से शुरू होने वाली है। इस सीरीज के लिए भारतीय टीम नियमित कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की वापसी हुई है। दोनों खिलाड़ी पिछली बार नवंबर 2022 में टीम इंडिया के लिए इस फॉर्मेट में खेले थे। अफगानिस्तान के खिलाफ रोहित शर्मा के पास कई रिकॉर्ड बनाने का मौका होगा। टी20 क्रिकेट में बतौर कप्तान भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं।

रोहित ने टी20 में भारत के लिए 51 मैचों में कप्तानी की है। इस दौरान उन्होंने 32.48 की औसत से 1527 रन बनाए हैं। रोहित ने दो शतक और 10 अर्धशतक लगाए हैं। वह भारत के लिए बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। इस मामले में शीर्ष पर विराट कोहली हैं। कोहली ने बतौर कप्तान भारत के लिए 50 मैचों में 1570 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 47.57 का रहा है।

**रोहित पूरे कर सकते हैं चार हजार रन**

कप्तान रोहित शर्मा के पास सीरीज के दौरान अंतरराष्ट्रीय टी-20 में चार हजार रन पूरे करने का मौका होगा। उन्होंने 148 मैचों में 139.24 की स्ट्राइक रेट से 3853 रन बनाए हैं। इस दौरान हिटमैन का औसत 31.32 का रहा। वह अगर अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में 147 रन बना लेते हैं तो उनके अंतरराष्ट्रीय टी-20 में चार हजार रन पूरे हो जाएंगे। उनसे पहले दो खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि हासिल की है। सूजी बेट्स के नाम 152 मैचों में 4118 रन हैं। वहीं, विराट ने 115 टी-20 मैचों में 4008 रन बनाए हैं।

**धोनी की बराबरी कर सकते हैं रोहित**

रोहित शर्मा ने 51 मैचों में भारत की कप्तानी की है। इस दौरान उन्होंने 39 मैचों में टीम को जीत दिलाई है। धोनी का बात करें उन्होंने 72 मैचों टीम की कमान संभाली थी। इस दौरान भारत को 42 मुकाबलों में जीत मिली थी। अगर भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में 3-0 से जीत हासिल कर लेती है तो रोहित शर्मा संयुक्त रूप में भारत के सबसे सफल कप्तान बन जाएंगे। वह धोनी की बराबरी कर लेंगे।




### बेंगलुरु के मंदिरों में हिंदू भक्तों के लिए ड्रेस कोड लागू

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में मंदिर प्रबंधन बुधवार से एक ड्रेस कोड लागू कर रहा है। अब भक्तों को केवल भारतीय पारंपरिक ड्रेस में ही मंदिरों में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। कर्नाटक देवस्थान महासंघ और हिंदू जनजागृति समिति इस संबंध में मंदिरों के सामने बोर्ड लगाएगी और बुधवार से इस संबंध में सख्त नियम लागू करने को कहा है। ड्रेस कोड के अनुसार, पुरुषों को शॉर्ट्स, बरमूडा, फ्टी जींस, सीना दिखाने वाली टी-शर्ट पहनने की अनुमति नहीं है। वहीं, महिलाओं को शॉर्ट्स, मिडी, फ्टी जींस में मंदिरों के अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी। बोर्ड ने श्रद्धालुओं से यह भी अपील की है कि वे अशोभनीय, अश्लील पोशाक पहनकर मंदिरों में प्रवेश न करें। कर्नाटक मंदिर-मठ और धार्मिक संस्थान संघ ने पिछले महीने सभी मंदिरों के पुजारियों और ट्रस्टियों की बैठक बुलाई थी।

# टी-20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में कोहली व रोहित की वापसी से हैरानी : दीप

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विराट कोहली और रोहित शर्मा की अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में वापसी से सोशल मीडिया पर काफी चर्चा शुरू हो गई है। कुछ महीने पहले तक इस प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर उठ रहे सवालों पर पूर्ण विराम लग गया है, और माना जा रहा है कि दोनों टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम की योजनाओं में शामिल हैं। इससे अन्य खिलाड़ियों की टीम में जगह पर सवाल खड़े हो गए हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने स्वीकार किया कि वह कोहली और रोहित को टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में वापसी से हैरान हैं।

दीप दासगुप्ता ने टीम इंडिया की टी20 योजनाओं का स्पष्ट आंकलन करते हुए कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि टीम किस दिशा में जा रही है। उन्होंने कहा, मैं थोड़ा हैरान था क्योंकि मुझे लगा कि टीम रोहित और कोहली से आगे बढ़ गई है। मुख्य आलोचना पिछले टी20 विश्व कप में सीनियर खिलाड़ियों की इंटेंट की कमी को लेकर हुई थी।

हालांकि, फिर आपको यह ध्यान में रखना होगा कि आप वेस्टइंडीज में किस तरह की पिचों की उम्मीद कर रहे हैं - क्या आप 180 या 200 रन के विकेट की उम्मीद कर रहे हैं? ईमानदारी से कहूं तो मुझे पिछले एक साल में भारतीय टीम किस दिशा में जा रही है, इस बारे में पता नहीं चल रहा। अगर टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ताओं को कोहली और रोहित के पास वापस जाना पड़ा। पिछले एक साल में हमारे पास जो टीम थी, उसे देखते हुए यह एक बार फिर से हम पुराने दौर में वापस लौटते हुए दिख रहे हैं।

# घर में रखा है तुलसी का पौधा तो जानें यह नियम

हिन्दू धर्म में तुलसी का पौधा खास स्थान रखता है। इस पावन पौधे को घर में लगाने से सुख-समृद्धि का वास होता है। साथ ही इसे सनातन धर्म में मां लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है। हिंदू धर्म से जुड़े लोगों के घर-आंगन में आपको तुलसी का पौधा जरूर मिलेगा। तुलसी के आगे घी की दीपक भी जलाया जाता है लेकिन कई बार जाने अनजाने में तुलसी पूजा के दौरान हम कुछ गलतियां कर बैठते हैं जो कि अशुभ मानी जाती है । अगर आपके घर में भी तुलसी का पौधा है तो आपको कुछ नियमों का पालन करना होगा। ऐसा ज्योतिष और वास्तु दोनों ही शास्त्र में बताया गया है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, तुलसी का सीधा संबंध ग्रहों से भी है, घर में तुलसी का पौधा लगाने से पहले एक बार किसी अच्छे ज्योतिष से परामर्श जरुर लें । क्योंकि जिन लोगों का बुध ग्रह धन से संबंध रखता है, अगर वो लोग तुलसी के पौधे को छत पर रखते है तो उन्हें आर्थिक समस्याओं से जूझना पड़ सकता है।



गुरुवार का दिन भगवान विष्णु का माना जाता है। वास्तु के अनुसार, अगर गुरुवार को तुलसी के पौधे पर एक छोटा सा कलावा बांध दिया जाए तो भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है।

शुक्रवार के दिन तुलसी के पौधे में कच्चा दूध चढ़ाने से मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है और कुंडली में शुक्र ग्रह मजबूत होता है। रविवार और एकादशी के दिनों को छोड़कर अन्य दिनों में तुलसी के पौधे में जल चढ़ाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं।

**घर में तुलसी के पौधे को लगाने के नियम**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में लगा तुलसी का पौधा हमेशा हरा-भरा रहना चाहिए क्योंकि ये धन-वैभव का प्रतीक माना गया है। अगर ये सूख जाए तो अशुभ माना जाता है। इसलिए इसकी देखभाल करना बहुत जरुरी है,ताकि घर में शुभता बनी रहे। तुलसी का सही दिशा में होना बहुत जरूरी है। तुलसी के पौधे को घर के ईशान कोण (उत्तर-पूर्व दिशा) में लगाना चाहिए। अगर आपके भी घर में लगा तुलसी का पौधा सूख चुका है तो ऐसे में उसे वहां से हटा दें और किसी साफ नदी में प्रवाह दें। सूख चुकी तुलसी को घर में अधिक समय तक न रखें।

# सेहत ही नहीं स्वाद में भी लाजवाब होती हैं मेथी की डिशेज

मेथी के सेवन से कोलेस्ट्रॉल लेवल को भी कम हो सकता है। वहीं यह दिल की सेहत के लिए भी काफी लाभकारी होता है। आज हम आपको मेथी की कुछ डिशेज के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

मेथी कई औषधीय गुणों से भरपूर होती है। यह एक ऐसा फूड आइटम है, जिसकी आप कई टेस्टी डिशेज बना सकते हैं। मेथी का इस्तेमाल कई हरी सब्जियों में भी किया जाता है। यह खाने में स्वादिष्ट होने के साथ ही स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होती है। इसको अपनी डाइट में शामिल करने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल होता है।

वहीं डायबिटीज के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। इसके साथ ही मेथी के सेवन से कोलेस्ट्रॉल लेवल को भी कम हो सकता है। वहीं यह दिल की सेहत के लिए भी काफी लाभकारी होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मेथी की कुछ डिशेज के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।





### मेथी आलू की सब्जी

सर्दियों में मेथी-आलू की सब्जी बेहद चाव से खाई जाती है। साथ ही इसको बनाना भी काफी आसान होता है। आमतौर पर आलू-मेथी की सूखी सब्जी बनाई जाती है। जिसको अधिकतर रोटी के साथ खाया जाता है। यह सब्जी 30-40 मिनट के अंदर बनकर तैयार हो जाती है।

### मेथी के पराठे

सर्दियों में कई लोगों को पराठे खाना बेहद पसंद होता है। वहीं इन दिनों मेथी के पराठे बनाकर खा सकते हैं। यह पराठे ज्यादा हैवी नहीं होती है। आप सुबह के नाश्ते में मेथी के पराठे बनाकर खा सकते हैं। बता दें कि आटे में मेथी के पत्तों को भरकर ये पराठे बनाए जाते हैं। जिनको आप दही या अचार के साथ खा सकते हैं।

### मेथी के लड्डू

सर्दियों में कई तरह के स्वादिष्ट लड्डू बनाकर खाए जाते हैं। यह लड्डू सेहत के लिहाज से काफी फायदेमंद होते हैं। मेथी के लड्डू में मेथी के बीज, आटे, सोंठ, सौंफ और घी को मिलाकर बनाए जाते हैं। यह खाने में स्वादिष्ट होने के साथ ही शरीर को भी गर्म रखते हैं।

### मेथी के पुलाव

वैसे तो पुलाव खाना हर किसी को पसंद होता है। क्योंकि यह खाने में काफी स्वादिष्ट होते हैं। इस पुलाव में चावन में मसाले और मेथी के पत्ते डालकर बनाया जाता है। मेथी पुलाव को आप सब्जी, दाल और रायते के साथ खा सकते हैं।

### मेथी मटर पनीर

पालक पनीर की तरह ही आप मेथी मटर पनीर की सब्जी ट्राई कर सकती हैं। यह खाने में बेहद स्वादिष्ट होती है। इस सब्जी को बनाने के लिए मेथी के पत्तों को उबालकर पीसा जाता है। फिर इसकी सब्जी बनाकर खा सकते हैं। यह सब्जी स्वादिष्ट होने के साथ सेहत के लिए भी काफी अच्छी होती है।